दार॥ ३५॥ सब्द चित्र द्वत ए सबै अधम का

वित पहिचानि॥ जेतहैं ध्वनि हीननैं अर्थ

चित्र सोमानि॥ ३६॥ सघना भिन गुन्या स

मुभ शब्द अर्थ भिन जानि॥ अलंकार द्व

हि विधि गये विद्या नाथ बखानि॥ ३७॥

इतिश्री मत चिंतामनि विरचिते का

वि कुल कल्प तरौ शब्द अलंकारनि

रूपनं नाम द्वितीयं प्रकरणं २॥

शिव गिरि पर गज मुख मुदित गरजत गि

रिजा पौर॥एक विनायक कारन हैं एकवि
नायक और॥ १ ॥जामैं मंजुल भांतसौं स
मता वरनी होइ॥वर्ण मान कछु वस्तु उ
पमा कहिये सोइ॥ २ ॥सो पुनि श्रौती आ
रथी द्वै विधि चित्तमें ल्याय॥पूरन लुप्ता भे
दतें दोऊ दुविध गनाय॥ ३॥ज्यौं आदिक
पदको दिये श्रौती उपमा जानि॥सदृस तुल्य
पदको दिये होति आरथी आनि॥ ४॥उप
मा जो उप मेय पद उपमा वाचक होइ॥अ
रु साधारन धर्म यह पूरन उपमा सोइ॥ ५
अथ श्रौती पूर्णा उपमा को उदाहरन॥नाह वनाई
विरहतें आइ अचानक गेह॥दृग वीज्जुवी
वेलि ज्यौं उमडि दरस जल मेह॥ ६ ॥ श्रीयु
दु नंदन द्वारिका नाथ विभूति महा कविके
वसैं गा॥श्रीपति आपही भूपति है अरु दे
खि महा छवि शोभा लहैं यौं॥लालन के भा
मिनिको मंदिर सुंदरी वंदन सौं झलकैं यौं॥
लाल ललाकन सौं जवरे विलसैं मुनियांन
भरे विज्जुवाल ज्यौं॥ ७॥अथ पूर्णोपमा को उ
दाहरन॥दोहा॥वल कल चीर जटा धरें गं
गा जल के तीर॥राम लखन दोऊ जने मधे रि

भिनको मूल ॥८॥ जहाँ एक है तीनिको लोप
चारिमें होइ ॥ चिंतामनि कवि कहत है लुप्ता
कहिये सोइ ॥ उपमान लुप्ता ॥ चिंतामनि मनु
जगत में ढूँढ फिरौ चहुओर ॥ तोसम मोह
न मोहनी कौनि मतनि सिरमौर ॥१०॥ उप
मेय लुप्ता ॥ सुललित खंजन से चपल बस
त रहत बेचैन ॥ तिन पर निवछा वारि करै त
न मन सब कछु देन ॥११॥ धर्मलुप्ता ॥ बदन
चंदसो तरुनिको और सुधासे बैन ॥ चांद्रि
क सी हाँसी लसै हंसी करसै नैन ॥१२॥ वाच
क लुप्ता ॥ सजल जलद अभि राम तनु त
डित ललित पट पीत ॥ नंद नंदन ससि चं
द मुख चोरत चित नव नीत ॥१३॥ जितय
कहिय उपमेय जहँ सोउपमान अनेक ॥ सोमा
लोपम जानिये भिन्न धर्म कै एक ॥१४॥ अ
भिन्न धर्ममालोपको उदाहरन ॥ कवित्त ॥ सरद
मैं जलकी ज्यौं दिनतैं कमल की ज्यौं धनतैं
ज्यौं थलकी निपट सरसाई है ॥ घनतैं सांव
न की ज्यौं दीपतैं रतन की ज्यौं गुनतैं सुजान
की ज्यौं परम सुहाई है ॥ चिंतामनि कहै आ
छे अच्छरनि छंदकी ज्यौं निसा नाम चंद

की ज्यौं दृग सुख दाई है॥ नगनैं ज्यौं कंचन बसैं तैं ज्यौं बनकी यौं जोबननैं तनकी नि- काई अधिकाई है॥१५॥ भिन्न धर्म मालोप माको उदाहरन॥क॰ मालती ज्यौं मोदकौं बढा वति सहज बास सुधा ज्यौं जिवाइवेकी जतन धरति है॥ चिंतामनि च्यारौ वोर वारति उ ज्यारी प्यारी चंद्रिका ज्यौं मेरो चित चाइन भरति है॥ कररागी ज्यौं मंदचाल चलति मयं- क मुखी मंद राज्यौं मोहि सदा मोहितक रति है॥ प्रानज्यौं सुंदरि नेकु हियेतैं टरति नाहिं नादज्यौं नवेली नैन कोर विहरति है ९६॥ दोहा॥ इत साधारन धर्म बुधजन दै भांति गनाइ॥ वस्तु और प्रति वस्तुसों ग्राम बिंबोज बनाइ॥१७॥ एक अर्थ है शब्दसों ज हं कहिये द्वै बार॥ कहीवस्तु प्रति वस्तु यह भावस्तु बुद्धि विचार॥१८॥ एक शब्दसों अर्थ जुग जहां बखान्यौ होइ॥ तहां बिंब प्रतिबिंब यह भाव कहै कवि कोइ १९ वस्तु प्रवस्तु भाव.दो- निज तनुतैं पिय तनु परसि ज्यौं सुख अधि क उदोत॥ आपुनतैं पिय पर सखी अधिक प्रेमत्यौं होत॥२०॥ बिंब प्रति बिंब॥ ताह कवा

द्विपद बिन गनो प्रतिय माना ठौर॥२०॥जाति
क्रिया गुन द्रव्य की जो है अध्यवसाइ॥ताको
विषय सुनो इहै चौविधि द्विविध गनाइ॥※॥
२१॥चौविध चिंतामनि कहै अध्यवसाइ बना
इ॥जामे द्विविध सुजोगए विद्यानाथ गनाइ
२३॥ताके भाव अभाव को वाच्या गम्यो जानि
हेतु वाच्यता गम्यता वाच्या द्विविध बखानि॥
२४॥तेजात्यादि सरूपके हेतु हिके फलरूप॥
अध्यवसाइ विषय सु यों भेद बहुत जे आरू
प॥२५॥वाच्या उतप्रेक्षा विषय हेतुको फा-
ल जित होइ॥वाच्यौं होइ निमित्त जित ग-
म्य तहां नहिं सोइ॥२६॥जाते वाच्य स्वरूप
की उत्प्रेक्षाही मांह॥वाच्य गम्यता अर्थको ब
रनी विद्या नांह॥२७॥उपात्त गुनि निमित्त जा
ति भाव स्वरूप उत्प्रेक्षा॥दोहा॥विसद रूप हि
य रामकुल विलसत वाम उतमंग॥जनु ज
मुना जल पूर पर झलकत गंगतरंग॥२८॥
उपात्त क्रिया निमित्त जाति भाव स्वरूप उ
त्प्रेक्षा॥दोहा॥जमुन पुलिन पर हीर मनि
जड़ित किंकिनी कांति॥फैलति बोलति मधुर
जनु बाल मराल की पांति॥२९॥अनुपात्त

दो॥ ४५॥ जाति हेतूत्प्रेक्षा॥ श्री गिरिजा के ध्या
न तें लौन होत मन सूरि॥ पटनाव विधि अ-
वलौकि जनु होतु अंध्यारी दूरि॥ ४६॥ जाति
भाव हेतूत्प्रेक्षा॥ नही सहा नहिं काल्य मग
बहु कारि हिये विचार॥ जनु सजान प्रतिपा
लो कान्ह लियो अब भार॥ ४७॥ जाति
फलोत्प्रेक्षा॥ दोहा॥ कालिंदी जल गोपिका
न्हात सुख छबि अधि काल॥ कान्ह भौंन सु
न रूप लखि जनु फूलै जलजात॥ ४८॥
जाति भाव फलोत्प्रेक्षा॥ दोहा॥ चंदमुखी यों
चंद्रिका सें कीन्हो अभिसार॥ जनु छीर धि-
रूपि देवता कीन्हो अधि संचार॥ ४९॥ क्रि-
या स्वरूपोत्प्रेक्षा॥ दोहा॥ कुटिल चूरनी आ-
पने ललें मन अटकाइ॥ जनु बंदावन आ-
रामन हटको हरि को आइ॥ ५०॥ क्रियाहे-
तूत्प्रेक्षा॥ दो०॥ सुंदरि भौंहें धनुष धर लोमन र
काम अभंग॥ लोचन बान हनें मनौं व्याकुल है
लिये अंग॥ ५१॥ क्रिया भाव हेतूत्प्रेक्षा॥ दो०॥ बा
हिनीं मृगलोचनी ललित भई पियराइ॥ निज
छवि अनदेखे मनौं बदन कमल कुम्हिलाइ ५२
क्रिया फलोत्प्रेक्षा॥ दो०॥ कटी पीन जनु बदन

कलाया नंदमैं यह काम कियौं दियाहि॥६८॥उ-
क्ता स्पदा स्वरूपोत्प्रेक्षा॥दोहा॥मुख विधु लखि
कुचकोक जुग यह विरहाग प्रकास॥दोत्र्य-
लि जनु लई उन दुखन सधूम उसास॥६९॥
अनुक्ता स्पदा हेतूत्प्रेक्षा॥दोहा॥धरत न अंज-
नगभ मनौ तमलीपत जनु अंग॥स्याम स्या-
म स्वरूप धरित कैंधौं स्याम कौ संग॥७०॥सि-
द्धास्पदा हेतूत्प्रेक्षा॥दोहा॥सुंदरि भूमि धरैम-
नो लाल निहारे पाइ॥मुख समता छुइ मनौ
विधु लखि कमल रिसाइ॥७१॥सिद्धास्पदा फ
लोत्प्रेक्षा॥दोहा॥कुच जीवन कौ हेम गिरि
शृंगनि सौं संनद्ध॥भार गहन कौ कनक जनु
दामन बद्ध निबद्ध॥७२॥असिद्धास्पदा फलो-
त्प्रेक्षा॥दोहा॥सूरज सनमुख जल बसत सह-
त सदा दुख कंज॥सुंदरि पग साम्यकौ
करत मनहुं तप कंज॥७३॥प्रतीप मौलो त्रे-
हाको उदाहरन॥कवित्त॥ अलि मनो हर दंप-
तिके अलिंगन पर वारियत त्रिभुवन सुख-
मा सुदेखहे॥चिंतामनि कहे कवि कैसे कहि
सके कोऊ अद्भुत अनुरूप रचना अलेखहे॥
स्वरन लताहे तमाल सुर नक संग धन स्या-

म संग थिर दामिनि विसेषहै॥राधाजूकोदेषि
देव वनिता वखान लीहैं हरि उर निरख पला
न हेम रेखहै॥७४॥स्मरनालंकारकोल॰
दोहा॥सदृश वस्तु अनवे सदृश वर थानको
ज्ञान॥स्मरन बोलत विबुध जन समझौ सु
कवि सुजान॥७५॥स्मरनालंकारको उदा
हरन॥दोहा॥दृगन सुधा वरखत सरद राका
चंद निहारि॥सुधि आवत वा वदनकी जाप
र हौं वलि हारि॥७६॥जहँ विषई अरु विष
यको वरन्यौं होइ अभेद॥अलंकार रूपक
तहां समझौ सुजन अखेद॥७७॥जो अति
सोहित विषयको उपकारक जो होइ॥विष
ईसो रूपक कहत यों वरनत कवि कोइ॥७८
पुनि दूनसो वयव अरु निर्वय वस्तु प्रकार
है विधिसा वयव पुनि त्रिविधि वरनत वि-
मल विचार॥७९॥सरववस्तु विषयका प्रथ-
म वरनत सुकवि विचारि॥एक देस विवर
न अपर परं परित निरधारि॥८०॥निरवय
को पुनि द्विविध गन केवल माला रूप॥इन
के देस उदा हरन सुनिये सुजन अनूप॥८१
सर्व वस्तु विषयको उदा हरन॥कवित्त॥को

ललित अलक मुख चंद पर तनकी यहीं अगोट॥ दिहसौंहैं चंचल नयन मीने अंचल वोट॥ ८९॥ निरवय माला रूपक को उदा हरन॥ दोहा॥ दर पसिरी कंदर पकी धनकी सहज मसाल॥ भागनि की अधि देवता कौन धन्यही बाल॥ ९२॥ परनामलंकार॥ दोहा॥ लखि विषई विशयात्मके कारन प्रकृति उपजोग रूपवाते परनाम जो मिन्न कहत कवि लोग॥ ९३॥ ब्रज वासिनतैं जगत पर और सभा तिन जानि॥ कलपद्रुम तिनको भयो आपु आत्मा आनि॥ ९४॥ जहां विषै बिषई सुभगवा वि संमत मन नाहि॥ सो संदेहास्पद होत है कवि २ संदेह तहांहि॥ ९५॥ प्रथम कहत निश्चय गरभ निस्च यांत पुनि जांन॥ अलंकार संदेह यह सजन द्विविध मन आंन॥ ९६॥ दर्पन धोखो ललित चित ससि धौं बिनै कलंक॥ अंबुज धौंन बिलास यौं तिय मुख लखि मन संक॥ ९७॥ निश्च यांत को उदा हरन॥ सवैया॥ खंजन हैं धौं उडात न अंबर मांजहै धौं थिरता नहिं चीं है॥ भृंग है स्यामल स्वेतन वदुधौं मीन है नैनन मोदजु दीन्हैं॥ कामके बान धौं पांच २

सुनेहमय आव चाथल ह्वै चिन कीन्है॥ नैनन
चैन करे निरखें अलि नैननि नैन रसालि नु-
लीन्हैं ॥९८॥ दोहा॥ जहाँ होनुहै पहलि मैं अ
प्रकृतिहि कौं ज्ञान॥ भ्रांति मान यासौं कहत
पंडित सुकवि सुजान॥९९॥ फटिक महल
चढि बिधु मुखी देखन श्री नंद नंद॥ काहौ
सखीसौं हरि चलौ ऊपर आयो चंद॥१००॥
अपन्हुत॥ विषई को आरोप के करि जो वि
षय निषेध॥ ताहि अपन्हुत कहत हैं धर्म-
हि समुझि सुमेध॥१०१॥ कवित्त॥ वारन मत
बिदारो महा तम देखि महा तमकी अधिका
ई॥ अंकमैं मारि गह्यौ कर सायल जानत लो
क कलंक कराई॥ मानतकै से बचे मृग लो-
चनी कान्ह समीप बसैनो भलाई॥ आवत ऊ
पर मेरहि मंद सौं इंद नहीं पमुनीद है माई॥१०२
उल्लेख को लक्षन॥ दोहा॥ कहुं गाहक के
भेद कछु विषय भेदसौ होइ॥ एकहि को उ-
ल्लेख बहु कहि उल्लेख जुतोइ॥१०३॥ नाम
भेद उल्लेख को लक्षन॥ दोहा॥ दीन दया र
जनकौ जलधि सकल कामिनी काम॥ कहत
भक्त जान कलप तरु रामहि रिपुजम नाम॥१०४

विषय भेद उल्लेख को उदाहरन॥दोहा॥कारु
न स्याम को कल्प तरु पूरन अखिलव साथ
दीन दया निधि सब जगत मुखमा सिंधु अ
गाध॥१०५॥श्लिष्ट श्लेष को उदाहरन॥सो॰
जीवन दायक देखिकै ब्रज वासी घन स्याम
कीन्हहि भक्त मुकुंदानीकिहर कामिनी का-
म॥१०६॥पर नाम।उल्लेख ए दोऊ रूपका
माँहि॥भिन्न अंस हात रूप तो मंमट बरनैं
नाँहि॥१०७॥अति शयोक्ति को लक्षण॥दोहा
प्रौढउक्ति जो कविन की अतिशयोक्ति है सो
इ॥भिन्न अर्थ हात भेदतें भिन्न ताही जोसो
इ॥१०८॥जहाँ न्यान उप मेयको उपमा नहि
में होइ॥ प्रस्तुति को जो अन्यथा कहैं इतैं का
वि जोइ॥१०९॥जो यह यों तो होइ जो यावि-
धि के अभि धान॥कारज पहिले ही कहे पी
छे कहे निदान॥११०॥अतिशयोक्ति ए चारि वि
धि मंमट कथन उदार बरनत चिंता मनि १
सुकवि निज मतिके अनुसार॥१११॥अ-
तिशयोक्ति यथा क्रम उदाहरन॥सवैया॥पूर-
न मंडल वेलिके मूल लग्यो अक लंक मयं
कत वैयोहे॥नील सरोज भरे मधु बिंदनलै-

सरनारको ढंर सबैयौहै।।डोलतुहै तिल मूल के पौनकु धूकी लखे छवि कोन छवीयोहै।।मो हके द्वारमैकाहू महा सुकृती जनको जनु पुन्य पक्योहै ।।११२।। * ।।डोलनि बोलनि आन काहू लटकी काहु आन सुभा यहि जोऊ।। आन काहू परिहास बिला सहै आन हसी मृदु सुधि हि सोऊ।।आनकाहू दृग कंज चितै निहै आन काहू द्युति दांतनि सोऊ।।ऐसीकें वोपर है तनमैं मान लागै जहाँ कारना कर दोऊ।।११३।।सखितो समहोन को सारदा सौं कमला मिलिकै ए स्वरूप धरै।।पुनि ताही स्वरूप मैं चंद मुखी सब चंदिका आपनी चंद भरै भति तापर जोतप कोरि करै पुनि तातप पै जो बिरंचि दरै।।तिहुंलोक की सुंदरता हरिकै तबतासी जो वाहि करैतो अरै।।११४।।दोहा लोक कामिनिन के मननि लखि छवि घन घन स्याम प्रेम उमग पहिले भइ पीछे भयो काम।।११५।।चलेप बिप्र धन बल उकुत जो काहु औरकी होइ।।याहि सभा सो कांति काहत पंडित संमट कोइ।।११६।।अति पवित्र जलवास तन कुमुदिननित अधिकाइ।।फूली

है पति रेवती दुज पतिको पति पाइ॥२१७॥प्र
स्तुति बरनि विशेष तन वाही जाथल होइ॥अ
प्रस्तुति गमिता सभा सोना काहे ए कोइ॥२१८
जोन अलिंग देत थन कुम दिन को आनंद
निसा बदन चुंबन करत उदित भयो जब चं
द॥२१९॥श्लिष्ट विशेषन होत कहुं कहुं साध
रन जानि॥उपमागर्भित होत कहुं सज्जन
गमभन आनि॥२२०॥कहा मुदित अतिही
भई पतिको आगम जानि॥प्रगटै चारु मयं
क रुचि निसा बदन मुस क्यानि॥२२१॥जा
को रूप स्वभाव अरु क्रियाजु जैसी होइ॥ ※
ताको तैसोई कथन सुखमा दोति काहि कोइ॥
२२२॥कवित्त॥ जसु मति मैया होऊं भैया बडे
हैं सदा चिंतामनि बैरिनके उरनमें सालिहैं
सब बरषन गोपकुल हरषन लाख लाख बसवन
ब्रजभूमि प्रति पालिहैं॥ललित ललाट पर लटकी
हैं लटैं मानो चंदन कमल पर मधुकर आलिहैं
देख लाल पलकाकी पाटी को पकरि खरे खेल
त हंसत किलकात हांस हांसिहैं।२२३॥दूसरो उदाह
रन॥कुलही ललित बिलसति बार।दो॰।प्रगटित वस्तु
छ॥दूयै जोवनाइ कछु काज॥ब्याजो कति तासों

कहत पंडित सुकवि समाज॥१२४॥ कीन्हें ल-
खि पुलकित कहति कालिंदी तट नारि॥ ज-
लतरंग सीतल कहा सजनी बहति बयारि॥१२५
संग अर्थ को शब्द बल है वाचक पद एक॥ त-
हां लखोकति होतिहै यों कवि करत विवेक॥
१२६॥ समुझि हिये पति आगमन उमग्यो अ-
ति आनंद॥ लख्यो निशा मुखचंद ललि सानन
ति मुखचंद॥१२७ जहां कछू बिन होत कछु र-
म्य अरम्य जु बाल॥ बुध जन मन सो बिन उ-
कति अलंकार कहि जात॥१२८॥ अन्य बि-
धान बिन होतिहै विद्या विमल अनूप॥ बिन
दोषन को कवित यह नाहि गनत कवि भूप
१२९॥ निंदत नृपति विवेक बिन चरचा को
है साथ॥ दान बिना सब मानको बिना दान
को हाथ॥१३०॥ प्रस्तुति में जह और सों गुन-
के साम्य निहारि॥ एक रूप लखि नि ये सो
सामान्य विचारि॥१३१॥ चंदन लेपन मुकुत
हार धर्यो सुभ तन चीर॥ लसति चंद्रिका मि-
लि गई मनो संतव को खीर॥१३२॥ निज गुन
तजि जा आस गुन गहै औरनिको सोइ॥ त-
ल कारन हुन सजो कवि जन संमत होइ॥०

१३३॥ तिय मंदिर को दूरिहा पतिको भाग्य उदो-
त॥ तनकी दीपति सौध गृह सब सुवरनकी
होत॥१३४॥ और वस्तु गुनको ग्रहन जहं न का-
रै कछु वात॥ ताहि अन्त गुन कहतहैं जो का-
वि मति अधिकात॥१३५॥ गंगा जल उज्ज-
ल जमुन जलु छवि अं त समेत॥ दुहूं म-
ध्य मज्जन कारनु हंस सेत को सेत॥१३६
सो विरोध अवि रुद्धमे जहं विरोध अभि-
धान॥ सुनो जाति गुन क्रिया अरु द्रव्य मा-
हं सज्ञान॥१३७॥ जाति जाति दिकन सों
गुन गुनादि सों जानि॥ क्रिया क्रिया अरु
द्रव्य सौं द्रव्य द्रव्य सों मानि॥१३८॥ यों विरो-
ध दश भांतिसों मंमट गये बखानि॥ तिनको
हेत उदा हरन सुकवि लेहु मन मानि॥१३९
जाति जाति विरोध॥ दोहा॥ अभिनव नलि-
नी दल कमल सैवल मृदुल मृनाल॥ अन-
ल भये या वालको बिरह निहारे लाल॥१४०
परवत मै मारवन भये माखन मृदु प षान
ल लित पल्लवित वे सिद्रुम सब फल फू-
ल निदान॥१४१॥ जाति गुन सों विरोध॥ गो-
पद सुहमी कानक मय गिरि सर वप कोमि-

ना॥तेमुद मंबु कान होतुहै भयो सखिनके चि
ना॥१५२॥जाति क्रिया सों विरोध॥दोहा॥जे
जन साधत साधुजन वचन सुधाको पान
जन्म मरन भय रहित ते सोइ पावत कल्या
न॥१५३॥गुनसों गुन विरोध॥कहां चहा
वनिहै सखी चंदन चंदन संग॥सीतल सव
उपचार सखि जारत मेरे अंग॥१५४॥गुन
सों द्रव्यसों विरोध॥दोहा॥प्रेम मगन मुनि
जन कहत सुजान धन्य बनाइ॥मैं चक
ली उपमा तमा लोचन गोचर पाइ॥१५५
क्रिया क्रिया सों विरोध॥दोहा॥लखिके सु
खपरि सुवासै निज मुख होत निहाल॥लोच-
पोल चुंबन करत निज मुख चुंबत लाल
१५६॥क्रिया द्रव्यसों विरोध॥कवित्त॥वारान
विदित न्याय मत प्रसिद्ध यह छोटे जगम
ध्य परमान तैं नहै कछुक॥ताहीके समान
नरच्यो सवही को मनु ऐसी रची है विरंचि
तुम रचना कछु अपूर्व॥चिंतामनि कहै
ताहि और भांति करतु है मैं नवल वन यावे
लाइ धै रे मुहे लख॥पौनम के बिछुरत मार
मार बानन सों करतु है मार मेरे मनको हना

रहूवो॥दूव्य दूव्य सों विरोध॥कवित्त॥मालती
के फूल मालतीके पल्लही मारे फूलनकी
माल मीड़ा मारे सुकुमारीको॥चिंतामनिकहै
है बरानहीन अंग अंग औरई बरन होत अ-
निल विचारीको॥ भयेहैं जलज बाल सरके
जलज बाल गिरि गिरि मूल लसैं जपै गिरि
धारीको॥ भयोहै निसाहू ससै कान्हके वियोग
सीतश्मान वृष भानकी दुलारीको॥१४८॥वि-
शेषको लक्षण॥दोहा॥विन प्रसिद्ध आधारजो
कौन अधेय बखानि॥एकहि की दूक वासो
थित अनेक थल आनि॥१४९॥एकवस्तु के
कालजो होइ असंक्यो गौर॥त्रिविध विसे-
ष विचारिके कहत सुकवि सिरमौर॥१५०॥
देव लोक वासहु भये जिनको उत्तम बानि ॥
रहति रसावति सकल नन सोधन वार विनमा
न॥१५१॥वह मनमैं वह ध्यानमैं वहै वचनहूं
मांह॥वसत तिहारे वास वह हम पावे किननां
ह॥१५२॥रचल उदार सुचार छवि नाहि चतुर
सिरमौर॥नई सिरी रति दूसरी रची सारदा औ
र॥१५३॥ जो अधार आधेय की अन रूपता
नहोइ॥होऊ कौ आधिक नाम अधिक अ-

संज्ञान सोइ॥१५५॥पृथु अ[illegible]का लंकार को
उदा हरन॥दोहा॥जाहि जसोदा गोदमें ली
न्ह मोद अखंड॥ताबालक के उदर मे लखे
सकल ब्रह्मांड॥१५६॥दूसरो उदा हरन॥कल
प अंत जाके उदर सकल चराचर रूप॥नंद
नेहनी गेहमें ताहि सुबालक रूप॥१५७॥*
अन्यच्च॥दोहा॥कलप अंत जाके बसत जग
त सकल सबि भाग॥तेहिरि अंग असात नहि
राधेको अनुराग॥१५८॥बिभावना अलंका
रको लछन॥दोहा॥कारज उतपति की जहां
कारनकी प्रति षेध॥सोसब कहत बिभावना
पंडित सुकवि सुमेध॥१५९॥बिभावनाको
उदा हरन॥दोहा॥बान धनुष सब फूलके
सेना अबला संग॥कोन हेतु है जीतिको जीत
तु जगत अनंग॥१६०॥बिसे षो क्तिको ल०
दोहा॥जो अखंड कारन मिलै कारज कछू न
होइ॥तासो बिसे षो क्ति कहत पंडित सब
कवि कोइ॥१६१॥कवित्त॥मंडप मृनाल ज-
ल जालनके पातनके सेजहू में बिछे जलजा
तनके पातहैं॥करी नीरै गुलाबके नीरकी अ
नूपनदी सिकता कपूर चूर अति अवदातहैं॥

चिंतामनि ऐसी भांति विकल विरहिनीको सी-
तल अपार उपचार अधिकातहैं॥एते परभृति
फल विरह अगिनि पीरे पीरे होतपेन सीरे होत
गातहैं॥१६२॥असंगतिको लछन॥दोहा॥हेतु
और थल मैं कहूं काज और थल होइ॥अलं-
कार ग्याता कहत होति असंगति सोइ॥१६३॥
आजु चलाए नैन सर मोपै ताकि ताकि नांह॥
सखी लखौ आचरजु यह छिदे सौति उरमांह॥
१६४॥कहि विचित्र सुविरुद्ध फल पावन कोउ
होग॥अलंकार सुन बीन यह बरनत पंडित
लोग॥१६५॥गनपति प्रभु सुनिये वचन बोलत
बिमल सुभाइ॥सबते ऊंचो होनकों नवत तिहा
रे पाइ॥१६६॥जहां विमल है बात कछु करत
परस परकाज॥अलंकार अन्योन्य यह बरनत
सब कबि राज॥१६७॥अन्योन्यको उदाहरन दो-
लाहि छपा चनि चांदनी समुझो बडो उपकार॥
बिपुल करतिहै चांदनी सुंदरि को अभिसार॥
१६८॥जो संजोग दै बातको जथा जोग नहि हो-
इ॥विषम अलंकार कहत यह कवि पंडित
सब कोइ॥१६९॥कातीकोन त्रिया फलै पुनि
अनर्थ कछु होइ॥जोकारज गुरानिया ते कीज

और विधि सोइ॥१७०॥यों विसद्ध नारेरिवको
विषम कहन कविनाह॥अलंकार कारानको
देख्यो ग्रंथन माह॥१७१॥प्र॰ विखम को उदा
हरन॥दोहा॥किलसि रीख कोमल अमल काम
ल मुखी को अंग॥किलकर्कस वारह रतननी
रवन लषन अनंग॥१७२॥मदन सिली मुखके
डरन सेयो वन घन कुंज॥भये महा दुख दानि
उन दुगुन सिली सुख पुंज॥१७३॥स्री हरिजू
अरसी कुसुम स्याम लिहोर ध्यान॥विसद होत
मन मुनिनको बिमल सुद्ध विज्ञान॥१७४॥तीस
विषम कोउदा हरन॥दोहा॥मोतन तापतिरे
सदा मोतन सीतल संग॥लिहीले उपज्यो विरह
जारत मेरे अंग॥१७५॥समको लक्षण॥दोहा॥
होत समा लंकार सो जो कछु जोग संजोग॥द्वि
विधसु वरनेत सत अमल जोग कहत कवि लो
ग॥१७६॥संजोग समा लंकार को उदा हरन॥
सवैया॥वेहूनके छिन लेत उसासन ए उनको हि
त होतिहे पीरी॥सुंदरता हरि राधिका कीलखि
औरकी सुंदरता विधि कीरी॥वेहुत नंद कुमार
छले वृष भान कुमारिए रूप गहीरी॥जो यह जो
री मिले सखि होहिं छलो अखियां सखियां-

नकी सीरी ॥१७७॥ दूसरो उदा हरन ॥ दोहा ॥ प्रगा
ट भई संसार में निंदा वाही लोग ॥ ताके आदर
कारन को प्रगट भये खल लोग ॥ १७८ ॥ दो प्र
कार तिन होइ को अप्रकृत को कोइ ॥ तुल्य ध
र्म इक वार ही तुल्य जोगता होइ ॥ १७९ ॥ मंड
ल विधु नंदा किनी वृष वाहन सव गात ॥ स
ह्रा सदा शिव त्व सासि सवे वाल अव दात १८०
प्रकृति और अप्रकृति को धर्म एकाही वार
कारक की वहु क्रियन में दीपक उक्ति उदार ॥
१८१ ॥ प्रस्तुत अप्रस्तुतिन को सद्रस धर्म संजो
ग ॥ गम्य होइ अगम्य जिन तिन दीपक वुध
लोग ॥ १८२ ॥ श्री राधाके अधर रस स्वादन और
सुहोइ ॥ दाख सिता मधु सुधा र हरिको भाव
त नाहि ॥ १८३ ॥ लोभी जन धन लाभ अरु तिय
जन संग सकाम ॥ साधु सदा श्री रामको ना
म लहत आराम ॥ १८४ ॥ देह लसनि मन गेह
पुनि लसत सिरी संपन्न ॥ जल अरु बिन कवि
न ए नीके लगे प्रसन्न ॥ १८५ ॥ पूरव पूरव कारे
जो उत्तर को उप कार ॥ माली दीपक होत यह
समझो बुद्धि उदार ॥ १८६ ॥ कवित्त ॥ लसे अली
चल वेनन मे मन तोमहं जीवन मे यह जानी ॥

ता यह जोबन बीच बनाई अनूपम रूप बाला यहि थानी॥ताही अनूपम रूप बालामें मनो रथ मैन महा सुख दानी॥ताते बढ्यो मन मो· हनको मनको मिलवेको मनो रथ रानी॥१८७ दोहा॥आवति कू न सुनि जानिहै ललित दि· खावति गात॥मृग नैनी हेरति हंसति कहति मधुर बाहु बात॥१८८॥सदृस धर्म तुलकजो शब्द भेद सो होइ॥कवित रबाई बात मेंप्रति वस्तू पमे सोइ॥१८९॥प्रति वस्तूपमाकोउदा ह· हरन दोहा॥जो हरिके हियरा लगी तरनि सीस मनि सोइ॥तिय गन ऊपर उरबसी सबनि सरा· ही कोइ॥१९०॥माला मयप्रति वस्तूपमा॥ दोहा॥सीसनिमेलेंसै सुदान अब दाने केला· स॥रबो ललको हियो थव लेससिसिरपर बास॥१९१॥मेरुथ लतिही तुंग विधु सील· द बिना उपाइ॥सज्ज समुद गंभीर अरु ख· सन सुभाइ गनोइ॥१९२॥जहं विंब प्रति विंब· की भाव सबन में होइ॥कहत सुकवि दृष्टांत है तुमहु ताहि सब कोइ॥१९३॥जहा तुलित द्वै वस्तुको शब्द भेद अभि धान॥सो विंबप्रति विंब मय भाव कहत सज्ञान॥१९४॥अलंका

दृष्टांत में सदृस धर्म कोहोदू॥विहै यनहुकोहि
दू पुनि बिसेष्य मे होदू॥१९५॥लाल तिहारे
लोचन ही वात हिये हुलसात॥ललनि दलनि
अवलोकतहि पदमिनि पदमिनि कात॥
१९६॥वैधर्मते दृष्टांत॥दोहा॥काहू दस हंमी
नको रह्यौन रहत निदान॥भरद मारतहीं
होतु है प्रगट वकाल को ध्यान॥१९७॥अन
होनी जग वस्तुको कछु सबंधजु होइ॥ उ-
पमा पर काल्पक दूते निदर्सना कहि सोइ
१९८॥कित अवला हम अलप मति कितय-
हु जोग अगाध॥कैौंकर कौरै पपील का अ-
चल उचावन साथ॥१९९॥अलि खंजन
वंधूक दुति अधर अधर लखि लाल॥ धरी
नई दुति इंदुकी कांत वदन मै वाल॥२००॥
अपने अपने हतुको जोजा संवध ज्ञान॥हो
त क्रियाते निदर्सना ताहू कहत सुजान॥२०१
कवित्त॥ उज्जल स्वछ सुहत प्रभानि थिरै
गुन वंत अनूपमजौंहे पाइवे उन्नत सोपद उ-
त्तमसोहत है निरखे मन मोहे॥सो यह वात
विचारि कहे मन देखौ विचारि मतो सबकोहै
मंजुल जो मुकता हल हार सो नारिके ऊंचे उ-

होत हैं विमाल ससंक कलाद॥ २१०॥ एक वाक्य सें होत है जो षल अर्थ अनेक॥ ताको अर्थ श्लेष कहि कवि जन करत विवेक॥ २११॥ दृग लीर्ष मन सुख होत अति मद तम दुख मिटि जात॥ जह दीपति दुति देवता दरसन पावे प्रात ॥ २१२॥ साभिप्राय विसेषनन कथन सुपर कर जान॥ याको लत उदा हरन सुकवि लेहु मन आन॥ २१३॥ कवित्त॥ हौंतो हौं अनाथ तुम अनाथन के नाथ हो दीन तुम दीन बंधु नाम निज्जु कीन्हो है॥ हौंतो हौं पतित तुम पतित पावन वेद पुरान बषानो कछु काहु नवीनो है॥ दाव करी सेवा जो हौं कहौं मेरी सेवा रीझो आपही ते आपनो के चिंता मनि लीनो है॥ अब तुम्हें मेरी रक्षा करिबेई परी राम रावरे ही मोहि निज्जु नातो जोरि दीन्हो है॥ २१४॥ जहं विशेष अभि धानकी इच्छा कथन निषेध॥ चिंतामनि कवि कहत है सो आछेप निषेध॥ २१५॥ वर्द्ध मान विषय निषेध को उदा हरन॥ दोहा॥ कहौं न काहू निडर सों हौं काहू की बात॥ विन विचार कर काज अब मरौ जु मरिहौ प्रात॥ २१६॥ उक्ति विषय निषेध आछेप को उदा ह-

रन॥दोहा॥प्रेम निहारे चंद्रिका चंदन कमल
मृनाल॥अनल भये वा बाल को काहू न का-
हियै लाल॥२१७॥स्तुति निंदा मिसि और अ-
स्तुति निंदा होइ॥चिंता मनि कवि कहत हैं
व्याजस्तुति है सोइ॥२१८॥कवित्त॥जाको कृ-
पा कोरे माको हंसोरे छडावै कोहे चिंतामनि भां-
ति यह भली मन भाई है॥पापी सुकृती न सेसे
सबै गति कोर इन्हें जानै को कहां ते भ कौन-
धौं बडाई है॥माया मोहे सबही को रीहे व्या
ध गनिकाधे कीरति सकल जग ऐसी कछ-
छू गाई है॥रूप जाति गुन कहा वे जगत पति
जगत की प्रभुता धौ कौन गुन पाई है॥२१९
अस्तुति मिस निंदा मानस तो लीजि यगु पर-
षि सुभाइ लषि तुम पिय सुज्जान सिरोमन
प्रकास हो॥जिनको हू चुरायो मन मानिक ति-
हारो सो वहे नष दुति हिये पावत हुलास हो॥
चिंतामनि कोहे कठोर कुच उर बीच ताही तुम
बांधे निसि माहे भुज पास हो॥ताको सब मा-
नि लेत कहां लौं भलाई कहौं ऐसे स्याम सुं-
दर सुधाई के निवास हो॥२२०॥अप्रस्तुति
प्रसंसा को लछन॥दोहा॥अप्रस्तुति के कथ-

न बिनु प्रस्तुति जान्यौ जाइ ॥ अप्रस्तुति पर संससो सज्जन सुनौ बनाइ ॥ २२१ ॥ कारज के प्रस्ताव मे कारज को अभिधान ॥ कारन के प्रस्ताव मै कारज कथन सुजान ॥ २२२ ॥ अप्रस्तुति सामान्य जो तहं बिसेष कहि जाइ ॥ ताहु बिसेष प्रस्तुति कहैं सामान्यौ सु बनाइ ॥ २२३ ॥ कहूं सदृस प्रस्ताव मैं सदृस अभिधान ॥ अप्रस्तुति लंकार के पंच भेद पहिचान ॥ २२४ ॥ ॥ यथा क्रम उदाहरन ॥ दोहा ॥ सकन तजी कुलकानि तजि लखि गुरु लाज समाज ॥ सैवे टगी हरि मुख निरखि सदन तज्यौ रह काज ॥ २२५ ॥ इहां आतुर बैठी खड़ी कैसी नही है बैठी है तोहि कछू सुधि नाही यह कारज प्रस्ताव मै हरि मुख दरसन को कारन कह्यौ कारन के प्रस्ताव मै कार्ज कान अधर बिंब बरनत रहे लाल उकति करि कौन आजु ललीका बरन्यौ चहत रहत लाल गहि मौन ॥ २२६ ॥ इहां सखी मंडल मै नवोढा के अधर बिंबा स्वादन नायक कियो यह प्रस्ताव मे बिंबा स्वाद ते लौकिकानुभाव बरन्यौ नाही जात बुद्धि मौंध भयो यह कार्ज कह्यौ सामान्य के प्रस्ताव मे बिशेष को कथन

हो. जल कन कमल निपात मैं उन मन मुकुता मानि । कर परसत लषि लीन भउ सोचत कहि निज हानि ॥ २२७ ॥ विशेष के प्रस्ताव मैं सामान्य को कथन ॥ दोहा ॥ जासों आपन मित्र की कि‍ये जाइ उपकार । वह कुलीन वहै धनी वहै धन्य संसार ॥ २२८ ॥ जहां तुल्य अभिधान तहं तीन प्रकार विसेष ॥ श्लेष समासो क्ति अप्पर लक्षना मूल कलेष ॥ २२९ ॥ श्लेष मूलक को उदाहरन ॥ दोहा ॥ कहि मनि अधिक सनेह कर करौ लाख विधि कोइ ॥ कहूं प्रकासत जगत मैं बिन गुन दिया न होइ ॥ २३० ॥ समासोक्ति मूलक को उदाहरन ॥ दोहा ॥ हसा जो ये कबलों नहीं होतुन आदर नेह ॥ हंसा जा गे जा दीप मैं सबै करत है नेह ॥ २३१ ॥ सदृस प्रस्ताव मैं सदृस कथन ॥ दोहा ॥ कित लित ललित वसंत मैं फूली लता अतूल ॥ फूल नहीं अलि के हिये बिना मालती फूल ॥ २३२ ॥ वाच्यरु वाचक भाव की रीति तजे कछु भंति ॥ पेच लिये सो सब कहत पर्यायोक्त जुक्ति ॥ २३३ ॥ साम अर्थ जो विंजना सो प्रतापहित होइ ॥ पर्यायो कतिताहि को कहत विबुध

सव कोइ ॥ २३४ ॥ जिरविकान्हको रूप लखित
जीवासकी प्रीति ॥ सुंदरता उन सद मदन मन
मन सुध बुध नीति ॥ २३५ ॥ प्रस्तुति कारज ते
जुहे प्रस्तुति कारन ज्ञान ॥ पन्नी यो कांति कहि
तयों विद्या नाथ सुजान ॥ २३६ ॥ दरकी अंखि-
या मल गली लाली अति चित चैन अलसो-
हैं से ललित हैं आनु लखो हैं नैन ॥ २३७ ॥ य-
ह रचिवे कौ एरचे ऐसी कहि कछु बात ॥
जुवा हेप उप मानकी सो प्रतीप कहि जात ॥
२३८ ॥ उप मानो उप मेय यह करे अनादर का-
ज ॥ इहां प्रतीपै कहत हैं पंडित सव कवि राज
२३९ ॥ रचि मधुराई अधर की सुंदर वदन वना-
इ ॥ सुधा सुधा निधि कौं रचे विधि वृथवे भ-
व पाइ ॥ २४० ॥ गरभ धरत मन जानिहो एक
तरुनि सिर मौर ॥ रूप वती अति जगत में तो-
सी रति है और ॥ २४१ ॥ जुहे साध्य साधन क-
हिन सोवरनत अनु मान ॥ तर्क न्याय मूलक
सुतो अलंकार सज्ञान ॥ २४२ ॥ भौंह भाव जहं
तिय करे तहीं परति है वान ॥ इनके आगे सर
मदन लीन्हे वान कमान ॥ २४३ ॥ हेतु वाक्य-
के अरथ के अर्थ पदन को होइ ॥ काव्य लिंग

तासों कहत हेतु बखानत कोइ ॥२५४॥ हरि
उर निर्मल नील मनि हर जन तिला समान ॥
ध्वनि बिंबत द्युत राधिका कमला कांति निधा-
न ॥२५५॥ पदार्थ को हेतु ताको उदाहरन ॥ *
दोहा ॥ साध्य असाध्य नहीं कही पावन पावत
ताते ॥ है स्वर्न संपन सुख वालस जास अमो-
लहै माल ॥२५६॥ नील बसन पावस निसा
भली लख्यो नंद नंद ॥ नैन काहू मोग लखतिहै
नाशु उघार मुख चंद ॥२५७॥ स्लेष मूल को
उदा हरन ॥ दोहा ॥ पाप मतंग प्रदान तिन सं-
तनजो निज माहि ॥ चिंता मनि जिनके बसत
पंथा मनु उर माहि ॥२५८॥ कारन परस परसो
मथन जो सामान्य विशेष ॥ सो अर्थान्तर न्या-
स कहि लखि पंडित मन लेष ॥२५९॥ विसे-
ष परि मान को उदा हरन ॥ दोहा ॥ मूढ़न की
मति मंद ना तियन साधु करि देत ॥ लखत
रस पति कमलिनी मधुपन को मधु देत ॥
२६०॥ रिसानिको भानि बूझ बिन बूझहु लेत
रिझाइ ॥ नीको कोनी को लगे सब विधि स-
नै रसाइ ॥२६१॥ क्रम पान को अन्वय जहां
बरनै नाम क्रम होइ ॥ यथासंख्य सो अलं-

हात सुमति कहत सबकोइ ॥२५२॥ सुंदर बदन
कमल कुच लसत सुधा बैन मृग नैन ॥ बिंब चंद
लसै कोकसुत मनी कमल से ऐन ॥२५३॥ ए
क वस्तु के क्रमतें और मई जो होइ ॥ ताको का-
हियै यह कहा अर्थो पनिह कोइ ॥२५४॥ सुंदरि
की दिन कांति तनु राति उज्यारी होति ॥ दीपक
की जोती कहा चंप कली की जोति ॥२५५॥ ए-
क वस्तु जो अनेक थल प्रापत एक हि बार ॥
नियमित कीजै एक थल पर संख्यालंकार ॥
२५६॥ एक वस्तु जो एक ही ठौर नेम जो होइ ॥ पर
संख्या तासों कहत कवि पंडित सबकोइ ॥२५७
पूछे पूछे तोस्या पुनि ताते भिन्न जु और ॥ परिसं-
ख्या द्वैविध पृथक कहत सुमति सिर मौर ॥२५८
वर्जनीय जु वस्तु जो काहू कहूं शब्दगत होइ ॥ क-
हूं अर्थ बल पाइये यह विधि होऊ दोइ ॥२५९
पूछौ अन पूछौ कथन काहू वस्तु को होइ ॥
ऐसो औरन हेत यह परिसंख्या कहि सोइ ॥२६०
परिसंख्यालंकार मैं कहत शब्दगत होइ ॥ क-
हूं अर्थ बल पाइये जो सम नाही कोइ ॥२६१॥
मम्मट आचारज इहां ऐसो कियो विवेक ॥ प-
रिसंख्यालंकार को समुझौ पंडित सर्व ॥२६२॥

शब्द गत वर्जनीया प्रश्न परि संख्या को उदाहर-
न ॥ दोहा ॥ कोन सुखी जो राम को नहि संपति
रस लीन ॥ कोन सुखी जो रामतें विमुखन सं-
पति हीन ॥ २६३ ॥ अर्थ गत वर्जनीया प्रश्न पूर्वि
का परि संख्या ॥ दोहा ॥ कहा से इये पुरुष को
सब दिन सज्जन संग ॥ कहा ध्येय है कहत म-
नि व्यापक ब्रह्म असंग ॥ २६४ ॥ शब्द गत वर्ज
नीया अप्रश्न पूर्विका परि संख्या ॥ दोहा ॥ भूष-
न की रति नहि रतन धन विद्या नहि वित्त ॥
लोचन रुलनिन नैन जुग समभात सज्जन
चित्त ॥ २६५ ॥ अर्थ गति वर्जनीया अप्रश्न पू-
र्विका परि संख्या ॥ दोहा ॥ कुटिल लाई तेरे कुचन
कार पग कोलव राग ॥ नैननि चलिता कठिन
ता कुचनि भाल में भाग ॥ २६६ ॥ शब्द गत व-
र्जि नीया प्रश्न पूर्विका श्लेष मूल परि संख्या ॥
दोहा ॥ कौन नेह बिन होसके दीपन सुजन स-
माज ॥ कौन संक सन बार नहि मनुज राम के
राज ॥ २६७ ॥ प्रश्न पूर्विका अर्थ गत वर्जनीया
श्लेष मूल परि संख्या ॥ दोहा ॥ कोविन गुन र-
ति हार बिन जो तीको मुखचंद ॥ कोन मंदगति
अवथवैं बात बाल सानंद ॥ २६८ ॥ शब्द गत व

जै नीया अपूरन पूर्वि का श्लेष परि संख्या दोहा॥
तिथ छवार मंगल विना कैसे कहिये कर कोइ॥
विसमय रस नहि देल वचन जित हरि घर
न्या होइ॥२६९॥ अथ गत वर्न नीया पूर्वि को
श्लेष मूलक परि संख्या॥ दोहा॥ मीन मरीच
मय द्वारिका हरि नगरी अवदात॥ सुनी दिगु
न वर बाहि मे जामे तमकी बात॥२७०॥ उत
र सुनि जहं प्रश्न को अटका रही तें ज्ञान॥ का
हु पिछा उत्तर कथन प्रथमो तर सन्मान २७१
वसन कहो कैसे पथिक पति मेरो पर देस॥
लाहु अंध वहिरी ननंद वैठे काल वाको लेस
२७२॥ कवित्त॥ सुंदर कों मन मोहे जू दूत वैठी
हो वैठी कहो स वजीकी॥ बात कहे सुनि हो
कहि सपीत की बतियां सुखदायक नीकी॥ अ
वो दूते मिलि आरसी दखिये हे हम नीके कि
हो तुम नीकी॥ नीकी भई जु जो हो तो कहो हम
कैसे के हैं हि वरा वर पीकी॥२७३॥ दोहा॥ सि
खवन पठये तुम जु दूत ऊधो सब गुन धाम॥
निरगुन कुविजा संगतें वे सुत बल सो स्याम
२७४॥ एक सिद्ध कर संग मिलि औरो साधन
रे ष॥ होइ अनेक समुच्च या अलंकार यह रे

अद्यापि दैंत॥२७९॥ क्रिया क्रिया जोरा स-
मुच्चय को उदाहरन॥ दोहा॥ औध नगर ते
निकसि कै वन बसि रघुकुल राज॥ स-
त्य पिता को बचन अरु कियो देव गन काज॥
२८०॥ दूजे कारन के मिले कारज जु ह्वै होइ
सो समाधि वरनत विबुध सरसात ह्वै जान
होइ॥२८१॥ हरि चाह्यौ पर पुरन को मान
परी लखि बाम॥ भई तडित घन स्याम में
निरखि तडित घन स्याम॥ जहं कहियै पर त-
त्व सम भावी भूत जुवात॥ अलंकार कारता वा-
हत तासो विवा कहि जात॥२८३॥ दियो हुतो
जावक जु यों प्रगट देखियै पाइ॥ अंग भूषन है
सबै भूषित लगे बनाइ॥२८४॥ जा उपाय काहू
करी काहू जु अन्यथा बात॥ ता उपाइ जो ते सि-
ये कै कियो व्याघात॥२८५॥ ज्यावति है तिय
नैनही नैन जु ज्यों यों काम॥ जीतति विषम
विलोकननि बाम लोचनी बाम॥२८६॥ कामका-
म एक अनेक मे एकहु माह अनेक॥ है प्रका-
र पर्याय यों सत कवि करत विवेक॥२८७॥
सवैया॥ छोडि दई तनु तानु जिते रहे तकै का-
ह सेवन लाइवे॥ पादन चंचल ताजुरजो अ-

वै किये बिसे षन माउ ॥ यदा पुरुष पर कोटि
काहि सखा दली वनाउ ॥ २९५ ॥ व्याज व्याज स्तु
ति वाम जो रूप बल बहु रूप ॥ सहित विलास
विलास जो मनमथ वान स्वरूप ॥ २९६ ॥ व्या
ल जहां नहि कंज नहि कंज जहां नमि संद
नाहि मिलिंदका समय जो रह नल जिलसानं
द ॥ २९७ ॥ जहं समास लग अर्थ को कहलो
वरन्यौ होइ ॥ चिंतामनि पर यत्न वह वरनत
है कवि लोइ ॥ २९८ ॥ वांसु दियौ तन जोवनहि
जोवन तनकौ जोति ॥ उप कारल उन मनकी
रीति परस्पर होति ॥ २९९ ॥ काहा कहौं हौं
कौन सौं आई हौं इह काहु ॥ सुधि बुधि ह
रि सब हरि लई दीन्ही बिरह बलाइ ॥ ३०० ॥
जाइ लियौ नहि वैन जहं परसौं प्रबल बिचा
रि ॥ ऐसौ कौ अपकार जो भूल नीकौ निरधा
रि ॥ ३०१ ॥ रूपहु पहली तुम हरौ वह तुम र
सौं मक मैन ॥ जोतिय चाहति है तुम्हैं ताहि देत दु
ख मैन ॥ ३०२ ॥ होइजु कौनौ अर्थ लै सूक्षम अर्थ
प्रकास ॥ सूक्षम नाम प्रसिद्ध यह अलंकार सु
ख वास ॥ ३०३ ॥ कवित्त ॥ कहू किंसुक फूल पा
लानिसौ पूजत प्रभु लखे वृष भान दी ॥ मुसका

वो निषेद्ध्यजु परस्य रहै संसिलष्ट विवेक ॥ २२० शब्दा लंकार अनुप्रास यमकी एकहि ॥ दोहा शिव गिरिपर गज मुख मुदित गरजत गिरिजा पोर ॥ एक विनायक करत है एक विनायक सोर ॥ २२१ ॥ चाप मुकुट पट तडित बग पांति मुकत मनि दाम ॥ कनकलता लखि ऊनयो आइ इते घन स्याम ॥ २२२ ॥ संकर पुनि इनकी इते अंग गिला बखानि ॥ आपुहि को विस्राम को पावत जे नहि आनि ॥ २२३ ॥ कनकलता इह अति सयोक्त संबोधन मे ताको उपमाकारि उपस्था पित जो अर्थसो याको उपजीव्य है याते अर्था लंकार को संकर है ॥ दोहा ॥ कहुतभले छात मे जहां अर्थन निश्चित होइ ॥ वो है मे संकर वही वरनत है सब कोइ ॥ २२४ ॥ कवित्त ॥ होंसो तुम्हे पहि चानलि हों वल बातन के वहु पंच वने हो ॥ औरके भाल भयो छति यां कुच कुंकुम छाप छपा यन रहो ॥ वाहू सों रंनि ही वोलहुगे मनि पीतम जाकि पारे जब जेहो ॥ मोहनी मंत्रसे वेननि मोहि के मोहन मोहि कहा वह कोहो ॥ २२५ ॥ ✻ ॥ यामे मोहनी मंत्र तुलित जे वचन हैं तिनकर मोहि-

वो कारन ताहे यह कारनते विद्य मान ताहू यह कारि की वैसीं सला हते अर्थालंकार की सृष्टि है या कवित्त की वस्तु सो यामे मोहनी मंत्र तुल्लित के बचन हैं तिन कार मोहिवो कारनता है यह कारन को विद्य मान ताहू यह कारि की वैसीं सलाह ते अर्था लंकार की सृष्टि है याक वित्त की वस्तु सों कवित्त प्रथम ॥ तेरे कपोल से ह्वै कुन सोऊ जु कंचुकी की कारि आरसी वोपे अंग ॥ प्रभा ए अनूपम मैन बधू के मदा ही गुमान लि लोपे ॥ याद लन द्युति चंदिका लालची चाहे चकोर भये दृग तोपे ॥ वारक तो विधुवंधुमुखी हसि नेकु बिलोकि बिलासिनि मोपे ॥ ३१६ ॥ दुहां प चार्थाति शक्ति प्रथम चरन मे ॥ वितरेक दूसरे चरन मे ॥ पर नामा तीसरे चरन मे ॥ रूपक चौथे चरन मे या सत है ॥ दोहा ॥ एक के दोऊ जने हैं नहि कारन अनंग ॥ प्रति विंबित आ पुहि लषत ए दोऊ दुहु अंग ॥ ३१७ ॥ * ॥ * ॥ श्री राधाकृस्न की एकत्ता साध्य है अरु एकां गमे उभया व लोकन हेतु है याते साध्या साध न अनु मान है के अनंग करत विचारते अंग ते भिन्न करत तात पर्य यह मायाप्रतिविंबित

चैतन्य उभयन है आपु आत्मा एकै है माया स
बको छोडे शुद्ध चैतन्य है आपु आत्मा एकै
है माया सबको छोडे शुद्ध चैतन्य है महाफ्रि
ष है सो उभयत्र एकत्व साधक है ताते अनु-
माना लंकार है अरथा पृष्ठ से औरो अलं-
कार संभवित है अन्यो अन्या दिका याते ए-
क को निश्चय नाही ताते संकर है ॥ दोहा ॥
कछुन सुपरि मा मृदुलता बिसद बरन जुत फू
ले ॥ नृपच मेलिहि तवात अलि सब बेलिन
के तूल ॥ ३०८ ॥ * ॥ इहां बिसेषणगत समासो
क्ति है के अप्रस्तुति प्रसंसा है ताको निश्चय ना
ही ताते संकर है ॥ दोहा ॥ अस्फुटि जो एक हि
विषय पद अर्थो लंकार लहै व्यवस्थाको नुनि
संकर समुझ बिचार क॰ मोर किरीट लसै नमन
पद नील व ला हक रंग हरे हैं ॥ गोपके कंध
धरे भुज दंड अनूप बिलास कालानि धरे हैं ॥
कान धरे नव मंजरी मंजुल वंजुल कुंजन ते
निकरे हैं ॥ सुंदर मार हुते सुकुमार सो बैलवि
नंद कुमारवरे है ॥ ३०९ ॥ दोहा ॥ छबि छलका
ति तन सहज की तापर ललित बिलास ॥ कुंद
न पर संदर लगत ज्यों मनि चंद प्रकास ॥ ३१०

यहां उपमा लंकार को कति अनुप्रास को संकर है ॥ इति श्री चिंतामनि विरचिते कवि कुल कल्प तरौ नाम अर्थालंकार निरूपनं त्रितीयं प्रकर्णम् ३ ॥ दोहा ॥ शब्द अर्थ रस को जु दूत दीखि परे अपकर्ष ॥ दोष कहत है ताहि को सुने घटतु है हर्ष ॥ ॥१॥ स्रुति कटु च्युत जो संसकृत अर्थ जुक्ति असमर्थ ॥ निहतारथ अनुचित अरथ औ रजु होइ तिरर्थ ॥२॥ और अवाचक त्रिविधि पुनि दूत अस्लील विचारि ॥ संदिग्धो अप्रतीति पुनि ग्राम्य नेयार्थ निहारि ॥३॥ क्लिष्टौ बहुरि बखानिये बिरुद्ध मति नाम जानि ॥ शब्दन को ए दोष हैं सुजन लेहु मन आनि ॥४॥ कानन को जो कटु लगै स्रुति कटु दोष सुजान ॥ संसकार च्युत होइ तो च्युत संसकृत मान ॥ जो नहि प्रोगी लख कविन कान्ही भाषा जान ॥ मथुरा मंडल ख्यात ये श्रीपरिपक्व बखान ॥६॥ स्रुति कटु को उदाहरन ॥ दोहा ॥ धन्य भयो हात आज हों सफल भई है दृष्टि ॥ दरस तिहारो पाइ को हिये भई सुखदृष्टि ॥७॥ कान्ही भाषा को उदाहरन ॥ दोहा ॥ कान्ही लसति सांवरी सो मुहि लागी नीकि ॥ व-

यह कोकिला सोपुनि तहं तू पेष॥ रिसहा प-
हौ हे सखी तुही बोल पुनि लेष॥ १७॥ अश्ली-
को उदाहरन॥ दोहा॥ वि मारग देवति उहां पा-
ह परी हौं आइ॥ तू तवबोसी करहि जो बिर-
ह पीउ मरिजाइ॥ १८॥ संदिग्ध को लछन॥
दोहा॥ जहां होतु संदेह है सो संदिग्ध बखानि
ग्राम्य हीन मे जो कह्यो अपतीति सो मानि॥
१९॥ संदिग्ध को उदाहरन॥ दोहा॥ कूदत
जाको होतु है ये बिरहे मनु लाइ॥ अति सुंद-
र सुंदर बन्यो हरि देख्यो किन आइ॥ २०॥ अ-
प्रतीति को उदाहरन॥ दोहा॥ तो चित्त मे चितु
है सखी तू क्यों बैठी रूठि॥ तै निजु मान कि-
यो अदू ज्यों सरवाट की मूठि॥ २१॥ ग्राम्य को
लछन॥ दोहा॥ होत गंवारी पद जहां ग्राम्य
कहत हैं ताहि॥ चिंता मनि कवि कहत है सुक-
वि तजत हैं वाहि॥ २२॥ ग्राम्य को उदाहरन॥
दोहा॥ चुची जंभीरी सी बनी गोल लाल है गा-
ल॥ जाके नैन बिशाल वह गरे लगे कब बाल
२३॥ नेयार्थ को लछन॥ जहां निधिरूढि की ल-
छना सो नेया र्थ बखानि॥ चंदहि हनत चपेट
सो तेरो मुख मृदु बानि॥ २४॥ क्लिष्ट को उदाहरन

जाको अर्थ कहे बिना जान्यो ई नहि जाइ ॥ कै-
बोलेसते जानिये सो है क्लिष्ट बनाइ ॥ २५ ॥ द्र-
व्य नाम दृग हीन पद आसन रिपु पदमास ॥
फूल खवान ताको सुहृद लीन्यो दूखद तासु ॥
२६ ॥ विरुद्ध मत कृत को लक्षन ॥ दोहा ॥ सो वि-
रुद्ध मत कृत जहां जान्यो जाइ विरुद्ध ॥ ऐसो
कवित न कीजिये है यह निपट अशुद्ध ॥ २७ ॥
विरुद्ध मति कृत को उदाहरन ॥ दोहा ॥ बडे प्र-
वीन सुबुद्धि हैं सदा अकारथ मित्र ॥ कहा औ-
र संसार में ऐसो विमल चरित्र ॥ २८ ॥ अब
वाक्य दोष गनाय लिखें हैं ॥ दोहा ॥ प्रति कूला-
क्षर होत है अरु हत वृत्ति बखानि ॥ न्यून अधि-
क पद कथित पद पतत प्रकर्षी मान ॥ २९ ॥
पुनि समाप्त पुनि रात कहि चरनां तर पद हो-
इ ॥ पुनि अभवन्मत जोग कहि अकथित वा-
च्यो कोइ ॥ ३० ॥ पुनि कहि अस्थान स्थ पद संकी-
र्नौं निहारि ॥ गर्भित और प्रसिद्ध हत भंग्ग क्र-
म निरधारि ॥ ३१ ॥ अक्रम अमत अपार थे
वाक्य दोष ए मानि ॥ कवि चिंता मनि कहत
हैं सज्जन के मन आनि ॥ ३२ ॥ प्रति कूला क्षर
को लक्षन ॥ दोहा ॥ अक्षर रस अनुकूल नहि प्र-

किधौ आपुहि चपा हाम ॥ एक लखी वह कामि
नी दूजी मन मथ वाम ॥ ५२ ॥ कथित पद ॥ *
दोहा ॥ जो पद दीन्हो है कह्यो वहै बहुरि कैजाइ
तौ कथित पद है तहां कविजन सुनहु बनाइ
५३ ॥ कोमल मुख वह कमल सों निरखि नेन वि
ते हास ॥ गोरी कोमल देह है सोहत ललित र
बिलास ॥ ५४ ॥ प्रजात प्रकर्षन लछन ॥ दोहा ॥
जो आदर अरु सोभि है तैसे जो निव है न ॥ चिंता
मनि कवि कहत है प्रजत कर्ष सो ऐन ॥ ५५
श्याम चूनरी चपल चष चोवा चरम कन चार
चतुर चंद वदनी चली गोरे पहिरि के हार ॥ ५६
समाप्त पुनरात्ति ॥ दोहा ॥ जहं वाक्यार्थ समाप्त के
है बहुरि विसेषे देइ ॥ सो समाप्त पुनरुक्ति है
जानि सुजानि लेइ ॥ ५७ ॥ बड़े बार लोइन बड़े
छीनी दरि बर नारि ॥ दच्छिन दिसि मे साबरी
वह सोहति सुकुमारि ॥ ५८ ॥ जहं जो उत्तर अर्ध
पद पूरब अन्वित होइ ॥ अर्धो तर गत पद सुयों
दूषित भाषा कोइ ॥ ५९ ॥ जामे अन्वय बनत
नहिं सो अभव न्मत जोग ॥ चिंता मनि कवि
कहत यों सुकबिन करे प्रयोग ॥ ६० ॥ वे मन
मोहन रहते रची सबाल सो माहि ॥ जो वह

गोरी सखि मिलि देत नैन सिय राहि॥५३॥ *
अनुक्त वाच्यनीय॥दोहा॥जो अवश्य कथनी-
य सो कहें जहां नहिं होइ॥ उक्त अनुक्त वा-
च्यनीय यह दोष कहत है कोइ॥५३॥ जो पा-
ई नहिं मैं निका पाई काम वधून॥ सो कहला-
ल लहू निरखि त्यकात लषत मदून॥५४॥ ज-
हां होइ संकीर्ण पद सो संकीर्ण बखानि॥
एक वाक्य मे और जहं सो गर्भित पहिचा-
नि॥५५॥ पीजे पान तवाइ पै पानी बेलि
पानि॥ पिय हिय ठाउं रावरे सुखहि मिला-
उं आनि॥५६॥ गर्भित॥दोहा॥ औरन के अ-
पकार ते खलसों कहूं मिलाय॥ तुम्हहि सि-
खाउं काहू जनि दिये परम संताप॥५७॥
जो पद जा थल चाहिये सो नहिं त्यथल होइ
दूषन अस्थानस्थ पद कहत सुकवि जन
कोइ॥५८॥ तू कुल लावत मदन यह नकार
अस्थानस्थ पद॥ दोहा॥ ज्यौं पद अस्थानस्थ पद
यौंहीं अस्थ समास॥ कोल क्रुद्ध की उक्ति मैं
कोकिल की उक्ति प्रकास॥५९॥ मेरे आगम मा-
नयौं कहि यत पिक श्रुति वंत॥ अलि हुंदि-
त हांतोत कलित आयौ अली वसंत॥६०॥

प्रसिद्ध हत बोलः॥ दोहा॥ श्रुति रस आदि प्रसि
द्ध जहं तहां दीजिये सोइ॥ और भांति कोई कि
ये तो प्रसिद्ध हत होइ॥ ६१॥ वा मृग नैनी को
सुनत नूपुर को निश्वान॥ पंच वान अभि
मान सों ताने वाने कमान॥ ६२॥ पूर्व मनु बा-
देन प्रस्तुय मानो द्यःप्रभा दन्मत्र विधिलः॥
प्रगुन्य मान प्रतिनिर्देस्य॥ छंद॥ ॥ उद्देस्यप्रति
निर्देस थल मै प्रथमही जो दीजिये॥ पुनि जा-
ह कहिवे परे तो वहे नाथल लीजिये॥
जो कथित पद की भांति ते पर्याय पद तिन
कीजिये॥ तो होइ प्रक्रम भंग दोषसु सत्य जा-
न पती जिये॥ ६३॥ अकृन उदित रवि होत है
अस्तै अथवत आइ॥ संपति बिपति बडेन
को एकै क्रम लीव जाइ॥ ६४॥ अकनतु दैवि-
कस्त है लाले अथवत आइ॥ ऐसो जो कहि
ये तो प्रक्रम भंग है जाइ॥ ६५॥ जिन विरंचि
जगती रची तिन न रची तू बाम॥ और लटक
औरे ध्वनि औरे दुति अभिराम॥ ६६॥ ✳
और लटक आने ध्वनि ऐसोन कहिये सोइ॥
नमत दूसरो अर्थ जहं अमत परा रस होइ॥
चिंता मनि कवि कवित है रचेन सत जाहिको

नु संध्यान नाहि अंगाहि की बहु जुगि॥८५
अ गितिनि को पुनि विपर्जय अनु मित
बर जन जानि॥चिंता भनि कवि कहत है
ए रस दोस बखानि॥८६॥प्राच्य कथित सं-
चारी अस्थाई रस॥दोहा॥संका दुरजन
के हिये वाके हिये उछाह॥अरि सा-
हत वीर रस अनुरागी नरनाह॥८७॥*
विभाव की क्लेसते व्यक्ति॥काकी सब सु-
धि बुधि गई बाहिन कहुं बिस्राम॥निसि
बासर रोवति रहति कछून भावै काम ८८
प्रतिकूलोक्ति॥दोहा॥*॥प्यारी हंसि कै
बात कहि डारि गरे मै बाहि॥रोस छोड म-
ति मान करि जोबन घन की छाहि॥८९
अतिशयोक्ति॥दोहा॥भली भई बहुतै अ-
ली लागी घर मे आगि॥मेरे कर की गागरि
लीन्ही साजन मागि॥९०॥मुख्या नन सं-
ध्यान॥दोहा॥मै चौपर खेलन लगी निसा
समै मै आजु॥बैठी सखी समाज मै भूलि
गए ब्रजराज॥९१॥अंगको बिस्तार॥दोहा
कालिंदी सुंदर नदी सुंदर पुलिन सरूप॥
वृंदावन घन छांह तकि कुंजनि रूप अनू

प॥८२॥ प्रसिद्धि विपर्ययः॥ दोहा॥ लिख
त नैन सहस्र सौं सुंदरता सखि देष॥ रंभा
की मघवा दुखित लागत होत निमेष ८३
अनुचित वर्ननं॥ दोहा॥ बिरहिनि नैननिमे
सइमि काजर लसै नवीन॥ दिन देखे पियको
रहे मनो स्याम मुख कीन॥ काहूं कर्न अवतंस
हुत याहि पहन को ठान॥ सं निधान हूत्या हि-
के बोध हेत सुजान॥८५॥ जहां हेत पर सिद्ध
है तहं नहि तन सोख॥ सब अदुष्ट अनु बार
न मैं हूजै नहीं अतोख॥८६॥ चिंता मनि
गोपाल की वर्नन कौ रुचाहु॥ जिन्हें दिखायौ
चिंत्यते दोषौ गुन है जाहु॥८७॥ इति श्री
चिंता मनि विरचिते कवि कुल कल्प तरौ
दोष निरूपणं नाम चतुर्थ प्रकर्ण॥ * ॥४
दोहा॥ पद वाचक अरु लाछणिक व्यंजक
त्रिबिध बखान॥ वाच्य लक्ष्य अरु व्यंग पुनि
अर्थौ तीनि प्रमान॥१॥ बिन अंतर जा सब्द
कर जाको होत बखान॥ सो वाचक पद होत-
है कहत सुकवि परमान॥२॥ लच्छक तावौ
कहत जो होत लछना जुक्त॥ चिंतामनि क
वि कहत है यह प्रमान है उक्त॥३॥ मुख्य र-

थके बाध अरु जोग लक्षना होइ ॥ होत प्र-
योजन पाइकै काहू रूढि हित सोइ ॥ ४ ॥ गंगा
घोषक है तहां होत तीरको बोध ॥ सीतलता
पावनता तहां प्रयोजन सोध ॥ ५ ॥ तहां विं-
जना वृत्ति वह होत लक्षना मूल ॥ जहां प्रयो-
जन जानियै कहत मध्य अनुकूल ॥ ६ ॥ ❁
जहं अभिधा अरु लक्षणा अति कछु भि-
न्न प्रकार ॥ होइ अर्थ को बोधतहं कवि ब्यं-
जक व्यापार ॥ ७ ॥ शब्द अनेको एकरुचि अ-
ति कछु भिन्न प्रकार ॥ होइ संजोगा दिक
गनन इत अवाच्य कोसार ॥ ८ ॥ तहां व्यंज-
ना वृत्ति इत यह मे मट तत्व है ॥ चिंतामनि नि-
ज ग्रन्थमे कवि इत बरनन आनि ॥ ९ ॥ संजोगा-
दिक जोगनो प्रथम एकसों जोग ॥ चिंतामनि का-
वि कहत इत बरनो बहुरि विजोग ॥ १० ॥ अरौ
अवारन चिन्ह सुनि ॥ दोहा ॥ ❁ ॥ आनहि इन्द्रते
चिन्ह सुनि आन शब्द सह संग ॥ सामर्थ्यौ औ-
चित्यमो देससमे पर संग ॥ ११ ॥ औरै आभरन
आदि ते शक्ति नियंत्रित रीति ॥ एक
अर्थ मे औरकी व्यंजन ते परतीति ॥ १२ ॥
शंख चक्र जुत हरि तजो शंख चक्र करि आनि

ध्वज के नीको लगी लागन सखी की रस बतियां
चिंता मनि पल पल पर प्यार चढ्यौ उपज्यौ
वियोग ब्यापी विथा दिन रतियां ॥ मोद ही-
ते जहां तहां पियको देषन लागी इंखि खे-
लि बोलि तहां लख्यौ है सब तियां ॥ याही
समै आये बेई सांचे आपु आपुही ते नवल
लपटि गुलागी लालन की छतियां ॥ २४ ॥ अ-
र्थ अनेकार्थ पद व्यंग ॥ दोहा ॥ साखी है सखि
यां सबै अबहो भई अचेत ॥ मै मनु दीन्हो आं
पनो दै दूत पाउ न देत ॥ २३ ॥ अर्थ व्यंजक ॥
वर्तिष्य मान सुरति गोपना ॥ कवित्त ॥ ग्रीष
म मै बापी कूप सर वर सूखे सब जल नदी
भिरनाते आवतु नगर मै ॥ जहां जात आवत
लगत कांट भारन के होत जैहो हौंही पानी
पीवति हौं घर मे ॥ अति दूर हीते भरी गागरि
लै आवति हौं छूटत पसीना कंपे अंग घर घर
मै ॥ कहति हौं पुनि सासुननद कौन मोपै
जाउंगी तो अजगी भरि दुप हर मै ॥ २५ ॥ इति
श्री चिंतामनि विरचिते कवि कुलकल्पतरौ
शब्दार्थ निरूपणं नाम पंचमं प्रकरणं ५
दोहा ॥ उत्तम मध्यम अधम ए त्रिविध कवि-

त पहिचानि ॥ तिनको लछन ॥ उदाहरन हेत
लेहु मन आनि ॥ १ ॥ वाच्य अर्थते बाहत मनि
व्यंग अधिक जहँ होइ ॥ सो जानत उत्तम क-
बित यह जानत कवि कोइ ॥ २ ॥ उत्तम व्यंग
प्रधान गन अप्रधान गन व्यंग ॥ सो मध्यम
पुनि अधम गन द्विविध चित्र अव्यंग ॥ ३ ॥
वाच्य लछते भिन्न जो कवित सुनैते अर्थ
भासैते सब व्यंग कहि बरनत सुकवि समर्थ
॥ ४ ॥ उत्तम काव्यको उदाहरन ॥ दोहा ॥ सखि
निसि तें पतिसों जिती रति रन मदन प्रसाद ॥
सुंदरि जय दुंदुभि रच्यो कल किंकिनी निनाद
॥ ५ ॥ कवित्त ॥ कीन्हो मधु पान सुधि बाकु चैन
रही मन भाई को अंबर स्याम वोढ़ो चितवा
इकै ॥ चिंता मति कोहे लाल लोचन ललित
सोहे लाल आप कोहे एल जोहैं अलसाइकै
हमसों दुरी कसे रासे कहि आवन सो दी-
न्हो मन भावन हरस भोर आइकै ॥ रहो नव-
ल नायका रसिकनिसि चांदनी की ऐसे हा-
ल आर ग्वाल बाल को सुनाय [illegible] ॥ ६ ॥ * ॥
दोहा ॥ एको द्विविधि सब वाच्य धुनि सगुन विव
छित वाच्य [illegible] उत्तम काव्य [illegible]

वि पंडित राख्य ॥७॥ कहना की जु ध्वनि जहं
वाच्य अर्थमें होइ ॥ सो अविवक्षितवाच्य है
कहत सकल कवि लोइ ॥८॥ अत्यंत तिरस्कृ-
त वाच्य अर्थान्तर संक्रमित वाच्य द्विविध मू-
ल ध्वनि बरनते आगे कहत वाच्य ॥ अत्यं-
त तिरस्कृत वाच्य को उदाहरन ॥ दोहा ॥
कल्पानल सों पुनि किते कारी किये बहुत उप-
कार ॥ ऐसो काम करो सदा जीवो बर्ष हजा-
र ॥९॥ अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ॥ दोहा ॥ तो-
सों यह हम कहत हैं सकल सँभारि मति जा-
हि ॥ कीजै काम बिचारि कै भलो आपनो
चाहि ॥१०॥ वाच्य अर्थ सु विवक्षित वाच्य
द्विविध पहिचानि ॥ लक्ष्य अलक्ष्य क्रमालि
सों व्यंग्य सुमन में आनि ॥११॥ प्रति शब्द
काल लक्ष्य क्रम व्यंग्य सुद्विविध बखानि ॥
शब्द अर्थ जुग शक्ति भव तीनि ध्वनि भेद
सुजानि ॥१२॥ शब्द शक्ति उद्भव व्यंग ॥*
दोहा ॥ अलंकार की वस्तु जहं व्यंजना शब्द-
ते होइ ॥ शब्द शक्ति उद्भवहु यह बरनत
है सब कोइ ॥१३॥ शब्द शक्ति मूल व्यंज
ना कार को उदाहरन ॥ दोहा ॥ मधु मोहित

अलि मंजरी मंजु मौलि छवि जाल॥ पद्म
राग पल्लव ललित रजत तल लस माल १४
इहां नायक अरु आम्रकी उपमा नोपमे
यते उपमा लंकार व्यंग्य है॥ शब्द शक्ति मू
ल व्यंग्य वस्तु को उदाहरन॥ दोहा॥ चौपर
खेलत है कहा जुगहि जीति सुभाय॥ ला
ल जातहैं हाथते अरी चुकै यह दाव १६।
इहां शब्दशक्ति सों नायक अनुनयोक्ति
है है जो लाल चलि यह व्यंग्य॥ दोहा॥ द्वैऊ
पद गत वाक्य गत जो गनि चारि प्रकार॥
अर्थ सक्ति भव भेदको करत विबुध विस्ता
र॥१७॥ अर्थ शक्ति उद्भव ध्वनि भेद॥*॥
दोहा॥ स्वत संभवी सुकवि को प्रौढ उक्ति
पर सिद्धि॥ कविनि बद्ध वक्ता हुकी प्रौढ उ
क्ति पर सिद्धि॥१८॥ त्रिविधि अर्थ व्यंजक
छविधि वस्तु अलं त्रिन रूप॥ त्योंही व्यं
ग्यह भेदसों द्वादस भेद अनूप॥१९॥ मेरी
बातनि आजु उन दियो कान छवि खानि॥
सुनत तिहारो नाम के मुख वाली मुसुकानि
२०॥ इहां नाम श्रवनांतर मुसकानि रूप व
स्तु करि तुम्हे वह चहति है मिलैगी वह वस्तु॥

ली नारि ॥२३॥ इहां स्वभाव उत्तिकरि मोपर स-
कामैहै इहवस्तु ध्वनित होतिहै ॥ स्वनसंभवी अ-
लंकार करि अलंकार को उदाहरन ॥ दो ॥ कोवरजे उनदु-
हुनको कौन धरावै धीर ॥ दोऊ प्यासे जेठके
दोऊ सीरे नीर ॥ २४ ॥ इहां नायका अरु नाय
का को अरथसजेठ मास पिपा सित अरु जेठ
मासको सीतल जल इन सौम्य भेदन रूप
नति रूप अलंकार करि दोऊ परस पर निर
वधि प्रेम पात्रहैं ताते समालंकार ध्वनित होत
है ॥ कवित्त ॥ कर वास गिरि कोमल कमल
करते उतारि धरि लाल भैरौ मनु अकुलात
है जीवैगो सो जीवै जो मरैगो वह मरै मोसो
कैसे निरख बालक कौ क्लेस देख्यौ जातहै
मेरी कही करानतो निकसि मारौगी कहि-
चली जहां करिका मिलान कौ निपातहै ॥
जहां कोंदे गोपी गोप गन संग नंद रानी तहां
रहकी वकी अचल अधि कातहै ॥ २५ ॥ ✳
कवित्त ॥ दोऊ जन दुहूकौ अनूप रूप निर
खत पावत कहूं छवि सागर कौ छोरहैं ॥ चिं
तामनि केलि के कलानि के विलासनि सौं दे
ऊ जने दोहुन के चितन के चोरहैं ॥ दोऊ ज-

धांति भले चंड कर मंडलते चंड कर माल सो॥
२९॥इहां कवि प्रौढोक्ति उपमा लंकारके भले
कालिक सूर्य्य मंडल साते निकरि कि रनि
मंडल जैसे जगति को संहार करत है ऐसे
मंडलित श्रीरामके धनुषते सर इंदनिकरि
करि करि सिंधुकी सेनाको भले कीन्हो यह
वस्तु द्योतित होतिहै कविनिबद्ध वक्ता प्रौढो
क्ति सिद्धि वस्तुकरि॥वस्तु व्यंग्य धुनिको उदा
हरन॥दोहा॥मै समुझो यह आजुही है अनं
त बलवंत॥सो सुत मारो इंद्र जित जितिक-
ल भरन अनंत॥३०॥अंतक बलवंत है यह
कथन रूप वस्तु करि रावन के अंत काहू को
भय नाही यह वस्तु द्योतित होतिहै॥कविनि
बद्ध प्रौढोक्ति सिद्ध वस्तुकरि॥अलंकार व्यंग
ध्वनिको उदाहरन॥कवित्त॥जबते आगुन रै
ल्याये जानुकी लंका बीच भये ताही दिनते भ
यंकार निमित्तहैं॥परी सेना समुद के तटमे अ
संख्य कपि रिक्षनके वाटका वदत उत्त निन-
है॥ जौलौं राम लखन तेरे तेज बानन सौं
भये लंका पुरी केभ भट भिन्न भिन्नहैं॥
तौलौं रघुनाथ ढिगजानुकी पठाइ दीजे ऐसे

वस्तु अभिव्यक्त होतिहै॥३३॥कवि निबद्ध
वक्ता प्रौढोक्ति सिद्ध अलंकार ध्वनि को उ-
दाहरण॥कवित्त॥अमल अमोल मुकता
हल को हारतें सोहै लसि अमोल मुक्ता हल
के हारसी॥चिंतामनि चारु चीर सुल्यो छी-
र फेन सम सरद जुन्है यासुख सुखमा के
सारसी॥जागत हमारी पर रीझिहै हमारी प्या-
री राधा रिझवार सारदा को अवतारसी॥
धवल पुलिन मध्य जमुना कीधार ध-
सी दुरद रदन परपर जनु आरसी॥३४॥ह-
हां मान पर हरि श्रीकृस्न को देखि प्रनयको-
प करि अप्रसन्न हृदय श्री राधा को सनमु-
खि श्रीकृस्न उनको मन उदास को स्तुति
कीन्ही सरस्वती अवतार को साम्यहै सा-
भिप्राय विशेषन कहे की प्यारी हमारी रा-
धा रिझवारि रीझिहै ए बातें सुनि रीझि
के को उनमुख भई सोई उन जुगि कही
धवल पुलिन पर यमुना की धार धसी
दुरद रदन अरपर मानो आरसी॥यह उत्प्रे-
क्षा लंकार कह्यो प्रसाद को और हेतु कह्यो
ताते समाधिलंकार कार्य कारनांतर जोवात

यह समाधको लक्षनहै ताते। श्रीराधाजू प्र
सन्न भई अधर सुधा रसुधा प्रसाद दीन्हो
ताते अलंकार व्यंग्यहै॥ यह स्वतः संभवी
के उदाहरन मैं जानिबो॥ दूसरो कवित्त॥ उम
डि घुमडि घन अंबर अडंबर लौं वाहू लग अते
घन घटा घोर घिरिहै॥ चिंता मनि कोहू चि
त चिंता जिनि करौ कोऊ काहालौं विचा
रो धौं विचारो दूंदु चिरिहै॥ एकको काहू है
कोटि धरा धर धरे रहो जौलौं कोटि विधि-
को उपज फिरि फिरिहै॥ जानो जानि बडे र
पर मान भारी गिरिहै सोमेर कारपर परमान है
न गिरिहै॥ २४॥ इहां परत द्रव्य पर मान र
कारि दिखायो यह विरोधालंकार करि नंद
पुत्र जे आपु तिन कहा अघटन घटना प
टीयत्व साधारन धर्म करि आपनो नारी
को नारायण साम्य व्यक्ति करत भये हैं॥ शब्द
अर्थ शक्ति उद्भव अरथ बारह भेद विचा-
र॥ सो पद वाक्य प्रबंध गत छतिस भये ति-
नि हारि॥ २५॥ सिद्ध कहत सब सकल फल
देत तुरंत ज्यों नाम॥ व्यापक अस गुन भूप
जसु धवल कियो श्रीराम॥ २६॥ इहां व्याप

हेली॥तैसे फूल रचीजिनमाल गुहै मनिमे
रिये कंठमे मेली॥माल दैहौंमुहे द्रुमवेलि बीची
यह हास विलास की वेली॥मोहि दता हूं म
वेली कितै वह पूरन इंदु मुखी अलवेली
४९॥सवैया॥वेलसे चाह करोजन वेलीकीरा
खी कहूं जावकी लौं रतिचेटी॥मीत अशोक
विलोकी कहूं जिनहै जग रूपकी रासि लमे
टी॥पीत दुकूल लसे पट भूषनश्री मिथिला
महिपालकी वेटी॥सुंदर रूप धरे जनु दामि
नि राजत दामिनि दाम लपेटी॥५०॥तैं मृग
देखी कहूं मृग लोचनी बोलि कितै अब जा
इ छपी है॥छाडि छवीली घने पीर कानन
छाती विछोह के ताप तपी है॥तैं नहिं जान
त तेरे छुटे पलु तेरो जीवन मोह तपी है॥चौ
लिते हरिकै याको गुमान जो बोलि कुरंग
मे जल पीहै॥५१॥ऐसे सबै वनको मृग अं-
गन पूछत जानकी जीको पुकारै॥व्याकु
ल है मुरझाइ गिरे उछलै मनि नैनन नीर
की धारै॥दुक्ख महा रघुवीर लहैं जनु मूर
छा आवति जाति अपारै॥लछमन वे उपचा
र जो भ्रुव भाई को दीनन हारि सम्हारै॥५२॥

मेरी भई यह भांति दसा कृत रैन छपी जो अ
जौ नहि आई॥राम जू ऐसे कह्यो कदलह
न सीताजु ऐसी करी निठुराई॥बाघन बीच
मृगीसी भई सु कहा मृग लोचनी आपदा
पाई॥मैं जिनको अपराध कियो तिनरा
कास ईदल घेरि कै खाई॥४३॥इहां दूसरेक
बित्तते अंत को कवित्त छोडो प्रबंध कोऊ
न माह व्यंग्य है॥उभय समुद्भव को उदाहर
न॥दोहा॥लसै हारके मध्य रवि सोभो च
रे विसाल॥ह्वियेराखिवो योग्य है यह मनि
नायक लाल॥४४॥इहां वाच्य अरु व्यंग्य
अर्थ के उपमानो पमेय॥भावते उपमा
लंकार व्यंग्य है सलक्ष्य भेद यों कहे एका वा
लीस॥दोहा॥असंलक्ष्य क्रम व्यंग्य ध्वनि
आनि रसा दिक चित्त॥दुतै आदि पदलक्ष्य
के तिन्हे गनावत मित्त॥४५॥प्रथ महि रस पु
नि भाव गनि तिनको पुनि आभास॥भावसां
ति अन भाव को उदै बखानि प्रकास॥४६॥भा
वसंधि पुनि सबलता भावन की मन आनि॥
असंलक्ष्य क्रम व्यंग्य ध्वनि तिनके भेद बखा
नि॥४७॥अर्थांतर रस स्वर रूप निरूपनं॥*

गनि विभाव अनु भाव अरु संचारी नमिला
इ॥ जित थाई है भावसो सोरस रूप गनाइ॥
४९॥ काछुक यथा काम अधिका यहतीन
हु को काम कोइ॥ व्यंजन कोन लख्यो परै
तौ अलख काम होइ॥ ४९॥ भाव लछन॥
दोहा॥ मन विकार कहि भावसों बरनवान
नारूप॥ विविध ग्रंथ करता कहत ताको रू
प अनूप॥ ५०॥ जो नहि जाति विजाति सों
होइ तिरस्कृत रूप॥ जब लग रस्तु तब ल-
ग सुथिर थाई भाव अनूप॥ ५१॥ काव्यो-
दित रामादि सुख दुख थल भव जात॥ मन
विकार संचारि तजि यह थाई थिर बात॥
पावै ल्यावै आपने रूपहि औरु अखेद॥ जो
विरुद्ध हू भाव नहि रहि विछेपका भेद॥ ५-
५४॥ सो थाई है समुद सो जब लगि रस आ
स्वाद॥ तब लगि यह वह रहत है जो थाई अ
वि वाद॥ ५५॥ प्रथ महि रति अरु हास पु-
नि बहुरि सोक गन क्रोध॥ पुनि उत साह
जुगुप्स पुनि विसमय सम नर बोध॥ ५६॥
यह थाई नव भेद जो ताको जु है निदान॥
कारज सह कारी जगत कवि तामे कहि आन

५७॥सनि विभाव अनु भाव पुनि संचारीय
हु लाय॥विभाव नादि अवलोकि कै व्यापा
रन अभि राम॥५८॥तिन तिहुकै अवलो-
किकै कीरि व्यापार गनाइ॥विभावना अनु
भावना संचार ना वनाइ॥५९॥सव जन सा
धारन त्रिविध व्यापारन सो तीन॥सहृद
य ह्रिय विर भावको व्यंजन धरम नवीन॥
६०॥साधारन व्यापार वल सव साधारन हो-
इ॥नियत प्रमातहि मै यदपि तहां अपर मि
ल होइ॥६१॥महा नंद उल्लास वह सुहाती
सेवत कोइ॥रसखान सुखदजु ग्रंथमै रस
नि रूपना सोइ॥६२॥रत्या दिक वो हेतु जे का
ज और सह चारि॥जगमै तेई लकत मै आ-
न नाम निर धारि॥६३॥विभाव नादि को
लौकिक व्यापार निरूपित॥लै विभाव अनुभाव अरु
संचारी धरि चित्त॥६४॥साधारन व्यापार
सौं सवा साधारन जानि॥लै विभाव अनुभा
व अरु पुनि संचारि वखानि॥६५॥थाई सा
माथहु कौ ह्रिय वसल वासना रूप॥व्यंग्य वि-
भवा दिकनि मिलि रसहै लसत अनूप॥६६
प्रथम कहत श्रृंगार के विभा वादि इत आ-

नि॥ आगे सिंगार सलन के कीहहौं सिंगार जा-
नि॥६७॥थाइ हेतु जग मध्य जो कथित म-
ध्य सुधि भाव॥ आलंबन उद्दीप तो द्विवि-
ध प्रसिद्ध गनाव॥६८॥नायका ल०॥दोहा॥
आलंबन शृंगार को तिय नायका बखानि
बालनि प्रवीन लिलाखिनी सुंदर ताकी खा
नि॥६९॥कवित्त॥बरन मैं विधि आंनि गो-
री की नजानी जाति गोरे गात दोरी सारी के-
सरि के रंग की॥चिंतामनि कहै वात चंद्रिका
सी हासी लसे निसि नखतावली मुकता पां-
ति मंग की॥मानौ ओस बुंद लाल बिंब पर बि-
लसतु अधर की आभा मुकता हल के सं-
ग की॥पग परवो सरंग आंगन अनूप ओप
आंगन मै ठाढ़ी मानो अंगना अनंग की७०
दोहा॥ दिव्य अदिव्य कहे सुकवि दिव्या दि-
व्य विचारि॥त्रिविध नायका जगत मैं मं-
थन बहु निहारि॥७१॥दिव्य देव तिय जानि-
ये नारि अदिव्य बखानि॥ अमर नारि भुव
अवतरी दिव्या दिव्य सुजानि॥७२॥नरवते
दिव्य तिया बरन सिखते विबुध अदिव्य॥
नरवते सिखते बनिये जो तिय दिव्या दिव्य ७३

ह्हांनख सिख वर्नन जानवौ ॥ दोहा ॥ प्रथम २ सुकीया नायका पुनि परकीया जानि ॥ पुनि सामान्या समुझिये यों कवि लसत बखानि ॥ ७४ ॥ स्वकीया लछन ॥ दोहा ॥ जो अपनेही पुरषमै प्रीत वंत निरधारि ॥ काहतस्वकीया नायका लछन सुकवि विचारि ॥ ७५ ॥ सील सुधाई लाज जुत गुरजन सुकवि विचारि ॥ प्रीतम को चित हांनिसो काही स्वकीया नारि ७६ कवित्त ॥ चिंता मनि सखी कोऊ सीख देति काहे जब समता के जानिहो पीतम सो जायसैं जीवको वारने काहि वरज्यो चहे लजाइ काहि पैन सखी काछू सह चरी तियासौं ॥ गुरजन २ संमत सकल आचरन वाको वरनत होत २ लाह चाहिए सौं ॥ पीउ जाने गुरजन हूंमे नवाल जाने गुरजन जाने काहा वोलि जाने पियसौं ॥ स्वीया भेद ॥ दोहा ॥ मुग्धा मध्या प्रगलभा तीन भेद निरधारि ॥ सुभग स्वकीया नारिके लाकवि ग्रंथ विचारि ॥ ७७ ॥ जाके जोवन अंकुरित सो मुग्धा वर नारि ॥ दुहू वहि क्राम संधिमै लव लव संधि निहारि ॥ ७८ ॥ उवन चहल जीवन लखी सुंदरि वाला निकेत ॥ मंद मधु

किल कूक सुनै उमगै मनि और सुभाउ भ
यो अब ही को ॥ फूली लता द्रुम कुंज सुहात
लगे अलि गुंजत भावत जी को ॥ कारन कौ
न भयो सजनी यह खेलु लगै गुडियान
को फीको ॥ काहे ते सांवरो अंग छबीलो ल
गैहिय ह्वेत नैननि नीको ॥ ८४ ॥ विदित जो
बनी काहू की पूरब पुन्य लता सुतौ बेलि
अपूरब ह्वै उलही है ॥ सोने सो जाको स्वरू
प लखै घर पल्लव कांति कहा उमही है ॥
फूल हंसी फल हैं कुच जाहि के हाथ लगै
सु कृती सो सही है ॥ आली कियौं सुनि कै
बतियां सुरसा दूतिया मुख नाइ रही है ॥
८५ ॥ विदित काम ॥ कवित्त ॥ काम बालानि
की चोप चढ़ी चित अंग अनूपम रूप भ
ई है ॥ केसरि सो थो सुहान लग्यो मनि चं
दन केलि बनाइ दई है ॥ भौंह उचाइन चा
हु कै नैन कछू मुरि कै मुसक्यानि लई है
मोहन सों ठिलागी अठिलानि सो बैसउ नी-
की ठौनि नई है ॥ ८६ ॥ केसरि बारहि बार
उतारत केसरि अंग लगावनि लागी ॥ आइ
है नैननि चंचलता दृग अंचल बाम छपा

वन लागी॥ दूलह के अवलोकन की वाम्म दानि भरो रुचि आवनि लागी॥ बोलत ऐसी नवा ते बतियां मन भावन की मन भावन लागी॥८७॥ नवोढा लक्षण॥ दोहा॥ जो लज्जा भय पर धीन रति सो तिन वोढा सोइ॥ रतिमे पतिहि पत्याइ कछु लिस्ब्र अत बोढा र होइ॥८८॥ नोल वधू के रति समै लज्जा अति अधिकाइ॥ अति सुख दायक होति तब जब कछु पतिहि पत्याइ॥८९॥ सवैया॥ रावतिजो नहिं तासु है नैन सुवैन काहु थि बसै मिलि भाखै॥ बांह गहे सिसिकारि भजे पकरे कासों हग नीरनि नाखै॥ यौं न वोढा वधू लखकी वेकौं सो अपने मनमें अभिलाखै॥ एक छिनौ थरिबौ थिर ज्यों जल बिंदु पुरैनि के पात मे राखै॥ ९०॥ बालके मिलन आस राइ चित्र साल लाल लाल बात पल एका धीरज न हैं॥ सखी सब ल्याई नवला को छल बल लखि छबी लौ छबीली के सकल अंग हेरे॥ कोरी ओर बरी प्यारी सखी सेज ऊपर सु आखिन के ऊपर है आस यों हर हेरे॥ चारु ओर नव्य म-

शुकार ग्रकुलाने मानौ छल की सरोजन
के ऊपरहै लहेरै॥ ८१॥ विश्र ब्ध नवोढ़ा॥
सवैया॥ लालकी दीठि बचाइ के ब्बालवि
से न्बैहै दूरि प्रदीप की बाती॥ पीके हियेह
रव सुंजखो सूतौ पूछतही कछु बात
सुहाती॥ लागत ही तन मै पतिको कर चं
द मुखी न्चित चौंकि सकाती॥ सोईहै ग्रा-
इकै पीतम साथपै सुंदरि हाथ छपाइ कै
छाती॥ ८२॥ सोइके मेरी प्रतीतिलै देखो-
ले भाजिन जांउगी योंही डरो जिन॥ नेकु
दया करौ काहे खि ग्रावत रातिकी भांति
सो ग्रंग भरो जिन साप तिहारे हौ पोढ़ि
रहौ पर छाती के ऊपर हाथ धरो जिन॥
जो कछु की केसो काल्हि परो पिय पायप
रों कछु ग्रानु करो जिन॥ ८३॥ कोमलको
प॥ सवैया॥ ग्रोर तियाकी छुई छतिया
पिय नेल वधू सो कहूं लखि पाई॥ ग्रां-
खि ग्ररोरखे है ग्रंचल ग्रोट हगंचल ताकि
के भौंह चढ़ाई॥ ग्रंवर ग्रोट छपाइके ग्रं
गन पौढ़ि रही पलका रिसवाई॥ मेरी तू प्या
री है प्रानहुते मुंह चूमि लड़ाइये कांठलगा॥

गया · ये बात पूरी भी न हुई थी · जान आलम का काम तमाम
होगया · सिर चक्राया · जमीन पर गिर पडा · और बोला ॥
कदिम ॥ जो कोजिस्में रही बात न होने पायी ॥ हाय रे उससे
मुलाकात न होने पाई ॥ ये कह कर वो इस तरह गश खा
गया · ॥ कहे तू जीने ही जी मरगया · १ ॥ खोजा घबराया · कहा
के ये अंजुमन आरा की उल्फ़त में फंसा है · मुझसे गलती हुई ·
नाहक इससे कहा · बहुतेरा केवडा · गुलाब · छिडका कुछ न हुआ ·
बादशाह के पास जा कर अरज की के हज़ूर आज अंजुमन
आरा को मातम ताजा हुआ एक शाहज़ादा राजबों फ़क़ी
री भेस कर अंजुमन आरा के वास्ते यहां आया · मुझसे जा
दूगर का हाल सुना · गिर पडा अब तक होश नहीं आया · क्या
जाने जीता है या मरगया । मगर हुजूर देखें तो शाहज़ादी
को भूल जावें · बादशाह ने कहा जल्द ले आओ · लोग दौ
ड और मुर्दे की तरह उठा लाये · बादशाह ने केवडा छिड

काशाम के वक्त जान आलम होश में आया · दवरा कर उठ बैठा देखा के एक शखस ताज पहने हुवे बडी धूम धाम से तख्त पर बैठा है · और अमीर वजीर अपनी अपनी जगह खडे हैं · जान आलम ने दस्तूर के मवाफिक सलाम किया बाद शाहने छाती से लगा लिया · सब दंग थे सन्के केसे ढंग थे · इस वक्त जान आलम का हाल देखना चाहीये · ॥ कवित्त · हस रत पर उस मुसाफिर बेकस के रोईये · ॥ जो थक गया हो बैठ के मंजिल के सामने ॥ १ ॥ दिल चिल्लाने को करता था मगर शरम से दमको घोटे बैठा था · बाद शाहने मा बाप का हाल पूछा · सब पता बता दिया · जान आलम ने फिर सिर झुका कर शाहजादी का हाल पूछा · बाद शाहने कहा के एक जादूगर मुद्दत से उसकी फिक्र में था · बहुत चोकसी होती थी मगर वो धोका देके ले गया · आजतक महल में नही योग हू · खाना पीना · सबको हराम है · जान आलम ने कहा कुछ येभी मालूम है · किकिधर · को लेगया · बाद शाह ने फरमाया केयहां से पांच कोस तक पता मिलता है · आगे आग का किला है · वहां का हाल मालूम नहीं के सब जादू का कारखाना है · शाहजादेने कहा अगर जिंदगी बाकी है तो कहां जाना है · ये कह कर उठ खडा हुवा · बाद शाह लिपट गया · कहा बाबा खुदा के वास्ते ऐसा काम न करना · उस जंगल में वहम के पर जलते हैं · हवा के पांव में छाले निकलते हैं · एक को धोके में खोया · तुझको जान बूझ के कैसे जान दूं · तू यहां राज कर और मैं कोने में बैठ रामराम जपूं शाहजादे ने कहा ये राज आपको मुबारक रहे · बंदा अपने घर की हुकूमत छोड कर यहां आया है · लोग यही कहेंगे के कैसा बेशरम है · शाहजादी कोतो जादूगर लेगया · और येजी

ता रहे · प्यारी के वास्ते मरना हमें उचित है · वेसिर दिये कब टलते हैं · बात और बाप एक है · जो कहे सो कर दिखावे · जिस ने यहां तक जीता पहुंचाया · वो वहां तक भी पहुंचावेगा नहीं तो अकल दिवानी क्या जरूर है · पहिले जब अकल और उल्फत का सामना हुआ था तो मेरा दिल खटका था · अकल कहती थी के मा बाप से अलग न हो · राज हाल से मत दो · मुहब्बत कहती थी मा बाप किसके · राज कैसा · अपने प्यारे ले कि त फकीरी राज से अच्छी है · अकल कहती थी · आबरू का पास करो कुलवे का नाम मत डूबो ओ · जंगल की धुन न बांधो · जंगल में बहार है · अकल कहती थी · बादशाही पोषाक न फाड़ो · मुहब्बत कहती थी · अकल दिवानी है · नंगे रहने के बराबर कोई पोषाक नहीं · न कुछ धोने की जरूरत न फट ने का डर · चोर इसको न ले जाय · डाकू इसको न उठावे · न पानी से भीगे न आग से जले · सड़े न गले · गले से अलग न हो · न कोई इसको ले सके न आप किसी को दे सके ॥ कवित्त ॥ तनकी उरयानी से बेहतर नहीं दुनिया में लिबास ॥ ये वो जामा है के जिसका नहीं सीधा उलटा ॥१॥ आखर को अकल ने शिकस्त खाई ॥ सब छूटा नाना छूटा · किस्सा दरखेड़ा पाक हुवा · तोता और वजीर ज़ादा साथ हुआ · सो उनका साथ भी नसीब में न था · तोता उड़ गया · वजीर ज़ादा हिरन के मिलने से छुट गया · सो · जो सामान था सो लुट गया · फ़िर जादू में फसे · हम रोये · दुश्मन हंसे · वहां से छुट के अकेले चले · मुहब्बत ने दुमाति हान लिया · परियों के अखाड़ों में जा फ़साया · एक परी ने बहुत रा घेरा · तमाम सामान मौजूद किया · मगर यहां तो और ही धुन लगी हुई

था· एककी नमानी· अब घर पहुंच कर खाना किसे बता या है· मैंतो जीतेजी मरने को तैयार हूं · ये खबर महलमें प हुंची· अंजुमन आरा की मा पर्दे तक चली आई· शाहजा दे को महल में लेगये· अंजुमन आरा की मा गिर्द फिरने लगी और नोनें घेर लिया· फिर खाना आया· जान आलम ने गर्द न हिलाई· खोजा पांव पर गिर पड़ा· और जो तुम नखावोगे तो कोई न खायगा· लाचार होकर जान आलम ने दोएक नि वाले खाये· फिर नींद का बहाना करके पलंग पर जालेटा· म गर किसकी नींद और कहांका सोना· करवटे लेते लेते कमर भी थक गई· अंजुमन आराका ध्यान बंधा हुआ था· मगर शरमके मारे बोल न सकता· बड़ी मुश्किल से सवेरा हुआ· ॥ जान आलम ने मरने पर कमर बांधी· सब शहर में ये खबर उडी के जादूगर की लडाई को शाहजादा तैयार होता है· स ब लोग देखने को किलेके सामने आखडे हुए बादशाह तख्त पर सवार जान आलम को बरा बर बैठा ये निकला·॥ लोगों ने फत: की दुआ मांगी· जान आलम ने कसमे देके बादशाह को रुखसद किया· और अकेला जान पर खेल कर चला· आग का किला देखा उसमें से एक हि रन निकला· और फिर वही गायब होगया· जान आल म ने बुढ्ढे की तख्ती निकाली· उसमें निकला जो ये पढ क र उस हिरन को तीर मारे· और निशाना पूरा बैठे तो ये सब जादू का खेल भंड हो जावे· और जो निशाना चूका तो जान जावे· राखके सिवा पत्ता न मिले· जान आलम ने क हा जो हिरन मारा तो जिंदगी का मजा है· नहीं तो यही मौ तका बहाना है· बे यार के जीना मरने के बराबर है· ये कह क

र तीर संभाला उधर हिरन निकला इधर निशाना मारा हिरन की मौत आई थी तीर पार हुआ हिरन जमीन पर गिरा और एक दफे ही गुल मचा हां हां लीजियो घेरियो जा नेन पावे अंधेरा होगया आंधी चली थोरी देर बाद सूरज निकला न आग रही न किला चबूतरे पर झुलसी हुई लाश पाश पाश देखी वो जादू गर सिंदूर का टीका माथे पर टुकड़े टुकड़े ज़र्द ज़र्द दांत होठों के बाहर मू मोरी से गंदा शैतान का बंदा बालों की लटें लटक तीं हड्डियां खोपरियां गले में पड़ी काला भुजंगा सिर से पांव तक नंगा तीर से छिदकर औंधा पड़ा था हरकारों ने जाकर बादशाह को अर्ज़ की के शाहज़ादा बला का पुतला है एक तीर से आग का किला ठंडा किया बादशाह ने कहा होनहार बिरवे के चिकने चिकने पात हरकारों को इनाम देके फिर रवाना किया इतने में जान आलम आगे बढ़ा: उस किले के पास पहुंचा जहां मेअंजुमन आरा कैद थी देखा कि वो किला जमीन से अधर है और कुम्हार के चाक की तरह फिर रहा है आंख न जमती थी ऊंचा इतना के देखने से पगड़ी गिरती थी जान आलम देर तक किला भी थम गया चार दरवाजे थे बुरज गिने नहीं जाते थे जाने का रस्ता और अंदर एक बंगला दिखता था वहां से ये आवाज आई के क्यों मौत आई है क्यों जम को छेड़ता है ज़िंदगी से नाहक मूं फेरता है तेरी सूरत देख कर रहम आता है आज की रात ख़ूबसूरती के बदले में माफ़ करदी नहीं तो ऐसा मारूंगा के हड्डियों का पता न मिलेगा बादशाह नाहक अफ़सोस से जान खोवेगा मर कर भी तेरी आत्मा को चैन न मिलेगा जान आलम ने हंस कर कहा गाली मादर ब

रखा तू क्या हमारी रवता माफ करेगा · ऐर तो मुझे भी उसकी ही
पायती पोंचाता हूं ये सुन कर वो कलाया · काला दानांश्री
रउड़ द उस बदमाशने निकाले · आस माना चढ़ूमें आया
जमान थर्राई · उसने लूना चमारी का नाम लेकर उनदानों
को आसमान के तर्फ से फेंका सरसों बिनोले और राई मि
लाई · अबर घिर आया · पत्थर और आग का मेह बरस
ने लगा · शाहज़ादे ने भी पढ़ना शुरू किया · सब पानी हो
कर बह गये जान आलम ने बुड्ढे की तख़्ती निकाल कर देखा
उसमें निकला के इस तख़्ती को किले की दिवाल से लगादे फि
र तमाशा देख · जान आलम ने उस तख़्ती किले की दिवार
से लगा दिया · फिर तो हज़ारों तोपों की आवाज आने लगी ·
नादिवा का कलेजा हिल गया · जमाना बदल गया · जंगल गर्द
बर्द हो गया · आग का कारखाना · सर्द हो गया · चार घड़ी
में अंधेरा जाता रहा · वहां कुछ भी न पाया · लेकिन रेत का ·
टीला सा कड़ा सरकंडे गड़े · कच्चा सूत नीला पीला उन पर लिप
टा हुआ · कुछ फंदे पड़े हुए उसके अंदर एक चांद का टुकड़ा
बैठा है · मगर भौचक्का बद हवास कोई आस न पास जान आ
लम ने पैछाना · ताब न रही · जीस न सनाया · अकेला देख कर
कलेजा मूंका आया · बहुतेरा रोका न रुक सका · थर्राता दम
चढ़ा जाता दौड़ कर गिर्द फिर ने लगा · लड़ खड़ा के गिरने ल
गा · अंजुमन आराने शर्मा के सिर झुका लिया और कहा
सभलो साहब · जरा किसी का लिहाज भी नहीं कुछ दिवा
ने हो जो इस तरह पास चले आते हो · ये कहते कहते आंख
चार हो गई · बर्छी जिगर के पार हो गई · ये बातें सब
जानते हैं · इस मुहब्बत ने छोटे बड़े को मारा है · हराम

जदा यहां बिचारा है • जान आलम तो गशमें गिर पडा • अं-
जुमन आराका दिल लड़ पा • जाना के इससे बेशक हमारा प्यार
है • जो सिर पर खेल के यहां आया उसका सिर उठा अपने घुट
ने पर धर लिया मूं पोछने लगी • गशतो कभी देखा न था • घब
रा के रोने लगी • इस तरह यार का मूं धोने लगी • यह जो आं
सू की बूंद मुंहपर पडी तो लखलखे का काम कर गई • के लडेकी
हाजत न रही • चट आंखे खोल दी • अपने सिर को प्यारी के
घुटने पर पाया • अपने आपेमें न समाया • दिमाग़ आसमान
पर पहुंचा • पांव फैलाया • इतना इतराया • अंजुमन आरा
ने फीकफ़ कर घुटना सरका लिया • जान आलम बोला • हमारे
होश से तो बेहोशी भली थे कह कर आंख बंद कर ली के लो -
हमें फेर गश आया • तुमने क्यों घुटना सरकाया • अंजुम
न आराने कहा क्या खूब इतना प्यार मेरी चीड है • मैने ते
री मेहनत को देख कर ये रहम किया था • तुम तो चल नि
कले क्या जाने दिल में क्या समझे • अपनी राह लिजिये आ
ह खाने की बर बाद गुना लाजिम • जान आलम ने कहा हम
री तो मिट्टी यहां से निकलेगी • मगर चोरकी डाढी में तिनका
आपको अपना आशक कभी न मानूंगा • नमाशूकों के दफ्तर
में आप का चेहरा लिखूंगा • अंजुमन आरा बोली • चे खु
श • क्या खूब • भला लो • कुछ होया नहीं • जमाने का
मजा निकालो • ये तो वही मिसल है • मान ना मान मैं ते
रा जिजमान • इश्क • आशकी की बातें मेरी बला जाने •
छेड छाड और किसीसे जाकर करो • अपना चोच ला त
ह कर रक्खो • अपनी सूरत तो देखो तुमने सुना नहीं ह
लवा खाने को मूं चाहिये • जान आलम बोला • मैं बिचारा

मुसीबत का मारा मुहेन त पन कहां से लाऊं क्यों कर देसी सू
रत बनाऊं · एक हंसता है · एक रोता है · तुम्हे तो मोहन
भोग का मज़ा नहीं भूला · वा तन तान में ऊबाल पर हलवा है
हमने तुम्हारे वास्ते जोग लिया · राज काज तर्क तज दिया · ब
द मुराद पूरी हुई · ये सुन कर अंजुमन आरा खिसियानी
होगई · कहा · चलो · साहेब · वो सुभ्रा सदके किया था ·
अपनी चोंच बंद करो · कटी जली की हसी अपने घर
जा करो · जादू से आदमी लाचार है · इसमें किस का दख
तियार है · मगर खैर · और जो चाहिये केह लीजिये · दर पर
दे क्या साफ़ साफ़ गालियां दे लीजिये · ये बातें सब किस
मत सुनवाती है · देखिये अभी तक दौर क्या क्या दिखाती
है · अगर ईश्वर घर बार छुड़ा मुझी के वस्से न फसता तो
हर एक तरह चलता काहे को ऐसी बातें सुनाता · जान आ
लम ये सुन के डर गया · शर्म से मर गया · आंसू भर कर
कहने लगा · मेरी क्या मजाल · जो आपको कुछ कहूं · मैं
तो मुसीबत का मारा मुसाफिर हूं · दिल साफ़ करो · तुम कि
तने हठ धर्म हो · अहसान तो भूली · हंसी में रो दिया · ह
मको दोनों जहान से खो दिया · अंजुमन आरा ने देखा के
उसके आंसू जारी हैं · हिचकी लग रही है · हंसकर कहा ·
सच है · ओछों का भी अहसान बुरा होता है · खातिर ज
मा रख अपने घर चल कर माल असबाब लाद दूंगी के
तुझसे चल न सकेगा बोझ से हिल न सकेगा जान आल
म ने कहा · फिर सलतनत का घमंड आया · हमको मुह
ताज जान कर ये फ़िक़रा सुनाया · हमसे भी कभी लोगों के
काम निकलते थे · अगर तुम्हारी मुहब्बत में न फसते तो का

आफत से मूं न मोडा· जीपर खेल गया क्या क्या न लाये के
ल गया· जान जोखों की तब तुम ने हमको देखा और हल
को तुम्हारी सूरत नसीब हुई· रूप रंग देखो· तमाम शहर
उसके मुहब्बत में फंसा है· छोटा बडा उस पर मरता है· तो तुम
जिगर के टुकडे आंख की पुतली हो· मगर वो जो हम से फ़रे
देखो तो तुम से और उस में बडा फरक है· वो मर्द है और तु
म औरत हो· अंजुमन आरा ने ये सुन कर सिर झुका लिया
रोने लगी· कहा हुज़ूर सूरत शकल का जिक्र क्या जरूर था·
येतो· उसके खेल हैं किसी को बिगाडा· और किसी को बना
या· बहुत से लूले लंगडे काने खुदरे गूगे बहरे हैं क्या वो न जी
ये कहीं धूप कहीं छांव कहीं शहर कहीं गांव· और जो अह सा
न से दब कर कहती हो तो दुनियां में एक दूसरे के आडे आ
ता है· जो ये न आता और मेरा नसीब सीधा होता तो कोई
और पैदा हो जाता· मेरे बंद छुडाता· मेरी किसमत कम बख्त
तूरी थी· एक मुसीबत से छुडा दूसरी आफ़त में फसाया· हम द
स के नाते अपने बिगाने सुन्ने पडे के ये आया· मुझे कैद से छुडा
या· क्या जाने वो कौन है· कहां से आया है· और अपने तई
शाहज़ादा बनाया है· मैं आपकी लौंडी हूं· और हर सूरत से ता
वेदार अगर कुंवे में फोंक दो तो गिर पडूं फ़कत का हुक्म
उस की सूरत शकल पर रीझे, मेहनत को समझ बूझ ये मुक
द मा किया चाहते हैं· तो मैं राजी नहीं अगर जो आप
मेहनत का इनाम देना है तो रुपया अशरफ़ी जागीर हो·
उसका काम हो आपका नाम हो· ये सुन के वो बहुत हंसी
कहा शाबाश बच्ची· उस की खूब क़दर की· वो बिचारा
तुम्हारे मुल्क का या रुपये का या पैसे का मुहताज है· अ

रीनादान वोतो आप बादशाह हे • बराबर वालियां ये सुनक
र कहे हंसी • हजूर बस इनका ये शोहर हे • उनके नजदीक
ये शाहजादा नहीं मज दूर हे • अंजुमन आरा कल्लाईक
हा रुपया तोवो चीज़ हे • केजिसके वास्ते बडे बडे लोग मरग
ये • वोजो दाई ददी पुरानी पुरानी बेठीथी बोली • सब्के जाये •
वारी मा बाप के हुकम टालना हे • तुमको हद मुनासिब न
हीं • ओर खुदान खास्ता • ये क्या तुम्हारे दुशमन हे • जो कि
सीके कहे सुनेसे बेदेखे भाले • राह चलते के हवाले करदेंगे •
आदमी दिन बदिन अकल सीखता हे • ऊंच नीच सोचता स
मझता हे • तुम सलामती से अभीतक वोही बचपन की बातें
करती हो • खेलने कूदने के सिवाय कदम नहीं धरती हो • अंजु
मन आराने कुछ जवाब न दिया • मगर उसकी सहेलियां जि-
नसे रोज मशवरे होते थे • बोली हे हे लोगों तुम्हें क्या हुवा आ
नूजी साहेब • कसूर माफ़ • आपने धूपमें चोंडा सफेद कियाहे
खेर हे • दुलन से साफ़ साफ़ कह वाया • चाहते हो • दुनियां
की • शरम ओर हया ती गोडी क्या उड गई • इतना तो समझो
भला मा बापका कहना किसीने टाला हे • जोये नमानेगी
(अलरवा मोशी ती मरजा) बुढे बडों के रूब रू ओर क
हना क्या • ये सुनके आनूने अंजुमन आराको जिसने पाला
पढाया • खिलाया था • मुबारक बाद देके अंजुमन आरा की
मांको नज़र दी • शादियाने बजने लगे • नजरे गुजरी तो
येकूटी • ॥कबित्त॥ फल्क परये मुबारक बाद हे अब किस
के मिलने की॥ ये ऐसा कोन वख ता बर हे ज़िस्का वक्त जागा
हे॥

चरित्र

॥१॥ बादशाहने वजीर को खिलत दिये ओर

वहां तैयारी करो · जान आलम मुसाफिर है · मैं उसके यहां
जाके सामान करता हूं · खुशी के मारे जान आलम की बाछें
खिली बंद टूटे जाते थे मगर शर्म के मारे आप सिर न उठाते थे
बादशाह ने जोतसी पंडित बुलाये · तुला · वृश्चिक · धन · मकर
कुंभ · मीन · मेष · वृष · मिथुन · कर्क · सिंह · कंन्या · गिन
कर विचार करने लगे · बृहस्पत और चंद्रमा एक जगें थे ·
साअत नेक ठहराई · दूला दुलहन ने गुलाबी जोडा पहना
तमाम शहर में रंगीन कपडों का हुक्म हुवा · डोंडी पिट गई
के जो सफ़ेद पोश नजर आवेगा लहूसे लाल होगा · गर्दन
मारा जायगा · रंग खिलने लगा · गुलाल · उडने लगा · के
स र के मारे शहर कश्मीर होगया सब रंग में डूबे फिरते थे ·
हर जगे नाचथा · के जो चाहो सो लो · हिंदु को पूरी, कचोरी, मि
ठाई · आचार · मुसलमान को · पुलाव, कालिया · जर्दा · कोरमा ·
किसी को किसी से गरज नथी · दिन रात नाच देखते थे ·
और दगले बजाते थे · आस पास के राजा बाबू सब हाजर हुए
थे · जो मुसाफिर आता · खाली नजाता · बहुत से बेफिकरे
दिल्ली नखलौ वाले सैर देखने को आये सांझके रोज पचा
स हज़ार चोपडे रुपेरी सोनेरी नुकल और मेवों से भरे हुये
मिसरी · मेवा · क़ंद · दही के मटके · गलेमें मढ़ लियां नाडे
से बंधा आराइश की टट्टीयां · गुल बूटे बे शुमार · फिर मेहदी
की रात आई · बोनार नोल की मेंदी के एक दफे लगाये लाल
हाजाते · तमाम उमर हाथ मलता रहे · कापूरी बनियां मेंदी
की चमक · कुंदन की दमक · ये रंग ढंग दिखाया के सब को ·
सुरख रू कर दिया · अब बरात की रात का हाल सुनो · पांच
कोस तक दोनों तर्फ बिल्लौर के फार आदमी के कद से दुग

ने पांच पांच छ: छ: गज के फ़ासले से लगेये एक एक
में सो सो बत्तियां बल रहीथी · और दस दस गज पर चांदी
सोने के पंच शाखे जल रहे थे · हजारों मज दूर ढार रो पर
रोशनी करते फिरते थे रोशनी के झाड़ अलग चमक रहे
थे तर्पो लिये और नोबत रवाने बने · उन पर जर बफ्त के शामि
याने तने फिर आतश बाजी गडी · वे रोशनी थी के सवार को ·
चींटी साफ़ मालूम होती थी · दूला सवार हुवा गुल एक बार
हुवा · किसीने कहा सवारी जल्द लाना ; कोई पटका थाम
ला सभाल कर पुकार · खिद मत गार को बुलाना पल
टने आगे बढ़ी बाजे बजने लगी · नोबत निशान माही म
रा तब · जलूस का सामान सवारी के रिसाले बागें संभा ले · सि
लह दार फ़िर हजारों बांरा सों तक्क · तमामी से मढे उन पर रं
डीयां जवान जवान शादी मुबारिक गानी सज बज दिखा ·
तब ले पर फरराती · सांडनी सवार खास बर दार · दूले के
बरा बर आस पास बर्छी वाले · चोप दार · चोप दार · रोशन चो
की वाले · शाह नाइयां सुर निराले · हज़ारों गुलाम सोने से लदे
हातो में अंगूठीयां · कयी बाद शाह अमीर बजीर राजा बाबू ·
हाति यों पर स वार खवासी में अञ्जु मन आरा का भाई · जा
न आ लम का साला · इसी तरह आहिस्ता सवारी पहर ए
क रात गये दुलहन के दर वाजे पर पोंची · मा मा असीलें दो
डी पानी का कटोरा हाती के पांव के तले फेंका · किसीन कुछ
और टोट का किया · दुला उतर कर मज लिस में आया · बा
रह सो रंडियां भांड भक्की हीजडे जनाने नाच ने गाने लगे · स
वेरे के वक्त काजी आया कई रोज के महसूल पर मेहर बंधा · मु
बा रिक सलामत का गुल मचने लगा फेरे हुए ॥ कबित्त

कूकना·नौबतकी चकोर·झांझकी फुनकार फुट पुटाव
क्त कुछ कुछ तारोंकी चमक धौंसे की गमक चांद के घर
सफेदी दुल्हन वालोंकी ना उमेदी·इतर की लपट फूलो
की महक·सबको नींद का खुमार·कोई पैदल कोई सवार
दूला के घरमें तैयारी·दुलहन यहां ब्याह भी जारी·कोई
झोंके खाताथा·कोई सिर टकराता था·ये तमाशा लायक
देखने के होता है·राह चलती देख कर रोताहै·इसका मजा
तो वोहीजाने जिसने ये देखा हो·किसीके बरातमेंतो गया-
हो अगर आप ब्याह नकिया हो·गरज के सवारी दूला के घर ॥
पौंची·बकरा जिबे किया·अंगूठे में लहू लगा दिया·खीरखि
लाई·रस्मों से फुरसतपाई·जान आलम का घबराना·घडी २
घडीयाली से दिनकी खबर मंगवाना·केकहीं जलदी रातहो·सो
फनेमें मुलाकातहो·कभी चिल्लाना केघंटा देखने को कौन गया
है·वाह किसमत की खूबी·पहर भर होगया·घडी नहीडूबी

होगा कहांथा • फ़िर पूछना था ' अभी क्या बजाया • उधर ः
अंजुमन आराभी जमाई यां लेतीथी • तकिये पर सिरधर
देती थी जब कुछ और तज बीज न बन आती तो लोगों के
दीकाने को ऊंघ जाता • गरज के खुदा खुदाकर शामहुई •
चांदनी छिट की लोग आंख बचाकर इधर उधर खिसक गये
अब सोने के मकान का हाल सुनिये ॥ कबित्त ॥ एक
बारह दरी सफेद गजकी जिसमें के निगाह जाय थजकी
सोने का बिछा पलंग उसमें हीरे जडे रंग रंग उसमें ॥ हरतो
खवासायां तैयार हाजर रहें • जिस्से कितना बेदार ॥ शा
हज़ादा जब उस मकान पर आया • ॥ दुलहन को खवा
स लेउठाया • ॥ मचलाती जाती ती याद शाहजादी पूरा सति क
दम दबाती आई • ॥ गरज के छप्पर खट में आये उस वक्त ः
अंजुमन आरा को देखना चाहिये ॥ चोटी मिस्ख जूरी वो सु
अनर बलखाई • हुई पडी कमर पर ॥ मोती का मुवाफ़ उ
समें डाला था • कालेके मूंमें कोडि याला • ॥ गलों पें करे थे
झूके के हर बार • दो फूल के झूमके फूल के प्यार ः ॥ वो नाकके
दूबे गुल से दहाय जाय • ॥ दम गुंचे का जिस्में नाक में आय ॥
नक तोडो से झलके उसके दमदम ॥ या नाकमें नथ का
आगया दम ॥ बिच्छू का सा डंक नथकी वो नोक ॥ रख
ती थी दिलों से नोक और झोक ॥ अंगारे से लाल लाल
रुखसार ॥ दिल में यही आया की जिये प्यार ॥ गरदन
की वो नाज़ुकी का आलम ॥ चंपा कली दुग दुगी का आलम
बाजू थी भरे भरे वो अर गोला वो नो रतन उनमें पहने
अन मोल ॥ वो हात हिनाथी गोरे गोरे ता खूने उ शाकके च
हेरे वो छातियां गोरि गोरि और सख्त उबरी हुई गोल गोल

दंवरत॥ वो हुस्न वो कुछ लडकपन उसका ॥ गदराया हुआ वोजोबन उस्का ॥उस चंपै रंग पर वहारे क्याजोबनकीउमंग पर बहार रेक ॥ प्यारी प्यारी वो भोली सूरत ॥ चितवन में भरी हुई शरारत ॥ अंगिया वो बनत की जग मगाती॥ जोबन कि भरी फवन की वाली जान आलम देख तेही बेताब होगया· एक तर्फ शौक दूसरे तर्फ़ ख़्याल· अगला पिछला खयाल आने लगा· दरा दरवाले यो के ताकने फांकने का खौफ लगा हुआ हल के दानोने अपने दुखडे· रोये· दस्तूर है· के हर एक अपने प्यारे के आगे शेखी मारता है कुछ अपनी तरफ़से झूठ बोलता है· अपने दिल के फफोले फोडता है· जान आलम ने अपना सब हाल बयान किया अंजुमन आराने जादूगर्नी का हाल सुनकर अफ़सोस किया· मलकाकी बात पर बनावट से हंस दिया· फिर रूठी सूरत बनाई· नाक भौ समेटी· तेवरी चढाई मगर चले आने के सहारे पर मुसकराई· अपनी जान बचाने की अहसान दंदी जताथी· फिर तो शरम उड गयी· छाती से छाती· मुंह से मुं· बदन से बदन मिलगया· मसल है (एक जान दो कालिब) मगर यहां का ये कहीये जान और एक ही कालिब थे· दिल में उमंग मगर शरम से तंग दोनो के दम चढा गये थे· जंगा जरी गाव जारियां कर रहे थे· शाहजादी भौके पर हात न लगाने दती थी· जब बे बस हो जाती तो चुटकिया लेती थी· कभी कहती थी रे साहब कोई इतना घबराता है· देखो तो कौन आता है· कभी आपडट कर देखती· भालती कोई दम यों टालती· कादिम· कहने लगी है है छोड मुझको ॥ बे दर्द नयों मडोड मुझ को दम रुकने लगा· मेरा कहीं हट ॥ चलाकी बहुत थे :

खुश नहीं हुआ जान आलम जवाब में बोला • लग मेरे गले
आ तो प्यारी ॥ दिल की मेरी देख बेकरारी ॥ हात अपनी क
मर में डालने दे • कुछ दिलकी हवस निकालने दे • ॥ १ ॥ आख
र को जान आलम ने दबोचा • बहुतेरा सिट पिटाई • हुसने ए
कन मालो • दिल में तो उसके भी उमंग थी • बरा बर से जवाब
देने लगी • थे जी कि उमंग पर वो दोनो झट आरो पलंग पर हो
दोनो। दो फूलोंकी सेज वो पलंग हुआ है • वो दोनोंकी एक
सी उमंग आह • ॥ गरज़ के मुराद पुरी हुई • कली खिल ग
ई • हुश्न नाको जान मिल गई • अल्लह पनके दिन थे • दो
दोनों पकरा गये • सवेरा हुआ • जान आलम नहाने गया • एक स
हेली उसदेश दान से आई • अंजुमन आरा सो रही पड़ी थी •

कहा के उट्ठो· अबभी पेट नही भरा सूरज निकल आया· यातो इतनी हद थी या अब ऐसी फिसली· अंजुमन आरा कुछ न बोली· सिर झुका नहाने चली गई·॥ कवित्त॥ वो अंचलसे मूंह छुपाये हुये· लजाये हुऐ शरम खाये हुऐ· दोनो नहा धो के आये· पलंग की चादर देखी गई· पंजीरी आई· बराबर वालियों इशारों बातों में रात की पते पते की कही· दोनो ने शरम के मारे सिर झुका लिया· जान आलम बादशाह के पास गया· फतः का खिलत पाया· फिरतो इसकी सल्लाह से राज पाट का काम होताथा· एक बडा बाग रहने को मिला· जान आलम रात दिन अंजुमन आराके साथ शराब पिया कर्ता· और परियों के अखवाडे में राजा इंद्र की तरह चैन उडाता· जिसने कभीये किया हो वोही खूब समझता है· और जिन्ने नही कियाहो कर देखे· नहीतो अंधेके आगे रोना अपनी आंखें खोना है·॥·

चरित्र ७·॥

अब फिर मलका का हाल लिखा जाता है· वो बिचारी कमबख्तीकी मारी रातदिन रोती थी· बिलख बिलख के जान खो तीथी· ॥ कबित्त ॥ यहां तक के उठाने का वक़्त करीब आया·॥ इस पर मेरे बाली पर तुम उठके ना आ बैठे॥ मैं नाम तेरा लेले दिन रात जो चिल्लाऊं॥ जो सुनते हुऐ बहरे कौं कर नग ला बैठे॥ १॥ जोकोई कहता मलका खैर है घुलीजाती हो· क्यो इतना गमखाती हो· तोवो ये कहती॥कबित॥गम खाती हूं लेकिन मेरी नियत नही भरती क्या गमहै मजेका के तबियत नही भरती· ऐसी ऐसी बाते करतीकि सुन्नेवालों की छाती फ़टती· वो कहती मलका इ-

तता न घबरावो · जलदी फिरेगे · और मनोकामना सिद्ध होगी · वो कहती के मेरे दमकी क्या भरोसा है · क्या जाने किस दम निकल जावे · देखो · जिस दिन से गया आजतक उसकी खबर भी न आई · हमने मुफ़्त में जान गवाई · वेसा मूल के जवाब वही दिन रहता · तो उनी पेडो में जहां जान आलम मिला था जाती, आप रोती · संग सहेलियों को रुलाती और कभी सुभों से श्याम तक उसी जंगल में सबको फिराती और ये जबान पर लाती · ॥ कबित्त ॥ रहे था लिपटा हुवा जब के मुझसे प्यार ॥ अजब मजे की थीं रातें अजब वे प्यारे दिन ॥ कब उससे होगी मुलाकात मैं ये पूछूं हूं ॥ जरा तो जोतसी देखो मेरे सितारे दिन ॥ रात को एक बार घर आती और कराह कराह सबको जगाती · और ये सुनाती ॥ कबित्त हराम नींद की इक रात वस्ल जानाने ॥ इलाही कोई किसीका उम्मेदवार नहो ॥ रात बेचैनी से पहाड हो जाती तो वो बडी घबराती · और कहती · हे भगवान जेसा मुलाकात की रात को तूने घटाया वेसा जुदाई की रात का क्यों न जलदी तडका कर दिया ॥ है है · आज मुर्गा बोला न मुल्लाने अजां दी · न चौकी दार के वक्त जागा · और घडी वाली भी नींद के झोके में गजर बजाना भूल गया · कबित्त · ये शबे वस्ल में सब जान के खाने वाले · आज क्या मर गये घडियाल बजाने वाले ॥ दिन रात उस पर भारी थी · किस मुसीबत में वो बिचारी थी ॥ लोग कहते · मलका अल्ला को याद करो रात दिन का रोना अच्छा नहीं · रोरो के आखें खोवोगी · खुदा जल्दी तुम्हारी मुश्किल आसान कर देगा तो वो आह भर कर यह कहती अगर नसीब मे है तो मिलेंगे मगर ये दु-

वाकले रात ढले सवेरा हो · जिसने हमें मारा · वुही हमें उठा
दे · यही हमारी सोनका वदला है · ये इश्क में मजे देखिये ·
वहां तो शाह ज़ादा वागमें चैन उडावे · और यहां मलका वि
लखके जान गवावे · मगर जब एक के दिलमें ज्यादा बेचैनी
होती है तो दूसरा भी तड़फ़ता है · ये इश्क दोनो की जान
लेता है · इस पर एक कहानी याद आई है · बनाने वाले ने ·
खूब बनाई है ॥ कहानी
कलकत्ते में एक अंगरेज सोदागर था · बडा आली शान
सब तरह का सामान उसकी दुकान में मोजूद था · उसकी
एक बेटी थी · बडी खूब सूरत · योंतो सब सामान अच्छा -
था · मगर ये रकम तुर्फा दूम थी · बिलायत से हिन्दुस्तान
तक उसके हुस्नका चर्चा था · और वंबे इसे सूरत तक उस्की सूर
तकी धूम थी · हजारों अंगरेज उस पर जान देते थे · लाखों हिं
न्दुस्तानी उस्के पीछे खराब फिरते थे जिस वक्त हवा खाने
को निकलती तो दोनो तरफ़ लोग खडे होजाते उसका दरशन
करते · और जान नजर करते · इत्तफाक से एक अंगरेज खू
ब सूरत नोजवान · इश्क बाज · ताजा बिलायत से आया ·
एक दिन वो आफतका मारा कुछ सौदा लेने उसी सोदाग
र की कोठी पर आया · और उस हूरके बच्चे को देखा · इश्क
गले का हार हुआ · होश खो बैठा · दिलसे हात धो जानको
रो बैठा असबाब खरीदने गया था · सौदा मोल लिया · उसने
गाहक समझ मोहब्बत के कांटे में तोल लिया · हात पांव ने
सत दिलने हिम्मत हार दी · दिन धोले लुट गया · जब और
कुछ तजवीज बन न आई तो असबाब मोल लेने के बहाने से
आमदो रफ़्त बढ़ाई फिर तो ये हाल हो गया के ॥ कबित्त ॥

दिन में सौरबार अब हम उनके घर जाने लगे · मु हुआने बोलरी हम उन पे मरजाने लगे · ॥ मुहब्बत की आज तक कुछ जी नहीं · लोगों ने बडे बडे जतन किये मगर एक न चली · जब सौदागर के कानमें इसकी भनक पडी तो साहब का आना जाना बंद किया ये बडे घबराये · गरज के साहब बहादुर ने शिकस्त खाई · हिलने की ताकत न रही · लेने के देने पडे · यौड़ इर थाई से लग लई · जो जो उसके दोस्त थे सम झाने लगे · केदके फिक्रमें हुए · और तो की बुराई बयान की मगर इसकी एक खातिर में न आई · आखिर को उस का एक बडा गहरा दोस्त था उसने कहा · क्यों मौत मांगता है · अरे जालिम, ये क्या करता है · सिवाय बे इज्जती के कुछ हासिल न होगा · अपने हातसे अपने ही पैरमें कुल्हाडी मारली किसने बताई है · तूने शायद मजिस्ट्रन के बेटे की कहानी नहीं सुनी · उसने कहा क्योंकर · ॥

मजिस्ट्रन के बेटे की कहानी

मजिस्ट्रन नाम इसी शहर में था · बडा रुपये वाला · सब दुनियां की बातें उस्को नारदून में थी · सो सो जहाज सौदागरी के उसके जाते थे · मिट्टी में हात डालता तो सोना हो तआता · सिवाय बेटे के और कुछ हवस दिलमें न थी · नसीबे वालों की दुवा जल्द कबूल होती है । ९७५ बरस की उमर में एक लडका पैदा हुवा · बडा खूबसूरत · बारह बरस की उमर में लिख पढ के तैयार हुआ · और तेरह बरस में बापसे सफर की छुट्टी मांगी · । मजिस्ट्रन ने कहा के अभी थोडे दिन सबर कर · वो बोला · आप बुड्ढे हुए मैं चाहता हूं के आपके जीते जी सफर को जाऊं और अपनी

चाला की बताऊं लाचार दापने दस दारह जहाज लोग वागसा
पकर दिये· दो महीने दाद आंधी जो आई जहाज़ नदाह हो
गये · मजिस्हल का येक तख्ते पर डूबता उछलता बह चला
सात वे दिन वो तख्ता किनारे लगा ये उतरा और घासकी र
स्सी से तख्ते को पत्थर से बांध दाला चारा लूट ले गया · थोड़ी
दूर पर एक शहर दिखलाई दे· उठता बैठता उधर चला · देखाके
शहर खाली है · न कोई वारिस है न वाली है · रुपये अशर
फीयों का ढेर लगा · हुआ है · फिरते फिरते किले में आया ·
वहां फूल फल देखे · बीचमें एक बंगला था · ये जर बख्त का प
दी उठा अंदर घुस गया · देखाके जवाहर के पलंग पर सुर्देकी
तरह कोई सोया है · दुपट्टा ताने न कोई पायती न सिराने इसने दु
पट्टा सरकाया · औरत ने चोक · कर सिर उठाया और इसको देख
कर कहा अपनी जवानी पर रहम खा यहां से चला जा · बिन आ
ई मरेगा · कोई आदमी न करे गा · इसने कहा तू हाल तो क
ह · औरत बोली तू पहले अपनी सुना · इसने कहा ऐसा
त दिल का भूखा प्यासा हूं जो कुछ खाऊं तो बात करूं · औ
रतने कहा के मुद्दत वाद आज खाने का नाम सुना · गम के
सिवाय खाना आंसू ओके सिवाय पीना यहां नहीं है · खा
ने की किसम से कसम तक भी नही खाती हूं · क्या जाने क्यों
कर जीती हूं डरके मारे दिन पूरे करती हूं · और जान ऐसी
सख्त कंबख्त है के नहीं निकलती · लोग कहते हैं के वे खाये
पिये जीते हैं ये बात झूठ है · दिलको खाते है · और लहू को
पीते है · तू इस बागमें जा · जिस मेवे पर दिल चले वो खा · ये ग
या मेवा खाया पानी पीया · उलटा आ औरत को सब अप
ना हाल सुनाया · और उसका पूछा · वो बोली कैसें यहां की ?

शाहजादी हूं • बाप मेरा यहां का बादशाह था • मैं रात दिन सैर और शिकार किया करती थी • एक दिन नदी किनारे सांप दिखा वो मेरी तर्फ़ को बढा • मैंने उसे तीर मारा • क्या जाने ल लगा मगर देखा तो एक बडा अजदहा कपटा आता है • मै तो घोड पर चढ कर भागी और मेरे साथी यों को वो अजदहा खा गया • यहां तक के शहर में बादशाह से हैवान तक भी नहीं रहा फ़क़त मैं बची हूं • शाम को वो यहां आता है • और दो घडी बैठ कर गायब होजाता है • जब भूख लगती है तो मेवा खालेती हूं • कोई अपना नहीं • खुदाके डरसे तुझ पर शुक्र कर दिया • इसने कहा तू खातर जमा रख • आजही फैसला कर देता हूं ये कह कर किलेमें से बारूद लाया • सांप के बैठने की जगह गढ़ा खोदा • बारूद बिछाई • दूर तक सुरंग बनाई • और उस पर हरी घास जमाई • शाहजादी ने कहा अब वो आता होगा • ये सुन कर मजिस्टून का बेटा सुरंग के कोने मे जा बैठा • इतने में वो अजदहा आया • और अपनी जगह पर उस क़ुदम ने हरा फर्शी बिछा पाया बहुत खुश होकर बैठा मजिस्टून के बेटे ने पथ्थर से आग काड सुरंग उडाई • येक ही दफ़े धस का हुआ वो जमीन का टुकड़ा सांप समेत आस मान को उड़ गया • फिर तो ये दोनो खुश हुए • सात बार तक ही खडे रहे दो लडके भी पैदा हुए • एक दिन शाहजादी ने कहा के शहर का बसा ना चाहिये • अकेला दिल नहीं लगता • वो बोला के अगर घर जाऊं और मजिस्टून को लाऊं तो ये बस्ती बसे • उसने कहा मैं अकेली क्योंकर रहूंगी • मैं भी तेरे साथ चलूंगी • आखर दो एक एक लडका दोनो गोद में लेकर चल निकले औ र वही पहुंचे जहां वो तख्ता था • कहो जो हो सो हो • इसी पर

सवार हो · कहीं तो जा निकलेंगे · येक हुकार सवार हुऐ · मजिस्ट्रन का बेटा तख्ता खोलने लगा शाहजादी बोली यूं तो मालवो होत है · मगर एक नारियल · हुकसीर से भरा हुवा है · अगर कहै तो लेआऊं · आदमी निल्या रावे के फेरसे रहता है · इसने कहा जो लेआ · शाहजादी लडका गोदमे लियेउत रीउसके उतरते ही ऐसा हवा चली के रस्सीतक्ते की टूट गई व ह चला · बहुतेरा हात पैर मारे मगर किनारे न लगा · किना रे पर शाहजादी अलग रोरही थी · इतने में एक जाहाज आया · जहाज वालोने देखा के कोई जवान लडके को गोद मे लिये बहा चला जाता है · रहम खाकर एक डोंगे को दौडा या · इसको जहाज पर लिया · जहाज का मालिक मजिस्ट्रन का दोस्त था उसने उसके बेटे को पहचान लिया बडी खातर की कल कत्ते में पोहचे · बेटा बाप से मिला · घीके दीवे जले · मजिस्ट्रन ने बेटे से तमाम हाल पूछा · बेटे ने सब दाह वार बापसे कहा अब देर नकीजे जल्दी चालिये ऐसा मु लक और रुपया हातसे न दीजिये · मजिस्ट्रन ने कहा · खैर है · येभी येक किस्सा था जो मैने सुना · और ख्वाब था जो तूने देखा · बेटे ने कहा के ऐसा अकल मंद और ऐसी बात कहे · दुनिया में तीन चीज़ है · जर जमीन जन यानी रुपया धरती और औरत · ये सामान जमा है अगर आप नहीं जाएंगे तो बंदा अकेला ही चपाहुंचता है मजिस्ट्रन ने क हा अफ़सोस · हमतो तुम्हे अकल मंद जानते थे मगर ये ह मारी नादानी थी · तुम्हारी जवानी थी · कोई नादान से निदा न भी · औरत का बात पर ध्यान नहीं करता · ये बातें जभी नदा थीं के जब तुम और वो एक जगे थे ये किसकी यार है · जहां तुम

से ग़रज़ मिला · उसको होली · मसल मशहूर है · (औरत
को तरफ़ चाहिये न दक्त) लोग कहते हैं के औरत जबतक
अपने पलंग पर है तब तक अपनी · हम इसको भी नहीं मान
ते नींद और मौत बराबर है · बल्कि करवट फेरने में इधर की
दुनियां उधर हो जाती है · जो लोग औरतों पर सख्ती करते हैं
वे बडे बेवक़ूफ़ हैं क्या वो नहीं जानते (कहते आपसे नहीं तो
जा सगे बापसे) मजिस्द्रन ने बहुतेरा उतार चढाव दिये मगर
उसने एक न माना लाचार मजिस्द्रन भी साथ हो लिया जहां
ज पर चढे और उस मुल्क में पोंचे मगर दंग हो गये सब न
फ़ आदमी फिरते थे · मजिस्द्रन के बेटे ने जाना के मैं रस्ता भू
ल गया · आदमी यों से पूछा · इस शहर का नाम क्या है और
वहां का हाकिम कौन है · उन्होंने कहा यह शहर उजड गया है
फ़क़त बादशाह की बेटी बची थी · सो दस दिन से शादी की
और ये अबादी हुई है · मजिस्द्रन ने बेटे से कहा खुशहो बहुत
हुए होंगे · सीधे फिर चलो · उसने कहा इतनी मुसीबत उठा
ई उसकी शकल भी नजर न आई · दो बातें करलूं तो फिर
चलूं मजिस्द्रन ने कहा कहा मान · नहीं तो मुसीबत पडेगी ·
मगर उसने एक भी न मानी · लोगों से पूछा शाहज़ादी क
भी सवार भी होती है · उन्होंने कहा हां रोज़ निकलती है · ये फ़ल
पूछ पांव लडके का हाथ पकड के रस्ते में जा खडा हुआ · इतने
में शाहज़ादी घोडा फेंकती आई · ये पुकारा हमने इक़रार पूरा
किया हाजर हुए · लडका सलामती से मौजूद है · क्या हुक्म हो
ताहै वो किसानों की तरफ़ देखती चली गई · कुछ जवाब नहीं
दिया · ज़लील होकर घर में आया · बापने हाल पूछा इसने ज
वाब दिया आज मुलाक़ात न हुई कल फिर जाऊंगा · उसने क

हाक्यों शामत आई है· नाहक जावोगे मुफ़्त में पकडे जावोगे· दूसरे दिन इसने बेटे को सिखलाया के जब सवारी आवे तो तूं १ घोडेसे लिपट जाना· और कहना कि दुनिया का खून सफेद होग या· माकी उल्फ़त से बाप की मुहब्बत में ज्यादा मज़ा पाया· वो तो उस को साथ लिये फिरता है· तुम बात की भी नहीं करती हो· बल्कि पहि चान नी भी नहीं· जिस वक्त सवारी आई· ये तो बहुत जला था· और समझ चुका था· कि खेल बिगड गया· कहा· बस शाहज़ादी बाग को रोको· वो तो खुद रुकी हुई थी बाग भी रुक गई· मजिस्ट्रेट का बे टा बोला·॥ कबित्त

याद वो दिन है कि नफ़रत थी ज़माने से तुझे।
होती वह शान थी बहुत गैर के आने से तुझे॥
खौफ़ आता था कही आने से जाने से तुझे॥१॥
मकर था याद खबर थी न बहाने से तुझे॥२॥
बेधडक गैर से बातों का कभी तौर न था॥
हसी हसथे तेरी सोहबत में कोई और न था
कभी चोटी की खबर न थी न था कंघी का ख्याल॥
बारहा उलझे हि रहते थे सिर के तेरे बाल॥१॥
पान की लाखे से और मिस्सी से होता था मलाल
मुझको अफसोस ये आता है के गुज़रा नही साल
ऐसी क्या बात तेरे दिल में समाई ज़ालिम॥१॥
इफ़ा तन सब वो रस्मो रसम भुलाई ज़ालिम॥
थी लगा वट हि तुझे याद न खेल ना सबसे॥
गरम जोशी का भला कब था ये लपका सबसे
मैं बैठना कोने में हरदम तुझे तनहा सबसे॥
तुझको लग चलते कभी हमने देखा सबसे।

अब तो रुद्दी में किया के गरज़ तूने किया
खुलगया सब ये तेरा भेद ग़ज़ब तूने किया।
मुबारक सद मुझे हुई जल्द रिहाई तुझसे॥
अब तो नाहक हज़ार मुकद्दर है सफाई तुझसे
बजा अपनी क्या कीजे बुराई तुझसे॥५॥
न मिलें पर जो कहे सारी खुदाई तुझसे॥
जुदा मिलने से हम हाल तेरे खो बैठे॥५॥
खुश रहो तुम के तुझे खोल के दिल रो बैठे॥
अब कसम खाता हूं लो दिल न लगाऊंगा कभी.
ज़िल्लतो रंज न इस तरह उठाऊंगा कभी॥५
गर न रहें दारमी दुनिया में पाऊंगा कभी ५
रखूं तो क्या है नहीं पास बिठाऊंगा कभी ५
मैं तरस अब दिल के लगाने ही का जाना न रहा
यार लोगों की ज़बां पर ये रहेगा हर बार ५
गो कि आशक था मगर था ये बड़ा ग़ैरत दार॥
देख बद वज़ा किया देर दिये ऐसा कुन कार॥५
सिर पटक के मर गये सब परन मिला वो जिनहार
करे माशूक दग़ा किसी से तो ऐसी करे॥५॥
पहुंचरे बात की आशक तो भला ऐसी करे॥
ये सुन के वो सर निंदा हुई फ़िर लडका घोडे से लिपट ग
या. जो बापने सिखाया था वो कहने लगा जब कह चूका था
हज़ादी ने तसनूबा उस पे फोक दिया धमसे गिर पड़ा. और
वो: नाग उठ चलदी. मजिस्टून बोला क्यों जो हमने कहा था
वोही आगे आया. वो: बोला सवेरे जो होना है हो जावेगा. मजि-
स्टून ने कहा के तू: अपना भी वोही हाल किया चाहता है. दूसरे

दिन दो चला · मजिस्नून काजी न रुक सका साथ हो लिया · जब ॰
शाहजादी की सवारी पास आई · बाग पकड़ ली · अभी जबान
भी नहिं लाई थी · कि शाहजादी बोली, मजिस्नून हम ने सुना था ·
तू: बडा होशियार आदमी है · सब तरह का जमाना देखा हुआ
है · मगर अफ़सोस · के बई रिशोक से तूने नहीं सुना के जो ग
या सो गया · सो किन किन बातों को याद किजिये · बनबन के खे
ल ऐसे लाखों · बिगड गये है · ये कह के घोडा छूट कारा: मजि
स्नून ने और बोलने में जान का डर देखा · बेटे को झुकके सला
म किया वेभी बुढ्ढे बाप का बेटा था · शर्म के उलटा फिरा जीते जी बा·
पसे आखर चारनकी: फिर उस अंग्रेज ने कहा के इस कहानी से
ये मतलब है के आदमी वो काम न करे जिस्में आखिर को जली
ल होवे · अब क्या कहने हो बोला ॥ कबित्त
कब तलक जिऊं गा में मौत एक दिन आनी है ॥ इन दिनो
जो आजाये ऐन मेहरबानी है ॥ लोगवाग सिर पटक के उठ खडे
हुऐ · कहा जब ये जान गवावे गा तब ये झगडा जावेगा; जब उसका
अबतर हाल हुआ · तो उन्ने दोस्तों को चिट्ठीयां लिखके जमा किया
कहा के कल हमारा कूच है · अगर हमारा कहा मानो गे तो यहां तु
म्हारा नाम होगा · और वहां नेक अंजाम होगा · सबोने मान लिया
उसने कहा के मेरे मरने के बाद मेरी लाश बडा धूम धाम से बजरे
के छतर पर संदूक में धर बाजे बजाते मेरी प्यारी की कोठी के नी
चे से लेजाना · और दिल में ये था ॥ कबित्त ॥
॥ साथ वो मेरे जनाजे के लहद कबर तक आये
अय अजल तेरा कदम मुझको मुबारक होये
रात को साहबबहादुर चल बसे · सुबह को ये खबर सब में फै
ली सोदागर बच्ची के कान में भी पहुंची मुहब्बत ने जोश कि

या। अन्तर खास से दबाये रक्खा। साहब लोग सिर नंगे गुल मचा
ते दाजे दुज़ाने जनाज़ा कंधे पर लिये चले। हज़ारों लोग रोते।
पीछे साथ थे। इसी सूरत से कोठी के नीचे जनाज़ा आया।
उस वक्त सौदागर बच्ची मुहब्बत के मारे कोठी पर चढ़ गई।
और ये इस तरह बोली के। लाश किसकी है, के मुहब्बत के हल
कारे बच्चे बच्चे कह रहे हैं। वो बोले के तुम्हारा हीनो मारा हु-
आ है। अफ़सोस के उसने जान दी और तुम्हें खबर न हुई। ता
क सरवशा ने उसको सुना कर ये कहा।। कवित्त

।। मुकर जाने का ज़ालिम ने निराला ढब निकाला है
सबों से पूछता है किसने इसको मार डाला है ।।

ये सुनते ही उसने चीख मारी और धम से संदूक पर कूद पड़ा
दम निकल गया। आशिक़ा माशूक़ सीधा जग गया। मुहब्बत ने
इस तरह दोनों बिछड़े हुओं को मिलाया। लोग फ़रीग
थे दूर दूर खबर पौहची। आखिर को दोनों को साथ एक
संदूक में गाड़ दिया। ये मुहब्बत के मज़े हैं। कब जी न छोड़ती
है। अब मलका का हाल सुनिये उस बुरा हाल हो गया।।

कवित्त। लगे ज़मीन पर आज उतार दे हमको ।। ५।।
ये दिन दिखाये तेरे हुस्न ज़ारने हमको ।।
जुदाई में तेरे बिस्मिल अब तो मारा है ।।
तड़प तड़प के दिले बेक़रार ने हमको ।।

सुबह से शाम तक छिक छिकी लगी रहती। दरवाज़े की आ
हट पर कान था। आखिर को आंख बंद हो गई। गए दिन छिक
छिकी बांधने के बाद। आस्ते रहती है दो दो पहर बंद। जब मलका
का यह हाल हुआ तो जान आलम बेचैन हुआ। दिल में सोच
ने लगा। क्या जाने मलका कैसी होगी। जानते हैं या मर गई।।

जल्द चलना चाहीये॰ अंजुमन आरासे कहा हमतोजाते हैं॰
और बादशाह से रुखसत लेते हैं॰ अब और नहीं ठहरते॰ये
तो बेतार थी बोलीके बेहतर है॰ मुझको भी जंगल देखने॰
का शौक है॰॥ कवित्त ॥ चलिये गातो साथ है॰
दिला उजुर॥ रहिये गातो बंद गीमें क्या उजुर ॥ बादशा
हसे जाके कहा॰ वो सब तो गया॰ कि मैं कभी जाने न दूं
गा॰ जंगल की सैरका शौकहै तो यहीं जावो॰ सब ची
ज मौजूद है॰ जान आलमने अरजकी कि हजूर को॰
एक बरस में मुझसे ऐसी मुहब्बत होगई॰ के जान और मा
ल से मौजूद है॰ भला हाल उनका क्या होगा जिन्होंने लाखो
मिन्नतो और मुरादो पर न दिन को दिन॰ न रात को रात॰
जानकर सोला सतरा बरस खाक छानकर मुझको पाला॰
हिदाने वतनमें घरसे निकला॰ मुद्दतसे मेरे जीने मरने का हा
लभी मालूम नहीं॰वे कौनसी आदमी थन है॰ कि आपनो
चैन करें और मा बाप जलके मरें॰ अब इसमें तीन पांच न
कीजिये॰ घर जाने दीजिये॰ बादशाहने देखा कि अबये नमा
नेगा॰ कहाकि अच्छा जावो जो तेरी मरजी मगर सफर की
तैयारीमें ४० दिन तो चाहीयें॰ जानआलमने ये मान लि
या॰॥

चरित्र ८

चालीस दिनमें सफर का सामान सब तैयार हुवा॰ बाद
शाहउदास दो कोस शहर से बाहर एक ठेकड़ी परजा ब
ठा॰ और वजीर को हुक्म किया कि तुम शाहजादे को रुख
सद करो॰ हम यहांसे सवारी का जलूस देखते हैं॰ तमाम ख
लकत पांच बरस का लडका पिछान वे बरस का बुढ्ढा॰ और
तमर्द॰ सब तमाशा देखने को चले आये कुछ पुछे कना

न·ताज·बहरी·शिकारी·कुत्ते·चीते लहू पीते·फिर
गुलाब·सड़के छिड़काव करते·वेद मुश्क छिड़कते·
हज़ार लाल देने जल रही·खुशबो केसारे उबल रही·
इतने में सुबह हुई·बत्ती का झिल मिल झिल मिला·
उदास जलना सवारी का हलके २ चलना·जंगल में जा
न वरों का बोलना·फूलों का खिलना·चांदनी का छुपना·सूर
ज का निकलना·तमाशा देखने वालों की भीड़ भाड़·लो
गों की उखाड़ पछाड़·इतने में खास बरदारों का गोल
आया·किम ख्वाब की मिर्जीई·मखमल के घुटने दिल्ली
के नागोरी·पांवमें·सिर पर फेंटे बंधे·कला कलकी एक
ल चकमान तोड़े दार कमर·तीन शेर बच्चे·जिस्से शेर
जीता नबचे आसपास कुरछी बरदार बीच में जान आल
म घोड़े पर सवार बराबर अंजुमन आराका सुखपाल हज़ार
पांच सौ कहारी प्यारी प्यारी छोटी उमर गदराया हुआ बद
न माल मस्त अतलसके लहंगे मसालादार का झलमलके
दुपट्टे बारीक बनत गोखरू कुर्ती·अंगिया कंधों पर सुखपा
ल कुछ इधर कुछ उधर जड़ाऊ कड़े नाजुक नाजुक हाथों में
पड़े पांवमें सोने के तीन तीन छड़े कानों में सादी सादी बालि
यां जोबन की मस्त वालियां·तेवरी चढ़ाके पांव धरना हर बात पर
नकतोड़ा करना कहीं सीसकी कहीं हिचकी इस तरह·से
सवारी बादशाह के पास पहुंची जान आलम ने देखा
कि बादशाह की आंखों से खून जारी हिचकी लगी है·अ
र घोड़े से कूदा बादशाहने कसम देके कहा कि इस वक्त
हमारे पास न आवो खुदा को सौंपा·चले जावो जान
आलम फिर सवार हुवा·जब शाह जाने·घोड़ा बढ़ाया

हमको नछेडो तुम केदो अब हम नही रहे॰
घब राते क्यों हो॰यही हाल है॰ दो रोजसे फैसला हुवाजाताहै॰
तकदीरके आगे तदवीर नहीं चलती॰ इतने में एक लौंडी॰
वारह दरी से उतरी॰ और बोली॰ किखुदाजाने इतनाबडालश्
कर कहांसे आया॰ मलका हंसी॰ और सैरके वहाने से लोंडि
योंके कंधे पर हात धर ठंडी सांस भर कोठे पर चढी॰ देखा केब
डा लश्कर पडा है॰ बाद शाहीडेरे खडे हैं॰ इतने में जान आ
लम तीन चार सवारो से घोडा दौडाये॰ चला आया॰ मलका दे
खकर घरा गई॰ मानो उतफके हालों में सफरका मारा घर
से आवारा देखाथा॰ या अब चाक चौबंद पाया॰ जान आल
म घोडेसे उतर सीधा मलका के बापके पास गया॰ सलाम
किया॰ उसने दुआदी॰ छाती से लगा लिया॰ फिर अंजुमन
आराकी सवारी आई॰ उसभी भी सलाम किया॰ मल्का॰
का बाप बोला॰ शाहजादी॰ फकीर के हालपर तुमने इनायत
की॰ खुदा तुम्हारा भला करे॰ उसने अर्जकी लौंडी मुद्दत सेबाद
शाहकी जबानी आपकी तारीफ़ सुना करती थी॰ आज शाह
जादे की बदौलत आपके दीदार नसीब हुए॰ दो घडी बैठ कर अ
र्ज किया॰ जो हुक्म होतो मल्का से भी मुलाकात करूं॰ उसने
कहा इसमें पूछना क्या है घर आपका है॰ जान आलम रुखस
त हो खेमेमें आया॰ अंजुमन आरा मे मलका के घरका रस्ता लि
या॰ आनेकी खबर पहिले ही मलका को पोंची थी॰ सामान उस उ
जडे घर का फिर दुरुस्त हुवा॰ जब सवारी देखी तो मल्का पेश वाई
को आई॰ फरशी सलाम किया॰ उसने गलेसे लगा लिया॰ मल्का
आखोंमें आंसू भर लाई बोली तुमने मुके शर्मिंदा किया॰ मै फ
कीरकी बेटी॰ तुम शाहज़ादी॰ आपके पांव आखों पर रखने

चाहीथें· आपके आने से मेरी बडी इज्जत हुई· अंजुमनआ
राबोली· हमने खूब किया· औरत अगर ये चोचले· की बातें
न करती तो क्या होता· ऐ साहब हमारी तुम्हारी तो बराबरी है·
और हिसाब की राह से पहिले तो सभाला मनी से तुम्ही हो·
सरकार की फ़ज़्ल हमें मिली हैं पहिले मजा आप ही ने चक्खा है जो
बन लूटा है· दो दोनों के होकर रात भर हंसी ठठ्ठे में प्यार मुहब्बत की·
बातें होती रहीं· सुबह को अंजुमनआरा जान आलम के पास आई·
देर तक मल्का की तारीफ करती रही के आज तक ऐसी औरत न दे
खी थी· दूसरे दिन जान आलम ने मलका के बाप से कहा के·
अब वादा पूरा कीजे· वो बोला हम इस लायक कहां हैं· तुम क़ौ
ल के पूरे इकरार के सच्चे हो· लौंडियों में धरलो· शादी का नाम
लेना तो चिडाना है· न वो हम हैं· न हमारा वो जमाना है·

आखिर को मलका का निकाह जान आलम के साथ हुवा·
अब ये मालूम हुआ के एक रात अंजुमन आरा की और दू
सरी मल्का की थी· और उन दोनों में ऐसा प्यार बढ़ा के शा
हज़ादे की आशकी नज़र से गिर गई· सच है; बड़े घराने
वालों में जलन और हसद का नाम नहीं· जलन अदावत· दां
ता किल २ रेज की तू तू मैं मैं छोटे लोगों में होती है· उन्हें बहुत
रा समझा बोली चूं चूं दिखावो मगर वो बेगार्ला गलीज झोंक फाटा के
नहीं मानते दो दिन मिल के नहीं रह सक्ते· जिंदगी जहर होती है· ला
ख तरे का गम होता है· नाक में दम होता है·॥

कवित्त॥

इश्क में दोनों तरफ़ उलफ़त बरा बरा चाहिये
दिल से तो बेदा हो उसका दंदा बरा बर चाहिये॥

चरित्र १०

कुछ दिन शाहज़ादा वहीं रहा· एक दिन ये सब बैठे हुए थे· जान
आलम ने कहा· हमे घर छोड़े अजी जैसे मू मोड़े मुद्दत हुई·
अभी दिल्ली दूर है· अब चलना जरूर है· वो दोनो बोली बहु
त खूब· मल्का के बाप से जिकर हुआ· उसने भी रोकना मुना
सिब न समझा· सफर की तैयारी हुई· इतना माल और अस
बाब शाहज़ादे को दिया के वो अंजुमन आरा के बाप का दहेज
भूल गया· चलते वक्त मलका के· फ़कीर के पास कुछ भी न था
जो देता· मगर एक चुटकला बताता हूं· जब वक्त पड़ेगा बड़े काम
आवेगा· दौलत इसके आगे कुछ माल नहीं· मगर होशयार रहना
फिर अलग लेजा कान में मंत्र फूंका और कहा कि अगर माजा
ये भाई से नी कहा गे तो दगा खावो गे· फिर अंजुमन आ
रा के पास आकर कहा· या शाहज़ादी फ़कीर ज़ादी को

दो चार घडी के बाद फिर अपने अपने खमे में आये व
ज़ीर ज़ादे के वास्ते बडा खेमा खडा हुआ · जान आलम ने
दोनों आज़ादीयों को बुला कर वज़ीर ज़ादे से कहा के जिस
तर्फ तेरा दिल चले दिलादूं · वो हरामी टाल तो औरही धुन
में था · कहा मेरी क्या मज़ाल है जो इनकी तर्फ आंख उठाके
देखूं · जान आलम बोहत खुश हुवा · और दिल में वज़ीर
ज़ादे का घर हुआ · तमाम रस्ते की मुसीबतें सुनाईं · म
गर जब फकीर के लडके का जिक्र आता · टाल जाता · वो स
मका इस्में कुछ भेद है · एक दिन मल्का और अंजुमन आरा
ने मिल कर जान आलम से कहा · ये नया माजरा है · हर
दम एक गैर · और जवान आदमी की सोहबत में शरीर
करना · खला मला रखना क्या जरूर है · बादशाह कभी
ऐसा नहीं करते · शैतान को इन सान दूर नजाने · गैर का
एतबार न करे · जान आलम ने कहा फिर कभी एसी बा
त जबान पर मत लाना · उस्ने तुम्हारी लौंडियों तक का पास
किया · और मैं क्या ऐसी नादान था · जो बे देखे भाले दस्तूर के
बर खिलाफ करता · मल्का ये सुन कर हंसी · और अंजुम
न आरा की तरफ मूं फेर के कहा · खुदा के वास्ते इन्साफ तो
कीजिये · खातिर की तली जिये · इनकी सादगी में किस वक्
फ़ को शक होगा · आप अगर अकल के दुश्मन न होते तो क्यों
हौज में कूद कर जादूगनी की कैद में फसते · नाम डूबोते · लो
भला सच कहो · शरमिंदा नहो जी में क्या समझे थे · जो कूद पडे
ज़रा ख्याल न आया · के कहां अंजमन आरा और कहां जंगल
का हौज · वो बादशाह की बेटी थी के किसी मछली की पोती
थी · जान आलम ये सुन खिसियाना हो गया · कहा · वा

दो चार घडी के बाद फिर अपने अपने खेमें में · आये · व
ज़ीर ज़ादे के वास्ते बडा खेमा खडा हुआ · जान आलम ने
दोनों शाहज़ादियों को बुला कर वज़ीर ज़ादे से कहा के जिस
तरफ़ तेरा दिल चले दिला दूं · वो हरामी तो तो औरही धुन
में था · कहा मेरी क्या मजाल है जो इनकी तरफ आंख उठा के
देखूं · जान आलम वोह हंस खुश हुवा · और दिल में वज़ीर ज़
ज़ादे का घर हुआ · तमाम रस्ते की खुशी बतें सुनाई · म
गर जब फकीर के लडके का जिक्र आता · टाल जाता · वो स
मझा इस्में कुछ भेद है · एक दिन मल्का और अंजुमन आरा
ने मिलकर जान आलम से कहा · ये नया माजरा है · हर
दम एक गैर · और जवान आदमी की सोहबत में शरीक
रहना · खला मला रखना क्या जरूर है · बादशाह कभी
ऐसा नहीं करते · शैतान को इन सान दूर न जाने · गैर का
एत बार न करे · जान आलम ने कहा फिर कभी एसी बा
त जबान पर मत लाना · उस ने तुम्हारी लोंडियों तक का पास
किया · और मैं क्या ऐसी नादान था · जो बे देखे भाले दस्तूर के
बरखिलाफ करता · मल्का ये सुन कर हंसी · और अंजुम
न आरा की तरफ मूं फेर के कहा · खुदा के वास्ते इन्साफ तो
किजिये · खातिर की तलीजिये · इनकी सादगी में किस बेवकू
फ़ को शक होगा · आप अगर अकल के दुश्मन न होते तो क्यों
हौज में कूद कर जादूगनी की कैद में फसते · नाम डूबोते · लो
भला सच कहो · शर मिंदा न हो जी में क्या समझे थे · जो कूद पडे ·
जरा ख्याल न आया · के कहां अंजमन आरा और कहां जंगल
का हौज · वो बादशाह की बेटी थी के किसी मछली की पोती
थी · जान आलम ये सुन खिसियाना हो गया · कहा · बा

न श्रौर श्रस सरवरा पन श्रौर॰ कहांका जिकर॰ फिर जगे सि लाया॰ क्या मेरी हंसी का सौदा श्रापके हात श्राया॰ श्रैतो स मझो सुहबत में क्या क्या नहीं होता॰ भला श्रपनी बातें तो याद करो वो कौन रात दिन बिल बिलाया करता था॰ कह हकनाहक लौंडियों को धम काया करता था॰ मल काने क हा देखा॰ श्राप शुमये॰ तोये कहानी लाये॰ मैंतो श्रौरत हूं॰ श्रौर मुझको नाकिस श्रकल सब कहते हैं॰ भला साहब श्रगर मुझसे वे दकूफी की हर कत हुई तो तत्र जुब नहीं॰ लेकिन शुक्र करने की जगह है के श्रापका मिजाज भी मे रा हिसा है॰ ये बात हंसी में उड गई॰ मगर वो हराम जादा ह रकत हर मुकाम में वक्त ताकता था॰ एक दिन एक जं गल में लशकर पडा॰ फूल खिले रहे फिरे दह रहे दिमा ग में खुश बो समायी॰ जान श्रालम को लहर श्रायी॰ वजी रजादे का हाथ पकड फिरे पर जा बैठा॰ शराब मंग वाई॰ दौ र चलने लगा॰ शाह जादा मत वाला हो कर प्यार मुहब्बत की बाते करने लगा॰ वो हराम जादा ये मौका गनी मत जा न रोने लगा॰ जान श्रालम ने हंसके कहा खैर है॰ वो बोला॰ जोजो नौकरी का हक होता है॰ सो गुलाम ने किये॰ कहां कहां सा थ दिया॰ मगर खूब एतबार भर पाया॰ जब श्राप सा कदर दान दालको छुपादे तो॰ फिर श्रौर किसीके स किस बातकी उम्मेद रहे॰ जान श्रालम ने नशेमें श्रागा पीछा न सोचा उ सके रोनेसे बे चैन होय गया॰ कहा श्रगर तुझको यही रंज है तो॰ सुनले॰ मुझे श्रल्ला के वासते ये बात बताई है॰ के जिस बदन मे चाहूं श्रपनी जान डाल दूं॰ उसने पूछा किस त रह॰ शाह जादे ने सब तरह की तर कीब बता दी॰ जब

वो सीख चुका तो बोला · के गुलाम को बगैर अपनी आंखों
से देखे गलती का शक है · शाहजादा उठ के जंगल की तरफ़
चला · दो चार कदम पर एक बंदर मरा हुआ पडा था · क
हा देखमें इसके बदन में जाता हूं · ये कह कर शाह
ज़ादा जमीन पर लेटा · बंदर खडा हुआ · वजीर जादे
को सब ढंग याद होगया था · फ़ौरन बेईमान ज़मी
न पर गिरा · जान आलम के खाली बदन में अपनी
जान डालदी · और कमर से तलवार निकाल अपना
बदन टुकडे टुकडे कर डाला जान आलम का नथा कि
र किरा हुआ · समझा बडी खता हुई अपने हाथ से पांवपर
कुल्हाडी मारी · वो बेईमान · बंदर के पीछे दोडा शाहजादा
भाग के बिचारा दरख्तों के पत्तों में छुपा · वो हरामजादा ·

लहू के पडों में छिड़के बेधड़क मल्का के डेरे में आया॰
रोया पीटा॰ चिल्लाया॰ कहा बड़ा जुल्म हुवा॰ मैं वजीर जा
दे के साथ सैर करता था॰ एक दफे ही जंगल में से शेर
निकला॰ और उसे उठा ले चला॰ मैंने अपनी जान पर खेल
कर शेर को जखमी किया॰ मगर उसने न छोडा ले ही गया॰ म
ल्का ने अफसोस किया समझा कि उसकी मौत यों ही थी॰ अब
क्या हो सकता है॰ वहां से फिर अंजुमन आरा के पास गया॰
वहां भी यही कहा॰ मगर घबराया हुआ॰ बाहर चला गया
मलका अंजुमन आरा के डेरे में आई॰ वजीर जादे का जि
क्र आपस में होता रहा॰ लेकिन मलका तेवरी नाडती थी
उडती चिडिया पहचानती थी॰ घबरा के बोली॰ खुदा खै
र करे॰ आज बहुत सुगुन बुरे हुए थे॰ सुबू से दहनी आंख ॰
फडकती थी॰ हिरनी अकेली रस्ता काट मेरा मूं तकती थी
अपनी छाया से भडकती थी॰ डेरे में उतरते वक्त कि
सी ने छींका था॰ तड़के ही बुरा सुपना देखा था॰ तुम भी
तो खुदा के फजल से अकल और शहूर रखती हो॰ आ
ज की हरकतें शाहजादे की तो देखो के आदत के खिलाफ़
हैं॰ या तुम को यों ही वहम है॰ अंजुमन आरा ने कहा तुम
जानती हो॰ के वजीर जादे से कितनी मुहब्बत थी॰ रंज बु
रा होता है॰ बदहवासी में क्या होता है॰ वो रात मलका के पा
स रहने की थी॰ उसे अंदर का हाल क्या मालुम था॰ तबि
यत के लगाव से अंजुमन आरा के डेरे में गया॰ जब पहर ब
जा मलका वहां गई॰ देखा शाहजादा बैठा है॰ मगर चौकडी
भूला हुआ॰ उसने पूछा आज कहां आराम करोगे॰ वो घ
बराकर बोला॰ जहां तुम कहो॰ मल्का ने कहा यहीं सो रहो॰

शाहजादे ने कहा बहुत खूब· येभी दस्तूर के खिलाफ था· उस
का खूब कहना मलका ने बुरा माना· अंजुमन आरा का हाथ पक
ड़ अपने डेरे में आई· रोयी· पीटी· चिल्लाई; अंजुमन आरा बोली
मलका खुदाके वास्ते कुछ हाल तो बताओ· बोली गजब हुआ· उले
टे· किस्मत गई· शाहजादे से छुट गई· खुदा की कसम ये जान
आलम नहीं· वोभी शाहजादी थी· जो सीधी साधी थी· कहा
सच कहती हो· आज बहुत सी बातें इसने नयी कीहैं मल
का ने कहा खैर· अबजो होसो हो· तुम यही सोरहो· फिर लौंडि
योंको बुला कर हुक्म दिया के सोते हैं· तुम हथियार बांधे डेरे पर
पहरा दो· शाहजादा क्या अगर फिरिश्ता भी आवे तो आने न दो नि
काल दिया जावे ये· सुन कर वो बच्चा डरे· अकेले और खेमे में
जा पड़े· एक डर दो तरफ़ होता है· मलका ने कहा देखा· अगर
जान आलम होता तो कभी अकेला न सोता· बे शक चला
आता· खफ़गी का सबब पूछता उसेकिसका डर था· अंजुमन
आरा कहने लगी· सूरत तो वोही है· उस वक्त मलका ने दूसरे
के बदन में जान डाल देने का हाल बयान किया· फिर कहा ये
हाल वज़ीरजादे से कहा होगा ये· फ़िसाद उसका है· मुझे उस
की तेवरी में शक आया था· सामने लाने को मना किया था· स
मझाया था· उस नादान ने हमारा कहना न माना· उसका मजा
पाया· गरज़ ये रात भर रोने पीटने में कटी· दोनो इसी फ़िक्र
में थी के इज़्ज़त और आबरू कैसे बचे, सवेरा हुवा· सवारी डेहु
ड़ी पर मौजूद हुई· कूच हुआ· खबर दारों ने खबर दी के यहां से
पांच कोस पर जा कर गजनफर शाह का मुल्क है· हुक्म दिया के·
शहर के पास डेरा हो· जब शाहज़ादीयां उत्तर कर डेरे में गई· ये
खुद आया· इधर ये बिचारियां डर से मरी जाती थी· उधर वो बच्चा

भी चढ़ गये। हुए थे। ये दस भर बैठ के उठ गये। उस मुल्क के
बादशाह ने लश्कर का हाल सुन कर अपने वजीर को नीका
दिया। वो लेकर पेशवाई को भेजा के चुपके चुपके तमाम हा
ल दर्याफ्त करे। वजीर आया। ये हरामजादा भी वजीर का देख
था। सलरंगढ़ गजानता था। दस्तूर के मुवाफ़िक मुलाकात की
चलते हुए। वजीर को खिलत और बादशाह के वास्ते कुछ तोफे
भेजे। वजीर अपने बादशाह से ऐसी तारीफ़ की। कवो खुद लि
लने को चला आया। इसने भी इस मजे से मुलाकात की। केवो
बादशाह भी दंग होगया और तकरार कर पीछे पड इसे शहर
में लेगया। अपने किले में उतारा। शाहजादियों के वास्ते भी मह
ल खाली हुआ। कोई दिन तो जलसे खूब उड़े। जब फुरसत मि
ली तो दिल में सोचा के अगर चे जाल आलम बंदर है। मगर उ
सके जीने से अपनी सौत का डर है। ऐसी तदबीर निकालिये
उसे जान से मार डालिये। फिर बे खटके आराम कीजिये। मल
का से डरता था। उसके बाप के नाम से मनिकलता था। जैसे :
चोर की डाढी में तिनका। ये सोच के हुक्म दिया के हमें बंद
र दरकार है। जो लावेगा दस रुपये पावेगा। शहर वाले हजारों।
बंदर लाये। जो सामने आता देख के अपने सामने सिर तुड
वाता। जब बंदर कम हुए तो दाम बढे। यहां तक एक २ बंदर
सौ सौ रुपये मुकर्रर हुए। दो दो चार चार कोस तक बं
दर का नाम न रहा। वहीं के भागे आज तक मथुरा और
बिंद्रा बन में फिरते हैं। और उस जमाने में इसी सबब से
बृंदा बन को बंदरा बन कहते हैं। गरज ये के सब की रोटी
हुई। हर एक को बंदर की तलाश हुई। एक चिडि मार उसी
बस्ती में रहता था। मुफलिस कलांच दिन भर फिरते फिरत

दस पांच जानवर जो हाथ आ जावे तो दो चार पैसे को
बेच जोरू खसम रोटी खाते • अगर खाली फिर आया
तो फाके से पेट भरा • एक दिन उसकी जोरू कहने
लगी • तू बडा अहमक है दिन भर जानवरों के फिक्र
में दरबदर खाक बसर उल्लू सा दिवाना हर एक खंडर •
वीराना झांकता फिरता है • इस पर भी जो रोटी मिली तो
बदन पर पत्ता सा दिन नही • अगर एक भी बंदर हाथ आ
वतो बरसों की छुट्टी हो • जावे • लाल चतो बुरी हानी है • वो
भी राजी होगया • बोला • कहीं से आटा ला रोटी पका • और
जिस तरह से बने • थोडे चने भी ले आ • कल बंदर की
तलाश में जाऊंगा • नसीब आज माऊं गा • उसने
मांग तांग सामान कर दिया • दो घडी रात रहे • चीडी
मार जाल • फचकी • फेक • लासा • कंपा • छोड थोडे
धोके की टट्टी तोड • रोटी • चने • और रस्सी ले • चल
निकला • और छे सात कोस पर दरख्तों में ढूंढने लगा •
वहां का सुनिये • शाहजादा जो बंदर उसने दिल से बंदर प
कड ने • लोगों को देखाया • और सिर तुफ वाने का हाल सुनाथा
बे होश • घबराया हुवा हर तरफ कुपता फिरता था • उस दि
न कई दिन का भूका • प्यासा एक दरख्त के कोल ले में बेहोश
पडाथा • चीडीमार ने देखा • दबे पांव आ कर गर्दन पकडी •
उसने आंख खोली मौत सामने दिखलाई पडी • जा •
ना के अबके आई नहीं टलती • चीडी मार ने रस्सी क
मर से खोल मज बांधी बूंत • थोडी दूर चल बंदर
ने कहा अरे क्यों बे गुनः का खून अपनी गर्दन प
र लेता है • मुसीबत जदी को और दुख देना

है · वो बोला · क्या खूब · तू बातों से मुझे डराता है ·
अगर देव · भूत · आसेब जो बला है · बलाय से म
गर तुझको न छोड़ूंगा · आज किस्मत आन भाई·
और ये दौलत हात आई · तुझे बादशाह को दूंगा
और उससे सौ रुपये लूंगा · और चैन करूंगा · ये
सुनते ही बंदर सुन्न होगया · रही सही जान निक
ल गई · बहुतेरा हात पांव जोड़े कहा लालच का
काम बुरा होता है · कुछ काम न आया · चिड़ीमा
र ने झट पट जल्द कंधे उठाया · शाम को हंस
ता हुआ घर को आया · जोरू से कहा अच्छी घड़ी से
घर से निकला था · देखो दाने ये बंदर जाल में फंसा ये · ये कह
के खूब हंसा अब दो बातें और सुनिये · इधर इसका ये हा
ल उधर मलका अपने आप घबराई · रोई पीटी चिल्लाई·
अंजुमन आरा से कहा तुमने सुना ये · बंदर पकड़ा आखिर
कुचल डाता है · यकीन जानो जान आलम इसी भेस में है·
आज खुदा खैर करे · दिल बुरी तरह घबराता है · घबरा
ता है · मगर गम कलेजा खाता है · यानी शाहजादा·
पकड़ा गया · या कुछ और मुसीबत पड़ेगी · हंसी के ब
दले रोदोगे · आस पास हात मूं धोवेंगे · सच है ·
जिस से जी को उलझन हो · अगर कहीं उसके पांव में कांटा
चुभ जाय तो यहां दिल की लगन से कलेजा मूं को आवे·
जिसने कभी मुहब्बत की होगी वोही इसे खूब समझेगा · नहीं
तो समझे सो गधा · अनाड़ी की जाने बला · अंजुमन आ
रा ने कहा · इससे और ज्यादा क्या मुसीबत पड़ेगी · शह
र छुटा सल्तनत गई · मा बाप जुदा हुए · दिया और जिगर

के नखत्त पाले पडे हैं · जान के लाले पडे हैं · जिसके वास्ते
सूरी वत उठाई · सदमें सहे उसे खो देठे · अब जो हो सो
हो · खुदा की मर्जी · यहां तो ये बातें थीं · उधर चीडी मार
की जोरू दिवाले बंदर को देखने लगी · बंदर सोच उस
का दर्द लेतो रहम ला किया ये और न हे · शायद पिग
ल जाय · ये सोच के सलाम किया · वो डरी तो कलाम ·
किया अयनेक बख्त खोफ़ न कर · दो बातें मेरी सुनले गवां
रियां जीकी कडी भी होती हैं · बंदर का बोलना अचंभा
समझ कर कहा के कह : वो बोला · हम खुशी वत ज
दे ग़म के मारे केद में फसे हैं · मा बापने किस किस ॰
लाड से पाला · किस्मत ने क्या क्या खुशी वत दिखाने को
घर से निकाला · ऐसे बुरे दिन दिखाये के तेरे पास पक
डे आए · सुबह को जब हम गर्दन मारे जाय गे · त
ब सो रुपये तुम्हारे हात आवेगे · आखर को इस्की
सजा पावो गे पैसा रुपया हात का मैल है · कितने
दिन खावो गे · धब्बा जीते जी न छुटेगा · धोते धोते म
र जावो गे · अगर हम पर रहम करो · खुदा कोई और
सूरत करे · सो रुपये के बदले तुम्हारा घर अशर फियों
से भरे · हमारे कतल में गुन : बे लज्जत · या एक मुर्गी
की हसरत · निकलने के सिवा और क्या फ़ायदा है · अग
रचे ऐसा जीना मरने से बुरा है · मगर क्या जाने · खुदा
की मर्जी क्या है · हमारी तकदीर में क्या क्या लिखा है · जो
खुदा की नाम पर रहे गा · उसी का बेडा पार है खुदा उस
का मदद गार है · तूने यमन के बादशाह का किस्सा न
हीं सुना · (एक सलतनत दी और दो पायी · लालची ·

यों की कजा आई. जाने गवाई . औरत मोम की नाक होती है . जब फिर गई जिधर फेरा फिर गई . बंदर की बातों पर कुछ अचंभा कुछ अफ़सोस करके कहने लगी . हनुमान जी सुनावो महाराज वो कहानी कैसी है ॥ १०॥

॥ ११ चरित्र ॥

यमन के बादशाह की कहानी ॥

बंदर ने कहा यमन के मुल्क में एक बादशाह था . उस वास्ते दस्तूर था . के जो फ़कीर जो सवाल करता पूरा कर देता . इस सबब से उस का नाम खुदा दोस्त हो गया था . एक दिन कोई सख्स आया और सवाल किया के अगर तू खुदा दोस्त है तो ली ल्ला तीन दिन सलतनत करने दे . बादशाह ने कहा . बिस्मिल्ला . कारवारीयों को हुक्म दिया के जो इसका हुक्म न माने गा . सजा पावे गा . ये कह कर तख्त से उठा . फकीर जा बैठा हकूमत करने लगा . चौथे दिन बादशाह आया . कहा . अब क्या इरादा है . वो बोला पहिले तो मैंने फ़कत आपका दिल लिया था . अब बादशाहत का मजा पाया . खुदा के वास्ते ये सलतनत मुझको बख्स दीजिये बादशाहने कहा . खैर . ये बादशाही आप को मुबारिक हो . बादशाही . देकर कुछ न लिया . लड़कों का हात में हात बीबी को साथ लिया . दिल को समझाया इतनी मुद्दत सलतनत की . अब कोई दिन फ़कीरी का मजा . फाके की लज्जत . देखिये . गोलश्कर साथ नहो . मगर शाही हर तरे मौजूद है . पर इस शहर से और कहीं चलना

ज़रूर है· खुदाके कारखाने हैं· कोई और सूरत निक
ल आये· एक लडका सात बरस का दूसरा नौ बरस का
था· वो बादशाह फ़क़ीर बनके चल निकला· वाह वो सल
तनत· और कहीं घर· पर आज फटे कपडे और खाक·
बसर कोस २ दो २ कोस रोज़ चलना· मिला तो खालियां
नहीं तो भूखे ही रस्ता काटा· चलते चलते एक दिन मु
साफ़िर खाने में उतरा· इत्तफ़ाक़ से एक सौदागर कहीं से
आया हुवा· यहीं उतरा था· शाहज़ादी को देख बौलो
ट गया· देखिये· मिट्टी मेंभी सोना चमकता है· इस मु
सीबत मेंभी शाहज़ादी का रंग रूप· न छुपा· सौदागर
ने आकर बादशाह को सलाम किया· ये बिचारा सीधा
साधा उसके फ़रेब को क्या जाने· दस्तूर मुवाफ़िक़ सलाम
का जवाब दिया· वो हरामज़ादा कहने लगा के थोडी
यहां दूर से मेरा काफ़ला पडा है· और उसमें मेरी औरत
त पेट से है· इस वक़्त दर्द हो रहा है· बडी देरसे दायी
के वास्ते गदायी कर रहा हूं· अगर तू इस नेक बख़्त को
मेरे साथ करदे तो बडी मुश्किल आसान हो· नहीं तो
एक की मुफ़्त में जान जायगी· ये बिचारा घबरा गया· बीबी से
कहा बडा नसीब जो इस मुसीबत में किसीका काम निकले· दे
र न करो· उसने दम न मारा· सौदागर के साथ होली· बाहर नि
कल सौदागरने उस्से कहा के तुम घोडे पर सवार होलो· क़ा
फ़ला· दूर है· वो बिचारी सीदी साधी थी· सवार
होली· इस हरामज़ादे ने घोडे पर बिठायी बाग उठाई क़ा
फ़ले के पास आकर कूंच का हुक्म दिया· और आप एक
तर्फ़ घोडा फेंका उस वक़्त इस नेक बख़्त बादशाह·

फिर याद मचाई• रोथी पीटी चिल्लाई• मगर कौन सु
नता है• रात भर बादशाह रस्ता देखता रहा• लाचार को
बेटों का हाथ पकड कर• काफ़ले के तरफ़ आया• वहां कु
छ पता न पाया• धूर गर्द उडती देखी न पाव में दौडने की•
ताकत• न बीबी के छोडने की दिलमें ताब• सख़्त रहे ज
वाब न कोई आस न पास• लाचार लडकों को ले काफ़
ले के पीछे हुआ• रस्ता भूल गया• एक नदी पर पहुंचा•
डोंगे नाव का तो नाम नहीं• आदमी का काम नहीं• वाही
तबाही फिरा• कहीं पुल बेडा• ना मिला• कुछ डूब डुबाने
का इरादा• एक लडके को किनारे बिठाया दूसरे को कंधे प
र रखा• पानी में उतरा• जब आधी दूर पहुंचा तो किनारे
का लडका भेडिया उठा ले गया बादशाह आवाज़ सुन कर
घबराया• फिर कर देखने लगा तो कंधे का लडका पा
नी में गिर पडा• बादशाह घबराया तो आप गोता खाने
लगा मगर जिंदगी बाकी थी किनारे पर आ लगा• दिल
में समझा बडे बेटे को भेडिया ले गया• छोटा पानी में डूब
गया• बीबी इस तरह छूटी आप खुद वतन से छूटे• इस मु
सीबत में भी खुदा का शुक्र किया• एक शहर के पास
पौंहचा वहां बहुत लोग खडे थे• बडी भीड देखी उस मु
ल्क का ये दस्तूर था कि जब बादशाह मरता तो कारबारी
वहां आकर बाज़ उडाते थे• जिसके सिर पर बैठे उसे बाद
शाह बनाते• उस दिन भी वो बाज़ उडा चुके थे बादशाह पौं
हचते ही• वो बाज़ आकर सिर पे बैठा• दस्तूर के मुवाफ़िक
तख़्त लाये इसने बहुतेरा कहा मैं इस झगडे को• छोड
के आया हूं• मुझे माफ़ करो• मगर लोग इसके सिर पर

दाज का बैठना अचरज समझ न दाज रहे· तेवर नाड गये· यहि चाल गये जब र दस्ती तख्त पर बिठाया स लामी की तोपे छुटी· नजरे गुजरी सिक्के पर नाम जारी हुआ ·दुहाई फिर गई· के जो जुल्म करेगा· गरदन मा रा जायगा राज करने लगा· मगर दिल सुस्त· शर्म के मारे किसी से हाल न कहता· जब बच्चे याद आते· न ब सांप छातीसे लोट जाते ·जब उन लडकों का हाल सुनिये जब भेडिया· बडे बच्चे को लेके भागा तो उधर से एक शख्स तीर कमान लेकर आता थीं ·उसने बच्चे को भेडिये के मूं से छुडाया· दूसरा जो गोते खाता था· एक म छली वालेने अपने जालमें उल·फाया· दोनो बे औलाद थे· और उसी शहर के रहने वाले थे जहां· लडकों का बाप बादशाह हुआथा· अपने अपने घरमें लाये · सुबहा न तेरी कुदरत· कैसे डाला· और क्यों कर निकाला· बादशाह जो बहुत बे चैन हुआ· तो वजीर को हुक्म दिया के दो लडके हमारे वास्ते ला· तमाम शहर के लडके पकडे आये· हाकम का हुक्म बिन आई मोतहै वो दोनो भी आये· इश्वर के नजदीक बिछडे मिला दे ने क्या बडी बात है· वजीर को येही दो लडके पसंद आये शकल बदल गईथी ·सूरत और हो गईथी तबाद - शाहने पहिचाना ·न लडकों ने बाप जाना· और न समझ के के हम दोनो भाई हैं ·मिल गये मगर जुदे रहे· बादशा ह बडी इनायत करता था· दोनो के इख्तियार वाले हुवे· वो सौदागर यही आया ·पहिले बादशाह से रसायी थी सोचा· खूब· अब औरत राजी हो जावेगी· बादशाह के

मरने की सुनी तो उदास खबर हो गया लोगों ने कहा ये बादशाह उस्से भी अच्छा है • बज़ीर सबब से मुलाकात की • न इसे इसने पहिचाना • न उसने इसे जाना • अक्सर आया करता था • एक दिन बादशाहने कही • के आज रात तू घर न जा • कुछ पूछना है • वो वेशम गर सुस्त • बादशाहने पूछा • ये थोडा बे अदब हो चलाथा हाथ बांधके अर्ज की • के मेरे पास एक नाराज औरत है उस्की चोकसी आप कर्ता हूं बहुत डरता हूं • एसा न हो • के निकल के पर्दा फाइस करे • हिमायत तो नलाश करे • बादशाह ने कहा के उस्का जिम्मा आज हम लेते हैं • वोही लडके बडे मोदमिद होगये थे • उन्को हुकम हुवा के फोज ले करके जावे • और चोकसी करें • लडके सलाम करके सोदागर के मकान पर गये • बाग में खेमा लगाथा • ये कुरसी बिछा बाहर बैठ गये • लोग इधर उधर खडे हो गये • जब आधी रात हुई तो एकको नीद आने लगी • दूसरे ने कहा सोना मुनासिब नहीं • क्या जाने क्या होगा • ऊंट किस कर वट बैठे • वो बोला कोई कहानी कहो • जिस्से नीद उचट जाय • उसने कहा जो हम पर बीती है सो कहते हैं • अगर कान धर सुनो तो नीद क्या, कई दिन तक भूख प्यास पास न आवेगी • मै यमन के बादशाह का बेटा हूं • मेरे बापने खुदा के नाम पर सल्तनत देदी • मेरा एक भाई था उस्की शकल तुमसे मिलती है • बादशाहने अपनी बीबी को और हम दोनो को साथ लिया • शहर से निकले • रस्ते में एक सोदागर हमारी मां फरेब से लेगया • हम दोनो भाई दोनों साथ रहे • आगे में

एक नदी मिली • सो बादशाह मुझको किनारे पर बिठा
छोटे को कंधे पर रख पार चला • मुझको भेड़िया ने पक
ड़ा मैं जो चिल्लाया तो बादशाह जब राया • आई कं
धे से गिर गया बादशाह आप गोते खाने लगा फिर
नहीं मालूम क्या हुआ • एक तीरंदाज ने मुझे भड़िये से
छुड़ाया था • और मैं इस बादशाह तक आया • वो
रोके लिपट गया • और कहा दरया में हम गिरे • मछ
ली वालों के सबब से तिरे थे • फिर तो वो दोनों गले मिल
कर रोसे रोये के वो औरत चौंक पड़ी • परदे पास आकर
हाल पूछने लगी • उन्होंने सब बयान कर दिया • वो पर्दा उ
लट लड़कों से लिपट गई • कहा मैं सौदागर की कैद में
हूं • उसी दम खबर बादशाह को पोंची • सवारी भेजी बुल
वाया सब ने पेहचाना • सौदागर कैद हुआ • दूसरे दिन
वो मारा गया • ये खबर यमन में पहुंची वहां उस हरा
मजादे ने बड़ा जुल्म कर रक्खा था • वजीर ने उसे जहर
देके मारा • और बादशाह को लिखा के हुजूर के देख
ने के वास्ते तमाम शहर वाले तड़फ़ते हैं • बादशाह
को भी मुल्क देखने का शौक हुआ • सफर की तैयारी
होने लगी • दीनों सलतनत मिली • बंदर ने ये कहा
नी कह कर कहा अपने कवक्त मतलब इस कहानी •
से ये था • के बादशाह खुदा पर रहा तो राज पाया •
लालचीयों ने अपनी जाने गवांई • ये किस्से याद र
हेंगे • उन्हें बद कहेंगे • और इन बातों से नरम पड़ गई
बंदर को तसल्ली दी • कहा तू खातिर जमा रख • जब त
क के मैं जीता हूं • बादशाह को कभू न दूंगी • ॥

फाका कबूल करूंगी • फिर उसे खिला रोटी पानी पि
ला सो रही • तड़के ही चिडीमार उठा • और बंदर के ले
जाने का इरादा किया • औरत ने कहा आज और किसमत
आजमा • फिर जाल डाल • जो रोटी मयस्सर आवे • तो बचे
इस्की जान जाये • इस पर कहने लगे • जद नाखी आये
नहीं तो कल ले जाना • वो बोला • तू इसके दमसे आगयी
बंदर बोला • के औरत तो खुदा पर है • तू मर्द होके बे
सबरी करता है • पाजी जोरू के गुलाम होते है • फिर
वो • पटका • फंदे • जाल • फटकी • उठा • लासा • कंपा
ले • टट्टी कंधे से लगा • घर से निकला यातो दिन भर ख
राब खस्ता हो कर दो तीन जानवर लाता था • उस दिन
कोई पहर में पचास साठ जानवर आये फटकी भर ग
ई • खुश हो कर घर आ कई रुपये को जानवर बेचे • आ
टा • दाल • नोन • तेल • लकड़ी • खरीद • थोडी मिठाई ली
भट्टी पर जा • ठर्रा पिया • हाथ पाव फूल गये • फूलने • गीत
गाते घर का रस्ता लिया • मुफलिसी का गम भूल गये • जो
रू से आते ही कहा अरी हनूमान जी के कदम बडे भाग
वान है • भगवान ने दया की • आज रुपये दिल वाये • इतने
जानवर हाथ आये • वो घर वाली बहुत हंसी पहले मिठाई • बंदर
को खिलाई • फिर रोटी पका आप खा • कुछ उसे खिला पड
रही • बंदर बिचारा समझा • कोई दिन और जान बची अब
तो चीडिमार की बढ़ती होने लगी थोडे दिनो में घर बार
कपडा • लत्ता • गहना • पाता • दुरुस्त • होगया • इत्तफा
क से कोई बडा सौदागर सराय में उस भटियारी के •
घर में उतरा • जिस्की दीवार तले चीडीमार रहता था •

उस्के कानमें ऐसी आवाज आई • के जैसे कोई लडका प्यारी प्यारी बाते करता हो • भटियारी से पूछा यहां कौन रहता है • वो बोली • चीडी मार • सौदागरने कहा इस का लडका खूब बाते कर्ता है • वो बोली • लडका बाला तो कोयी भी नही • फक्त नारू खसम रहते हैं • सौदागरने कहा • इधर आ देख • ये किसकी आवाज आतीहै • भटियारीजो आई • लड के की आवाज पाई। वो बोला इसकी आवाज में दर्द भरा हुआ है • उसको मेरे • पास ले आ • बात तें करूंगा • और तेरा भी मूं मीठा करूंगा • भटियारी चिडीमार के घर गई • देखा • बंदर बातें करता है • उसे देख चुप हो रही • वो दोनों भटियारी के पाव पर गिरे • मिन्नत करने लगे • हा हा खायी • कहा • हमने इसे बच्चे की तरह पाला है • अपना दुख टालाहै • शहर में हंगामा हो रहाहै • बंदर मारने वाला बादशाह उतरा है • ऐसा नहो ये खबर उडते उडते उसे पोंहचे • बंदर छिन जाये • हम पर खराबी आये • वोबोली • मुझे क्या काम जो किसीसे कहूं • सथे। ऐ में आके सौदागर से कहाके वहां कोई नही है • उसने कहा दिवानी वो आवाज किसकी थी • जरा गोरसे सुन्ना के क्या मालूम जवाब चोनमा कूल देती है • बलैयां लूं मुझे क्या गरज जो कहूं बंदर बातें करता है • सौदागर खूब हंसा फिर कहा • तू सीडन है • अरी कहीं बंदर बोला है • फिर बोली जी गरीपर बर सदके गई • इसीसे तो मैं भी नही कहती • बंदर बोलता है • सौदागर को खफ़गान होने लगा • केये क्या बात है • मकान पासथा • आप चला गया • देखातो •

एक औरत दूसरा मर्द · मुछंदर · तीसरा बंदर है · यकीन हुआ के यही बंदर बोलता था · भटियारी सच्ची है · वो सौदागर को देख बंदर को छुपाने लगा · उसने कहा भेद खुल गया · भांडा फूटा · अब छुपाने से क्या हासिल है · बंदर हमे दो · जो चाहो इस के बदले लो · नहीं तो बादशाह से कह दूंगा · ये मारा जायगा · तुम्हारा क्या जायगा · वो दोनों रोने पीटने लगे · बंदर समझा अब जान नहीं बचती · इतनी ही जिंदगी थी · चिडी मार से कहा के किस्मत ने · इतनी मुसीबत पर भी सबर न दिया · यहां भी चैन न दिया · खैर · जो खुदा की मर्जी · मुझे हवाले करदे · आई · टलती नहीं · तदबीर के आगे · तदबीर चलती नहीं · चीडी मारने कहा देखो बंदर की जात क्या वे वफा होती है · हमारी मेहनत पर नजर न की · तोते की तरह · आंख फेरली · सौदागर के साथ जाने को राजी होगया · बड़ा आदमी जो देखा · तो हमारे पास रहने का दिल कुल पास न दिया · बंदर ने कहा · अगर न जाऊं · अपनी जान खोऊं · तुम पर खराबी लाऊं · आखर को रोपीट कर बंदर सौदागर को दे दिया · और उसें कसम लीके बादशाह को न देना · अच्छी तरहे रखना · सौदागरने बहुत सा रुपया दिया · बंदर को पार किया · सराय में लाया हाल पूछने लगा · बंदर ने कहा क्या पूछते हो · हजरत · ईश्क की बलाय तहे जमाने की शिकायत है · लोगों का बेडा पार करने वाला · मुहताज है · न वो सिर है · न ताज · है मुसीबत में फसा हूं · कोई पूछने वाला नहीं · अपने हात से सिर दला ली है · दुश्मनों की बन आई है · जिस्का मुझे फिक्र था ·

उस्को अब मेरा गमहे · मरने से हम इस लिये जान छुप
ते हैं के साथी जुदाई में मरे जाते हैं मुझको फरेब के जाल
में उलझाया · दोस्तों को मेरे दुश्मन के फंदे में फसाया · अ
जब सैर है · जिधर देखो उधर अंधेर है · आज मुद्द
त बाद आपसा कदर दान मिला · दिल ठिकाने होगा तो
सब हाल कहूंगा · ये बात सुन कर सोदा गरकी आंख
से आंसू निकल पडे · समझा ये बंदर नहीं कोई बडा आ
दमीजादू से मुसी बत में फ़सा है · खातर जमा रख · तेरी
जानके साथ मेरी जान है · यही अब जीने का सामान है ·
बंदर को तसली हुई · किस्से कहानि या सुनाई · खूब खू
ब बाते बनाई · सोदा गर रातभर नसोया · खुब दिल खो
ल कर रोया · अबबंदर की बडी ताजीम होने लगी · म
गर होनी कब टलती है · सोदा गर कायेदस्तूर था के ·
जो कोई नया आदमी उसके पास आता · उसे बंदर की
बाते सुनवाता · सब को फ़िक्र हुआ · हर जगे जिक्र हु
आ गली कूचे में ये चर्चा फैला के सोदा गर का बंदर बोल
ता है · उस हरामजादे के कान मे भी ये बात पहुंची · स
मझा · ये वोही है · इस को मारूं तो सही है · चोबदार
बंदर के लेने को सोदा गर के पास भेजा · ये बोहोत घब
राया · औरतो कुछ न बन आया · हात जोड के अर्जी की
के मेरे कोई · और औलाद नहीं · इसे बच्चा सा लेकर बेटे
की तरह पाला है · इस की जुदाई गुलाम की जान लेगी ·
आगे जो हजूर की मरजी · चोब दार यहांसे खालीफि
रा · वोह राम ज़ादा आग होगया · और वहांके बाद शाह
कोलिखा के जो आगनी सलांवी गोत सलन नतचाहेतो

होतो · सोदागर से जल्द बंदर लेके भेजदो · नहीं तो ईंट से
ईंट बजा दूंगा · नामनिशान मिटा दूंगा · वो बादशाह
बड़े फिक्र में था · दरबार वालोंने समझाय के एक जा
नवर के वास्ते क्यों हज़ूर सैंकडों का खून करवावेंगे · हु
क्म हुआ के जिस तरह से बने सौदागर से बंदर लेकर
उसकी डेहुडी पर पहुचादो · जब बादशाही फ़ौज सौदा
गर के घर पर चडे आई · बंदर हाथ जोड़ के सौदागर से
कहा · मेरी तो मौत आई है · तकरार करने से कुछ फाय
दा नहीं है · वक्त आ पहुंचा · टाली टलती नहीं · मगर
यह डर है · के मेरी दोस्ती में · तुम्हारे ऊपर मुसीबत
आवे · तुम्हारे दुश्मनो की जान नजावे। हमेशा कोमे
रे ऊपर धब्बा रहे · खलकत भला बुला कहे · सौदागर
ने कहा ये क्या बात है · जो कहा वो सिर के साथ है ·
बादशाही आदमियोंने तगादा किया दिन थोडा रह
गया था · सौदागर ने रुपया देकर टाला · रातभरकी छु
ट्टी ली दूसरे दिन चलने की ठेरी तमाम शहर में मशहूर
हुआ सौदागर के पास एक बंदर था · कल वोभी मारा जा
यगा · ये खबर मल्का मेहर निगार को पहुंची · वो तो
जान आलम पर मरी हुई थी · समझी ये · बंदर न
हीं शाहजादा है · अफ़सोस कोम सी तजबीज की
जिये · जो उस बिचारे की जान बचे · दिलको मसोस
कर जोर जादे का · कोस पूछा · सवेरे किधर से वो · सो
दागर जायगा · ये तमाशा हमारे देखने मे क्यों कर
आवेगा · लोगोंने अर्ज़की · के हज़ूर के झरोके के
नीचे से हर तर्फ का रस्ता है · ये सुनके तमाम ·

रात तड़पा · की नींद न आई · दो घड़ी रात से बराल
दे में आ बैठी · और एक तोता पिंजरे में पास रख लिया
गजर से पहिले बाज़ार में हुल्लड़ · तमाशा देखनेवा
लों का मेला सा होगया · सवेरे ही सौदागर निमाज़ ॥
पढ़ · हाथी पर सवार हुवा · कमर से पेश क़ब्ज़ लगा
गोद में दंदर दिल मरने पर कमर बांधे मज़बूत चला
दंदर से कहा घबरा मत · जब बात चीत और रुपये
से काम न निकले गा · जोबन पड़ेगा वो करूंगा · आप
ने जीते जी तुझे मरने न दूं गा · इधर सौदागर का घब
रा कर कहना था · के खल्क़त ने चारों तरफ़ से घेर
लिया · दंदर लोगों कि तरफ़ देख कर कहने लगा ·
साहबो दुनियां तमाशे की जगह है · एक आता
है · एक जाता है · गरम बाज़ार है · हर एक शख़्स
ख़रीदार है · अपने काम में कज़ा है · जो चीज़ है बेफ़
ना है · इस्से सब लाचार हैं · यहां सब बे इख़्तियार
है · कोई किसी की अदावत में है · कोई किसी पर मर
ता है · हर एक किसी बखेड़े में फंसा है · हर एक को
सूझता नहीं · क्या लेन देन हो रहा है · सूद की उम्मेद
में सर नुक़सान है · सीढ़ी होने का सौदा है · उस्की क़ु
दरत देखो · मुझसे बे ज़बान की क्या ज़बान दी है · सुन्ने
वालों में · तुम्हारा चेहरा लिखा है · बातें सुन्ने को साथ
चले आते हैं ॥ अलग होना नहीं चाहते हो रहम खाते
हो · आंसू बहाते हो · येतो दया का रूप है · अब क्रोध
का रूप देखो · इसी बात चीत की धूम से · कम बख़्त ज़ालि
म से मेरा मुक़ाबिला होना है · वो बेशक मुझे क़तल करेगा

रेगा • मेरे खून से अपना हात भरे गा • दोनों जहान में उस का मूं काला होगा • जब उस्की दिल की कोठरी में उजा ला होगा • मेरी जवान गोया मेरी मौत थी • दुनिया आरा म की जगह नहीं • दो दिन की जिंद गी के वास्ते • क्या• क्या• सामान करते हैं • हवा के घोडो पर चढते हैं • ज मीन पर पांव नहीं धरते है • मूं उठा आंख दंद कर च लते हैं • गरीबों के सिर कुचल देहैं • आखर को अर मान लेकर मरते हैं • जान उसके पीछे खोते है • जो दो इज्जत से हात आये • बडी मुश्किल से जमा हो • कं जूस पने से पास रहे • और फिर अफ़ सोस • छुट जाय • सिर पर हात धर कर रोते है • छाती पीट ते हैं • आखिर को अमीर और गरीब दो गज कफन • और एक तके • से जयादे नहीं मिलता • किसीने किमखाब या ताफ ता पाया • किसीको गजी • गाढा • हात • आया • किसी ने संग मर मर की छत्री बनाई • किसीने दो लक डी ही पायी • जमीन गज भर दोनों को मिलती है • सो येभी अच्छे नसीब • ने दा कमाई वाले गोर गढा कफन पाते हैं • नहीं तो सैकडो हात रगड मर जाते है • लोग दर गोर कह कर चले आते हैं • कुत्ते • बिल्ली चील • कव्वे • बोटी यां नोच नोच खाते है • कोई पास नहीं फट कता • अफ़सोस के सिवाय कोई • सिराने प र नहीं • रोता है • असबाब लुट • कोई फातिहा नहीं होता है • कबरों पर कुत्ते • लोट ते हुए देखते हैं • छत्रियों पर उल्लू • बैठे रहा करते है • चील • कव्वे • उल्लू • घोसले बना ते हैं • काल के पास हमेशा • कांगा • देखा • खूब सूरतों

का रंग उडा जाता है · कोई रोता है · कोई हंसता है · दुनिया में येही मज़ा है · मुद्दतों सवेरे मुर्ग़े की आवा ज़ रंज उठाये · कभी · दम न मारा · शिकवा ज़बान पर न लाये · बरसों मुल्ला के अल्लाह अकबर के सदमें सहे · शुक्र किया · चुप रहे · नहीं तो गरज की आवाज़ ने दम बंद किया · मगर कभी जी पर न लीया · सोच के ॰ खूबसूरतो का मिलना भी एक सुपना था · उनका प्यार भी देखा तो गज़ब था · जीका · लुटना था · तमाम दुनिया में फिरे · कभी मिजाज़ पढी · कभी घंटा हि- लाया · मुल्ला को सलाम किया · पंडित जीके पांव पडे · ग़ौरसे जो देखा तो दोनो कूट थे · हर एक अपने तई· बडा समझता था · और दूसरे को बुरा जानता था· दुनिया के कार खाने है · सफ़र करना है · सौतह्र के ख टके · हज़ार तरह का डर · फिरभी · वहां के हालसे · बेखबर है · यहां तजीने की खुशी · न मरने का गम क रे · किसीको दुख नदे · मुसी बत ज़दे के आसूं पोछे · सि र पर हात धरे · तेरा मेरा सब भूल जाय · खुदा पर भरो सा रखे · सब में मिला रहे · और सबमें अलग · मुसी ब त से नडरे · दौलत का क्या एत बार मुफ़लिसी की क्या श रम · एक दिन चलना ही है · किसीके मरने पर क्या रो ना · वो बेवकूफ़ है · जो रोते है · हां रोना उन पर है · जो जीने पर मरते हैं · रुपये का जमा होना · जवाहर की तलाश में दिन का जागना · चांदी सोने की उम्मेद मे रात को सोना खूबसूरतों से लिपटना · जिनको ये बात है · उनसे दुनि या काहेको छुटती है · हमे यहाका दस्तूर है · अशराफ़

की छिद्री खार · वे बूकूफ उल्लू के पट्टे सरदार · मगर ऐ
येभी नहीं है · कभी दूसरा पलटा भी हो जाता है · सच
येभी है · न अमीर होते दिन जाते हैं · न फकीर होते देर
लगती है · अजब सैर है · बडा अंधेर है · जिन के यहां
सौ सौ और दो दो सौ घोडे बंधते थे · हाति झूमते थे · वो
जूता उतार गठ बाते फिरते हैं । और जब वक्त आगया
तो फौज भी धरी रही · और रुपया भी पडा रहा · उस
से कोई बचा नहीं सकता · न दोस्त आडे आये · न
अपना मौत के पंजेसें छुडाये · अगर ये होता तो बडे
बडे लोग काहेको मरते · यहां कुछ नेकी करले · भूखेको
खिला दुखी को तसल्ली दे · यह तो कुछ काम आवेगा
और बाकी तो सब पाखंड है · अकारथ जायगा ·
किसी से मुहब्बत न करे · दिल न लगाये नहीं तो मुफ्तमें
जान खोनी पडती है · वो लोग अब कहां हैं · जो बात
के पूरे रहें · दुनियामें मतलब की मुहब्बत हैं · दि
ल्ली उल्फत को दिया लेके ढूढो न कभी थी · न है · ऐ
और न होगी · और थीभी तो खलील खां फाकता
उड गये और जो होगी तो देखी जायगी · मगर अफ़
सोस समझते हैं · और फिर नहीं कर्ते जवानी का नशा बु
ढापे में उतरता हैं · तब सिर पर हात धर कर रोता है · फि
र क्या होता है · फिर पाछे पछिताये क्या · जब चिडी
यां चुग गई खेत · बंदर की ये बातें सुनकर लोग रोने ल
गे · अरथी की तरः हाथी के साथ होलिये · हरतरफ़ से हाय ३
की आवाज आती थी · गरज के इसी तरह हाथी ·
मल्का के झरोकों के नीचे पोंहचा · वो रात भर की ·

खिड़ की ही में बैठी थी· सौदा गरसे बोली· एक दम भर ठहर जा· मैं भी इस की एक दो बातें सुन लूं· सौदागर ने· हाती रोका· मल्का ने कहा ऐ मुसी बत जदे· बेजबान घरसे दूर· अब हम किस लायक है· मगर तेरी मुसी बतसु नने कीउसमग है· बंदर ने आवाज पै छानी पहिले तो खूब रोया फिरजी को ठहरा के कहा मैनें अपने पांव में अपने हातसे कुल्हाडी मारी है· यार ने दगा बाज़ी कीहै· जिसका रोना हमें नागवार था· वोही हमारे लहू का प्यासा· कतलका खा दार है· सच है· नेकी का बदला बदी है· प्यारोंसे मिलने नपाये· आर मान लेके इस दुनि यांसे चले· दोसों का कहा नमाना वो आगे आया· अब पछ ताना पड़ा· वे मौत मरे· आप गये तो गये· दूसरों को अंजाम में फ साया· जिन के दिलको हातों में रख ते थे· वो जीने· ही मरे के बरा बर हैं· दुनिया दम मारने की जगा नहीं· किसीसे भेद कहना अच्छा नहीं· बंदर ने कहने तो कह दिया· मगर दिलमें डरने लगा· के ऐसा न हो उसहरा मजादे को खबर हो जावेतो और बला सिर पर आवे· सों च के यह बात बनाई· के ऐ मलका कोई कमाल से दु नियांमें निहाल होता है· ये गुना: जबान के सबबसे नाहक हराम जादे की बदोलत हलाल होता है· अब अब कुछ तद बीर बन नहीं आती· मौत का क्या डर है· हमारी हमीको खबर है· कोई घड़ी में मुफ़ जान जानी है· जो जानता है वो देखता है· जिसे खब र नहीं· उसे कहदो· तुम्हारे वास्ते घर बार से तबाह हुऐ· और तुम्हारे ही सबब से अब थोडी देरमें मौतका

मजा चखते हैं · तुम्हारी ही मुहब्बत की हर पर तो ह
म तहैं · सैर देखने · वाले खडे हैं · गुल मच रहा है · भ
ला तुम भी तो कोठे परसे जरा तमाशा देख लो के ·प्या
रे कैसे मारे जाते हैं · कान नहीं हिलाते हैं · अबतो म
ल्का को खूब यकीन हो गया · के जान आलम यही है ·
जबाब दिया जान तेथे उनसे क्या हो सका · अन जानको त
कलीफ़ देने से क्या फ़ायदा · ये कहके तोते की गर्दन म
रोड़ · पिंजरा बाहर निकाला · बंदर की निगहें पिंजरे ·
पर पडी · समझा के मल्का पहिचान गई · यही फ़ुर
सत का वक्त है · गड बड तो होई रही थी · किसीने देखा न
भाला · बंदर सौदा गर की गोद में लेट कर · तोते के बदन
में गया · तोता फडका · मलका का ज़ी खुशी से धडका
पिंजरा · अंदर खेंच लिया · सौदा गरने · देखा · तो

बंदर मर गया • चाहा के आप भी मर जाय बदनामी
का किस्सा मिटाये • लोगो ने समझाया • के येतो सुक्र
करने की जगे है • रोने का मोका क्याहै • इज्जत रही •
जानबची • बेटा मर जाता है तो मां बाप सबर के सिवाक्या
करते है • अगर बादशाह जबरदस्ती बंदर को छीन के मा
र डालता तो जान खोने की जगे थी • अब सबर की जि
ये खुदा की मर्जी यही है • लोगों ने जोये देखा तो स
ब मिलके रोने लगे • सब कहते थे के बंदर अकलमंद
था सामने जाने कीभी नोबत न आयी • सोदागर की
गोदमें जान गवायी • ये खबर उस हरामजादे को
भी पहुंची • इस पर भी चैन न आया • लाश मंगवा जला दि
ल ठंडा किया • मिट्टी तक न छोडी • तब तसल्ली हुई • व
हां मलका पिंजरा ले बैठी • लोगों को पास से सर्का दिया •
मियां मिठ्ठने हूं हूं अव्वल से आखीर तक हाल सुनाया •
मलका ने कहा खातिर जमा रखिये • खुदा चाहे तो जलदी
कोई सूरत हुई जाती है • यहां ये बात होरही थी • के उस
हरामजादे की आने की खबर हुई ॥ मलका बाहर निक
ल आई • ताजीम की ; हमेशा ये मामूल था • के जबवो
आता मलका बात न करती • जलील होके लोट जाता •
इस दिन बात भी हुई • वो मरदूद समझा के बंदर का मर
ना मल्काने आंख से देखा • इस्से दब गई • अब जल्दी
न करो आज कलमें मामला हुआ जाता है • लेकिन पहि
ले • इसीसे फ़ैसला किया चाहिये • मल्का के बापसे डरता
थी • उसके नाम से दम निकल जाता • जब रुखसत हो
ने लगा • मल्का ने कहा • एक बकरी का बच्चा खूबसूर

न सो हमें भेज दो · पालेंगे · रंज टाले गे · यानो चुप रह
ती थी · या आज बच्चा मांगा · ये बचा बहुत खुश हुआ ·
उसी वक्त बकरी का बच्चा बहुत खूब सूरत भिजवा दिया
· दूसरे दिन जो आया तो मल्का और भी प्यार सेबोली
उसके सामने बच्चे से खेला की दो तीन दिन यही सोच
त रही · एक दिन मल्का ने दबा कर बच्चे को मार अध
मुआ कर दिया · और चोब दार को दोड़ाया · के शा
ह जादे को जल्दी लेआ · कहना अगर देर लगावो
गे तो · जीता नपावो गे · ये सुन के वो उस तर्फ को रवा
ना हुआ · मल्का ने पिंजरा उठा · पलंग के पास रख लि
या · जब वो नाब कार सामने आया · मल्का ने बच्चा गो
दमें उठा · इस जोर से दबाया के वो मर गया · उस्का
मरना · और मल्का का · चिल्लाना · रोना · पीटना ·
कपड़े फाड़ना · बाहर निकल जाना · वो बोला · म
ल्का ऐसे हजार बच्चे मौजूद हैं · तुम क्यों रोती हो · म
ल्का ने कहा मैं कुछ नहीं जान ती · तुम इसे अभी जि
लादो · जो मेरी खुशी चाहते हो · वो बोला · मुर्दा
भी कहीं जीया है · कभी · ऐसा किसीने किया है · म
ल्का ने रोकर कहा · वाह, तुमने मेरी मैना जिला
ईथी · जब मैं बिल बिलाई थी · ये दिलमें समझा ·
शायद शाह जादे ने ऐसा किया होगा · खुदा के कार
खाने हैं · मसल मशहूर है · (जैसा किया वैसा
पाया · रावन के वास्ते राम मौजूद हैं · वो घबराके
पूछने लगा · हमने मैंना क्यों कर जिलाई थी · मल्का
बोली तुम पलंग पर लेट गये थे · वो जी उठी थी ·

ये पनाभी ठीक मिला • मौनका वक्त नजदीक आया • क
हा बच्चा • गोदसे रखदो • मल्का ने फेक दिया • वो पलंग
पर लेटा • अपनी जान बच्चे मे डालदी • वोउठ कर कूद
ने लगा • मल्का ने गोद में लिया • प्यार किया • वो सोचा
की • दो घडी मल्का की तबीयत बहल जायगी • फि
र अपनी जान • को अपने बदन में ले आऊंगा • मतल
ब तो निकल आवे • ये न समझा के क्या घात है फरेब
की बात है • खुदा को कुछ और मंजूर है • अब इस बद
न तक जाना बहुत दूर है • जान आलम ये तमाशा पिं
जरे में से देख रहा था • झट अपने खाली बदन
में जान डाल के खडा होगया • बकरी का बच्चा देखने
ही थर्रा गया • अंधेरा छागया • समझा किस्मत अब

बुरी है कोई दम को गला है, और छुरी है • मल्का ने जल्दी से तीन • अच्छर पढ के फूंके के वो दूसरे के बदन में जान डालना भूल गया • फ़िर अंजुमन आरा को बुलाया कहा • लो • साहब मुबारक हो • खुदा ने तुम्हारी हुर्मत औ र आब को बचाया • बिछडे से मिलाया • ये आपका अहमः क शाहज़ादा है • वो बकरी का बच्चा बेई मान वज़ीर ज़ादा है • ये कह कर तीनों आशक और माशूक गले मिल मिल कर रोये • जो जो अपनी अपनी थीं आई • मुबारक बादीदी ज़ान आलम ने सोदा गर को बुला के सब हाल कहा • और खिलत इनाम दिया • फिर चिडी मार को और उस्की जोरू को बुलाया • और उस्को वो होतसा रुपया और जवाहर और अशर फी दी • और वहां के चिडी मारो का चोधरी ब नाया • आखिर को सफर की तैयारी हुई • गज़न फ़र शाह ने बडी मुश्किलसें राजी किया • दो चार दिन और दा नमाला • वनोंमें लगे • खूब धूम धडक्के के उडे • वो अपने इलाके तक सा थ आया • लश्कर ने मजेसे पका पकाया खाया • फ़िर रुखसद हुो • और कूच मुकाम करते आराम से चले • ॥

॥ चरित्र १२

सच है दुनियां कुछ नहीं • जिसे आज हंसते देखा उसे कल रोते पाया • जान आलम उसी जंगल में पहुंचा जहां वो हो ज में कुदा था • मल्का और अंजमन आरा को वो सैर दि खाई • होज के बराबर खेमा लगाया • दिन भर का थका हुआ था • शाम की निमाज पढ पलंग पर जा लेटा • यों ही • आंख झपकी थी के • अंजु मन आरा की एक लोडी ब द हवास दोडी आयी • कहा • हजूर की उमर ज़ादा •

शाहज़ादी के दुश्मनो की तबियत बिगडी है॰ कलेजे में दर्द हो रहा है॰ वो ताबीज दे दीजिये॰ धोकर पिला वे॰ प्यारी की तकलीफ़ सुनते ही॰ दिलवे चैन हुवा॰ छुकु छूतो नींद और कुछ बेचैनी॰ देखा न भाला तख़्ती औरनक्श हवाले कर दिया॰ नकश के देते ही॰ नकशा बिगड गया एक आवाज आई॰ कि ऐ जान आलम बहुत दिनों उडा फिरा किया॰ मुद्दत बाद आज फ़सा॰ ले हुशियार होजा ये आवाज थीके लशकर डर गया॰ वहा दुर थर्रा गये॰ महल में औरतों को गश आगये॰ जान आलम ने घब रा कर उठने का इरादा किया॰ उस जगे से हिला न गया देखा के आधा बदन पत्थर का होगया॰ जो बैठा था॰ बै ठा था॰ बैठाई रह गया॰ जो खडा था॰ खडा ही रह गया हर तर्फ गुल शोर कुछ दुख कुछ हसी॰ तमाम फ़ौज आ फ़त में फसी॰ खूब खलबली मची॰ नामर्दोंकी बाई पची तमाम लश्कर में क्या इनसान और क्या हयवान सबका नीचे का धड पत्थर का होगया॰ सब तर्फ मातम था॰ म हल में औरतोंकी जारी॰ अंजुमन आरा की बेकरारी मलका की वातों से ज़मीन और आसमान कांपता था सूरज शरम से बादल में मूझांकता था॰ इसी तरह से तडका होगया॰ एक बहुत बडी काली घटा उठी॰ और उस्में से एक बडा॰ अजदहा मूसे आगके अंगारे फेंकता निकला॰ और उस पर एक औरत सवार शा ह जादे के डेरे में उतरी॰ जान आलम ने जाना के जादूग रनी है॰ दिलमें कहा सैर अपना दूर मौत करीब आई। किस्मत ने खूब सैर दिखाई॰ वो बोली॰ जान आलम कहां।

अब क्या इरादा है॰ जान आलम ने कहा॰ वोहीजो था॰उससे कहा अब वो तावीज और तक्ती कहां है॰जिस के भरोसे पर भूलेथे॰ अगर जिंदगी चाहते होतो॰मल्का और अंजुमन आरा को छोडो॰ नहीं तो॰ तुम्हारी बोटियां चील और कव्वों को डलवाऊंगी॰जान आलमने कहा हम आदत से लाचार हैं॰ बेवफाई से वाकिफनहीं जो कहासो कहा॰ जो किया सो किया॰ अगर मौत आई है तो कुछ इलाज नहीं॰ जीते जीतो बात नजाने देगें॰ये सुन कर जलील हो गई॰ गुस्से भभक गई॰ रंगत पलट गई॰ कुछ बुड बुडा कर जान आलम पर फूंका॰ पहिले तो आधा हीथा अब गले तक पत्थर होगया वो अजदहा पर चढ कर॰ पुकारी के आज दिन और रातकी और मोहलत देती हूं॰ और कलभी इनकार कियातो॰ तमाम लश्कर का खून तेरी गर्दन॰ पर होगा॰ ये कह कर वो हवा हो गई॰ जब तक शाह ज़ादा आधा पत्थर॰ था॰ शाह ज़ादियां खेमें से पुकार तीथी॰ वो जवाब देताथा॰ इसकी आवाज उनके जीने का सहारा॰था॰ अबतो गले तक पत्थर का होगया॰ दोनों चिल्लायीं॰ कुछ जवाब न आया॰ फिरतो मल्का ने सिर पीट लिया॰ कहने लगी॰जितनी रोते है॰ उतना कभी हंसे न थे॰चलोजंगल हीमें जान देगे॰ किसी को मालूम भी नहोगा॰ मौत बद नामी से बचेगी॰ अंजुमन आरा विचारी मुसीबत की मारी सबका मूं तक्ती थी॰ और रोती थी॰ चिल्लाया नहीं जाता था॰ घुट घुट के जान खोतीथी खवा से सिर खोल के कहती थी॰

खवासे सिर खोल कहती थीं· हाय हाय इस जंगलमें
हम लुट गईं· वारिस से छूट गईं· लोगों हम किधर
जायें क्यों कर इस बलासे निकलेंगे· कोई कहती थींरोना
न के कान बहरे· भगवान न करे· अगर जान आलम
के दुश्मनों का रूगटा भी मैला हुआ तो· शाहज़ादिया
खाक में मिल जाय गी· जान गवावेंगी· हम इन के मा
और बाप को क्या मूं दिखाये गे· इसी जंगल में सिर ट
करा कर मर जायेगे· ये जादूगरनी कुरबान की थी· क
फन भी न देगी· योंही फेंक देगी· कोई सिर नंगी·
बाल बिखेर मदीने के तरफ़ मूं कर· चिल्लाती थी· को
ई कहती थीं· के अगर हमारा लश्कर इस बलासे ब
च जाये तो· मुश्किलकुशा का घडा दुगना दूंगी· कोई बो-
ली· सिमाही के रोजे रखूंगी· कुंडे भरूंगी· सहनक खि
लाऊंगी· किसी ने कहा· अगर जीती छूटी तो दर्गा हज़ा
ऊंगी· सबील पिलाऊंगी· ये हाल था के ईश्वर किसी
को न दिखाये· रोने पीटने के सिवा कुछ आवाज न आ
ती थी· इत्तिफाक से मल्का के बाप का एक चेला· अ
पने गुरू से मिलने को हवा पे उडा जाता था· रोने की आ
वाज· जो उस्के कानमें पहुंची तो· नीचे उतरा· देखा के
आदमी जानवर सब पत्थर बने हुए हैं· पूछा ये· कौन
हैं· और इन पर क्या आफ़त है· मलका के नौक
रोने सब हाल बयान किया· उसने जब ये सुना के गुरू
की बेटी पर ये मुसीबत पडी तो पाव तलेकी मीट्टी निक
ल गई· डेरे के पास आया· रोया· पीटा· चिल्लाया·
मल्काने आवाज पहिचानी· कहा भाई· इस वक्त पर्दा कहां

ओर शरम किसकी अंदर आवे · वो आया तो · आंख
से देखा · मलका कोभी पत्थर पाया · फिर मल्का ने ·
कहा · जादूगरनी ने हमारा काफला · तबाह कर दि-
या · उसने कहा के मैं उस जादूगरनी मुकाबला नहीं क
सक्ता · वक्त थोडा है · कल बिलकुल फेसला हो·
जायगा · बगैर आपके बाप के आये कोई पनाह न पा
वेगा · यह कह कर उडा · हवा को सेकडों कोस पीछे
छोड़ा · वो दौड तीथी · के हवाके घोडें की रपट उस्के एक
एक कदम पर सदके हो जाय · ठोकरों से आंधीका ·
पतला हाल कर दिया · थोडीसी देरमें मल्का के बापके पा
स जा पौंचा · कपडे फाड डाले · ओर दुहाई देने लगा·
बुढ्ढे ने कहा खैर तो है · कुछ हाल तो कह · उसने कहा
शाम तक पहुंचना जरूर है · नहीं तो आर मानही रहे
गा · बेवाली वारसों को कोई कफन भी न देगा · उस बुढ्ढे
ने आह भरी · ओर ठंडी सांस लेकर कहा · अफसोस शा
हजादे को इतना समझाया · पर उस्की समझ में न आया ·

कबित्त

एक आफ़त से तो मर मर के हुवा था जीना
पड गई ओर ये कैसी मेरे अल्लाहे नई ·

वो बुढ्ढा उसी वक्त उड़ा ओर शाम की निमाज लश्कर में ·
आकर पढी · जान आलम के डेरे में आया · ओर बहु
त घबराया · फिर अन्जुमन आरा के पास जाकर तस
ल्ली दी ओर वहां से उठ मल्का के पास आया · ओर कहा
के तेरे नसीब ने हमारी · वज़े में फरक डाला · बरसों बाद
वाग से निकाला · मल्का ने रोकर कहा · हजूर ये धम

काने का वक्त नहीं है · कुछ तज बीज कीजिये · फिर जो चाह
ना सो · कहना · वो डेरे के बाहर आया · और कुछ पढ
ने लगा · फिर असमान की तर्फ देख के रोया · और कहा
के बुड्ढे की थारस तेरे हाथ है · कबर में पांव लटकाये बे
ठा हूं · तेरे सिवा कोई नहीं · तेरे सबब से सब मुशकिल
आसान · और सब आसान मुशकिल · ऐसा न हो के इसे
बुढापे में बट्टा लगे · मेरी डाढी की तफ खियाल करना · कलं
क का टीका न लगाना · इतने में तडका हुआ वो सबमं
त्र पढ चुका था · के वो औरत अजदहे पर सवार होकर
आई · पहले मल्का के बाप के पास गई · और कहा के ·
ओ बुड्ढे सत्तरे बहत्तरे · तेरी मौत इस जंगल में तुझे खें
च लाई है · तुझे क्या मारूं · तू तो बे मारे मरा हुआ है ·
नाहक की बदनामी क्यों लूं · चल जिधर से आया है · उ
धर ही को चला जा · नहीं तो दम भर में मिट्टी में मिला दूं
गी · बुड्ढे ने कहा ओ हराम जादी छिनाल तू अपनी ·
चुल मिटाने के वास्ते हजारों को नाहक मारती है · मैं
क्या अपने प्यारों को मरते देखूं · मेरा क्या है · आज न मरा
कल मरा · मसल मशहूर है · (आज मरा कल दूसरा
दिन) मगर जीते जी लोगों को क्या मूं दिखलाऊं गा ·
बराबर वालों से आंख छिपानी पडेगी · तू सत खसमी मुझ
से क्या लडेगी · ये सुनते ही अजदूगरनी को आग लग ग
ई · आसमान चढा छू छू करने लगी · बुड्ढा भी
बराबर से तोड किये जाता था · खूब छूट हुई · पिछला
पहरा · दिन बाकी रह गया · जब कुछ न हो सका तो वो ·
शेर बन गई · उधर बुड्ढा भी दो लोट मार कर शेर बन गया ·

उसने वह तेरी गीदड़ भब की • बनाई • मगर ये कब हट
तेथे वो चिघाडे के जंगल गुंज गया • वो चील बनके
आसमान को उडी • बुड्ढा भी बाज हो कर उसके पीछे
झपटा • और दिल में कहा • के ये हराम जादी चढ़ी की
आडमें शिकार खेले जाय गी • कुछ भी हो • अवके
तो इसे जा दवावो • ये सोच कर उसे जा दबोचा • एसा
नोचा • के जान सन सनाई • वहुतेरी तडफी फड़की म
गर यहां तो मोत पंजे फाड के पीछे पडीथी • दम भरमें
काम तमाम कर दिया • उस के मरते ही जंगल में मंगल •
हुआ • लीजियो • दोडियो • मारियो • का • गुल मचा • आ
समान चकरा गया • जमीन थर्रा गयी • जंगल में अंधेरा
हो गया • जादू का कार खाना बिगड गया • शाम के वक्त
सूरज निकला • आंधी बैठ गयी • जान आलम घबरा
उठो कर और कदम दवाये • बड़े मियां के पास आया •
सबने देखा के किलेमें एक • औरत पडीथी • और ॰
अस्सी नव्वे वरस की उमर झुकी कमर • आंखें फटी
बाल बिखरे रगे अलग अलग • हड्डियां • पसलियां •
सडी गली • दांत के नाम से मूंमे तिनका भी नहीं • भा
डसा मूं • हात पुराने वडके डाले • ताड के पेड कीसी टां
गेंथी • सीना तंग • छातीयां पेट पर लटकती • और पे
ट मास के लोथडो मे लिपटा हुवा • मगर मुक्की पत्थर का •
दिल • खाल अलग • हड्डी अलग • काली बला रातको क्या
दिन को देखे तो डर जाय • सिर सफेद कलंक का टीका • ल
गाये लडके डरे के हमको काट न खाय • सिंदूर का टिका •
दूसरे दिखता मांगमें रोली भरी • वालों में नारियल का तेल •

फटे दीदों में नदी दो की तरह • काजल रेल पेल • गहने के बदले सांप • विच्छू लिपटे • खोपरी और हाड्डी योंके हार ग लेमें पड़े • जादू का सिंगार किये मन हूस शकल बनाये चि त पड़ीथी • गोयाराय पिथोरा महल की कड़ीथी • जानआलम बड़े मियां को साथ लेके डेरेमें आया • शाह जादी योंकी जान मे जान आई • सहे लियोंने भी अच्छी सूरत बनाई • सबबुड्ढे के पांव पर गिर पड़ी • उसने कहा अभी क्या है • येतो कुछ भी नथा • मुसी बत तो आगे पड़े गी • जादू गरो का बाद शा ह जरूर आवे गा • बखेड़ा मचा वेगा • सुन के मल्का ः कांपने लगी • बुड्ढे ने कहा क्यों घब रानी हो • खुदाको या द करो • यह कह कर दो उड़द के दाने उसने दाहे बायें फे के • दो जान वर नयी शकल के पैदा हुए • हिरन का मूं मोर का धड़ जवा हर के सींग हीरेकी आंखे पन्ने के पर • दो ठीकरी यों पर कुछ लिख के उनके सामने रक्खा • वो मूंमें लेकर उड़ गये • रात डर में कटी • तड़के ही आधी चली वि जली चम की • बादल गरजा • लपकर वाले डेरे • बड़े मि या के पास • आकर खड़े हुए • सांप का काटा रस्सी से डरता है • इतने में जादू गरों के गोल आये • काले भुजंगे • नंगे • ध ड़ंगे • सवारों की कतार • पेद लोंकी मार मार • बड़े मियां ने इनका परा जमाया • दूसरी तर्फ से जादू गनी • यां • ना गनो पर सवार आग उड़ाती • नारियल उछालती • छोटी २ झा ड़ियां हाथों में जादू के जोर से कूदती • उछालती • लड़नेप र मरती • एक दूसरे को तकती • आमो जूद हुई • और उसी परे के सामने ठैरीं • जान आलम का जी उसको दे खके कुलबुलाया • फौज के सर दारों को बुलाया • कहा॰ ॰

आज बेढब मामला है · ये तमाशा देखने के लायक है · अगर ज़िंदगी है · तो फिर ऐसा काहे को देखें गे · और जो मरे · तोभी बहार है · हज़ारोंके मरने कोभी शादी कहते हैं हमारी फ़ौजभी चमक दमक के तैयार हो येसुनते ही सफ़र मैना ने कुदाल फावडे · उठाये · जमीन बराबरकी झाड झंकाड काट डाले · पलटनो के मोरचे लगे · तायो दमदमें बधे · फाकी लगाई · सुरंग बनाई बादे रू बिछाई · सक्के ने छिड काव करना शुरू किया गोलंदाजों ने बाल चौमें पानी भरा · सवारो के परे · हाथियोका हलके · उटोंकी कतार · चरकटो की लल कार · साटेमारोंकी पुकार · दाहा · बचाये · बांहां समाले · सव लैस दरेस होकर खडे थे · घोडे की कनोती से कनौती मिली · धौंसे पर चोट पडी · बहादुरो की आखें खूनकासा कटोरा · बात बात पर तलवार · अजब हुल पुकार · नामर्दो को होल हुआ · भागने का फिकर पडा · पेटमें खल बली मची · दस्त निकल गये · पेशाब से समंदर बन गये · जान आलम भी टेढी लगाये तलवार चमकाये · बरछा उठाये घोडा उडाये फौजके बराबर आकर खडा हुआ · एक दफ़े ही चोब दार चिल्लाये आज हीका दिन है · जवानी जिंदगी चार दिन है · कोई दुनिया में हमेशा नहीं रहा · नाम रह जाय गा · जो करना है · आज करलो · कलके वास्ते कुछ दिलमें न रखना · सूरमा ओंके दिल बढे · मूछों को तावदे तलवार को देखने लगे · मूछंका · सिर को हतेली पर रख लिया आपस में छेड छाड करने लगे · देखें आज तलवार किसकी काटती है · किस का लहू चाटती है · पहिले किस

की बर्छी चलती है · कौन छाती तानता है · कौन लोहा मान ताहै · देखें कौन सा ललकार ता है · कौन डाटक र मारता है · और कौन ददा को पुकार ता है · आज शाह जादे का निमक अदा करो · दुश्मनों का लहू चाटो · बु रा मनाने वालों का कलेजा काटो · अगर देव सामने आवेतो जान नपावे · देखें किसके हाथ खेत रहता है औ र कौन कौन खेत रहता है · दिल चलावो · ढाले अशर्फि यों से भरलो · आज ही तो आन बान है · यही तो तलवा र और यही मैदान है · येतो बहादरों का हाल था · अब दिलकसरों की सुनो · मूपर हवाईयां उड़ती थी · भाग ने को घोडोंकी बागे मुडती थी · मूं नोचतेथे · भाग ने की सो चतेथे · पेट पकडे फिरते थे · दस्त पर दस्त चले आते थे डरके मारे बिन मारे मुए जाते थे · कोई कहाता था · मि या जी है तो जहान है · नोकरी न मिलेगी तो भीख मांग खायगे · जान कहां पावें गे · हुर्मत गई तो गई · जान तो र हे गी · यही ना कोई ना मर्द कहे गा · आबरू गयी · जीते रहेगा यहां बिगडी और कहीं बना लेगे · गोलियां बचा कर गालियां खालेंगे · लडने को सिपायोंने कमरे बांधी है कोसने को हम मौजूद है · कोसों भाग नेको आंधी है · जोखें लगाने में हमारे मा बाप भंग पीला तेथे · कि सीकी फस्त खुली देख कर हमको गश आते थे · दोस्त हो या दुश्मन, हमतो सब की खैर माग ने वाले है · सब से पहिले मागने वाले है · गाली गलोज को लडाई समझे · लडाई भिडाई से कभी भिडके न निकले · उ मरभरमें बदन में सुईभी · गडने नदी · गालिया खाके

जिंद गी देर की · वे गैर नी का भला हो जिसने आज तक
जान सला मत रक्खी · इस पर भी किसमत ने ये दिन दि
खाये · खुदाने हमें हीजडा क्यों न बनाया · फौज में ये खल
बली मच रही थी · उधर अंजुमन आरा एक टकने पर डेरे
में चिलबन डाले सैर देखने लगी · इतने में शह पाल नौ
ला ख · जादूगर साथ लेके · तख्त पर सवार हुआ · चाली
स हज़ार अज दहे · तख्त को उठाये बडी धूम धाम से आ
या · और फौज़ के सामने अपना परा जमाया · काले झंडे
निकाले · झांझ बजने लगी · उस्का वजीर बडे मियांके
पास आया · और हात बांधके कहाके कहनी नहीं स
कती मगर शह पाल ने ऐसा कहा हैं के तुम्हारा जी
ना मरना बरा बर है · बुड्ढे हो चुके हो · क्यों इनजवानों

इन जवानो का खून अपने सिर पर लेते हो· बडे मियांने जवाब दिया के उस हराम ज़ादे से कहदो के जितने यहां मरे गे· उन सब का खून उस छिनाल पर होगा· हम तो समझे· थे के तेरे घरमें वोही बुरी थी· मगर मालूम हुआ के एसों के वैसे ही होते हैं· तुझे सफेद डाढी की शरम न आई· के वो स रीमरा कलंक का टीका भीचा· तू तो उस्से भी जयादा बे शरम निकला· अब कुछ बात चीत का काम नहीं· तलवार फ़ैसला कर देगी· देखें आज कौन जीत ता है· और कौन कौन क फन काठी को तरस ता है· वज़ीर उलटा फ़िरा और जो बुड्ढे ने कहाथा· वो शाह पाल से कह दिया· ये सुन ते ही वो जल गया· पहिले तो कुछ पढ कर आगका अंगारा उस पर· मारा· फिर फौज वालों को लल कारा· दो पहर तक एसी जमी के किसी ने देखा न सुनी किसीने जलाया· किसीने बुझाया· कोई पत्थर· वरसा ताथा· कोई काटे खाता था· जब जादू हो चुका तो तल वार चली· जान आलम ने वाग उठाई· फौज सब तर्फ से सिमट के घिर आई· तल वार की बिजली चमकी· वहा रों की लल कार ने बादल की गरजका काम किया· वो लोहा बर साया के होश न आया· ये तो ता ज़ा दम थे· वो दो पहर से लडते लडते थक गये· सैकरों पांवमे कुचले गये· घोडों की झपट में रुंद गये· इस वक्त जान आलम की तल वार देखनी थी· जिस पर पडी अलग अलग कर दिया· सिरको चीर कलेजे से उतर कलेजा चा ट पट कार जीनको चीर घोडेके कमर से निकल गई· याती सिरथा या धड ही रह गया· जिस पर वार किया तो ए क के दो और दो को चार किया· ज़मीन हिल गई· आस

आसमान कांप उठा · मुरदे घबरा कर कबरों के बाहर
निकल आये जो अटका, उस मार लिया · भागतों का
पीछा न किया · एक घडी भरमें लहू की नदी वह निकली
लाशों के ढेर लग गये · घोडे लहूमें तेरते थे कोसों तक मु
रदों की सडक बन गई · आखर को शाह पाल मारा गया
पलक मारने में उस्का सिर उतारा गया · फिर तो जान आ
लम की फ़ौज टूट पडी · तू और में और गेरे पच कल्यान च
पड कनाती जेबकतरे · उठाई गीरे रद्वे खदवे मू पसारे ·
लूट पर टूट पडे · पर एक तिनका भी न जाने दिया · शह पा
ल की फ़ौज का क्या हाल · जिधर जिसके सींग समाया चला ·
गया · इतने में रे के आज तक लघ्घड गिद्ध कव्वे उनको षा
ते हैं · इतना खाया के हज़ारों जानवर हज़ा करके मर ग·
थे · तमाम खजाना और मुल्क जान आलम के हात आ
या · इह भाल के वो तक्ती और तावीज भी पाया · बडे मिया अब
रूख सेद हुए · और समझाया के बेटा ऐसा काम कभी न कर·
ना · देखभाल कर चलना · खुदा के दिन फिर ना दिखावे · तुम
तो क्या दुसमनो को भी ये वक्त न आवे · ॥

चरित्र ९३॥

जादूगर के मारने के बाद जान आलम दो महीने उसी जं
गल में रहा · बडे मियां अब अपने बाग को गये · थोडे दिन
बाद जान आलम ने भी कूंच किया · चलते चलते एक दिन स
मुद्र के किनारे डेरे हुए · जान आलम अपनी प्यारीयों को
लेकर लहरों की सेर देखने लगा · समुद्र गगन खल रहा था ·
इतने में एक जहाज दिखा · जान आलम ने जाना कोई व
डा सोदागर है · जो ऐसे खूबसूरत जहाज में आता है · ५॥

जब जहाज किनारे लगा तो लोग उसमें से उत्तर के जा
न आलम के पास आये और हात बांध कर कहा के हम
मल्ला हैं जो अमीर आता है उसे हम जहाज़ पर बैठा
कर समुद्र की सैर दिखाते हैं जो किस्मत में होता है वो
इनाम पाते हैं जान आलम के दिलमें आई के सैर करो मल
का से कहा के चलती हो उसने जवाब दिया के अभी तो
गम के भवर में फस हुये हैं आप को और लहर आई न
या ढकोस ला सूढा जान आलम ने कहा सैरसे जी खुश हो
ता है दिल बहल जाता है घबराहट जाती है चलो चार घ
डीजी बहलावे नहीं तो बिचारे मल्ला नाउम्मेद हो जावेंगे
मल्का ने कहा जो आप कहते हो वो सच है घबराह
ट कैसी आरव कान कैसा तुम्हारे दुसमनों को तो एक
बीमारी है जिस्से आदमी पालंग सा हो जाता है मालिक
खोलिया है मैने अंजुमन आरा से कई दफ़ा कहा इस
मर्ज की दवा नही पानीसे दूना होता है सिवा इसके मेरे दि
माग में कुछ खलल नही जान आलम ने कहा खैर हम तो
सिडे हैं अकेले ही जावेंगे तुम न चलो बैठी रहो
आराम करो मोहब्बत में ये कब हो सक्ता है के प्यारे से अ
लग रहा जाय उल्फत का यही हाल मालूम हो जाता है सो
ना कसोटी पर चढता है खरा खोटा निकलता है लाचार
मल्का उठी अंजुमन आरा साथ होली जहाज़ पर चढे और
करने लगे मल्का ने अंजुमन आरा से कहा खुदा खैर करे
दुश्मन भी ऐसी सैर न करे दिल घबराता है लहर को देख
कर खोफ़ आता है मेरा माथा ठिनकता है जान डरती
है चार घडी न होने पाई थी के एक दफ़े ही आंधी चली

बद बान टूट गये · मल्लाओंके छक्के छुट गये · जहाज के टुकडे टुकडे · होगये क्या जाने कौन डूबा · और कौन बचा · किसको किसी को खबर नहीं · जान आलम एक तख्ते पर डूबता उछलता चार दिन बाद किनारे पर लगा · उठता बैठता चला एक बस्तीमें पोंहचा · वहां के लोग इसको देखकर दंग होगये हर एक पूछता था · (कौन हो क्या हो हूर हो या परी हो · तुम जान आलम ने ठंडा सांस भर कर कहा क्या बताऊं · मैं कौन हूं होश ठिकाने नहीं · बिछडोंसे मिलने को दिल बेकल है · पानी दाना मूंमे नहीं गया · साथी छुट गये ठिकाना पूछते हो क्या भला हम बेठिकानो का ·)

हिचकी लगती है · मगर पता नहीं लगता · किसमतने दोस्त छुडाये · दिया · क्या करूं कहा जाऊं · हाय मुसी बत · वाये कि स्मत · ये सुन कर सब लोग रोने लगे · जाना कोई शाह ज़ादा है · सबीने खातिर की · अपने मकान पर ले गये · हात मूधुला या · लाखा लाये · खाना लाये जान आलम रोने लगा · और बोला · खुदा जाने मेरे बिछडो का क्या हाल है · किसीको दाना पानी · मिला या न मिला · मैंभी नखाऊं गा · भूखा प्यासा मर जाऊं गा · लोगों ने कहा ये क्या नादानी है · खाने सेतो जिंद गानी है · जो जीतेजी होतो किसी रोज बिछडो से मिल जाओगे · और जो नखाओगेतो भूखे मर जाओ गे · कफन भी नपावो गे · लाचार सबके समझाने से दो एक निवाले गलेसे उतारे · पानी जो पिया हात पांव सन सनाये · गश आये · जब ज़रा दिल ठैरा तो सब हाल कहा · लोग सुन कर रोने लगे · एक ने कहा यहां से दो मंजिल एक पहाड़ है · वहा येक जोगी रहता है · हज़ारों आदमी उस्के पास जाते हैं · जो मांगते हैं · सो पाते हैं · आज तक कोई खाली न फ़िरा · जाते ही मनों कामना सिद्ध है · जान आलम ये सुनः के खुश हुआ · चलने का इरादा किया · लोगों ने कहा ये क्या · करते हो · अभी तुममे दम नहीं · दोचारदिन यहां ठहरो · नहीतो रस्ते में ढेर हो जावो गे · जान आलम उनके कहने से ठहरी गया · मगर दिलमें चैन नहीं · पर होते तो उड़ के जाता · खुदा २ करके दो दिन काटे · रात भर रोना · दिनभर तडफना · चार दिन में उस पहाड पर पहुंचे · वो बडा ऊंचा था · फिरे बह रहे थे · नहरें जारी थी · फूल फल लगे हुए · जान बर बोलरहे थे सैर देखता चला · एक जगे बडे घनदार

पेडेथे · और एक पक्की क़बर बनी हुई · और मढी · देखी · वहां त्रिशूल गडा हुआ · खार वेकी झंडी लगी जब पास आयातो सौ सवासो वरस का जोगी देखा डा डी पेटके नीचे लटकती · जटाये पावो पर पडी · आखें प लकों से ढकी और पलक भूंवोंसे मिली · बदन में झुर्रि यां पडी · और भभूत चढ़ी · खार वेका लंगोट बंधा · हु क्का लगाये · अफीमी की शकल बनाये · शेर की खाल बिछाये · सोता न जागता · आसन मार · दुनिया से कि नारे · पेट पीठ से लगा · टीका माथे पर चढ़ा · कही चौ की पडी · कही · मुसल्ला बिछा · धूनी लगी · अजब सामा न · नहिंन्दु न मुसल मान · एक तरफ़ बेला चमेली खि ली · क्यारियां बनी · कही पीरों के ढेर · गुरुकी छतरी मौल सरी के पेड · दरखतों की टहनियों में पिंजरे लट कते · तोतों का कही · (सत गुरु दत) पढ़ना · कही · मैना (नबीजी भेडियो) कहना · शेर की चौकी लगी · , लक्कड सुलग रहे · एक तर्फ भवानी का मठ · । तुलसी का पेड · कही दुर्गा · कही ढेर · एकतर फ़ भंडारा जारी · कढाई चढी · मोहन भोग बनरहा · कही पुलाव · कलिये की तैयारी · कही महंत वाल के · कही मुरशद मुरीद · कोई जोग अभ्यास करता कोई · चिल्ले में बैठा · एक तरफ खंजरी वज रही · भजन होरहे · दूसरी तरफ़ दायरा खडक ताथा · ढोल बज रहा · जान आलम की पावकी आहट जो हुईतो · जोगी की आंख खुली · हातसे पलक उठा आंख मिलाई · लाल लाल च ढी हुई · आखों से जान आलंको देखा · इसने झुकके

सलाम किया · उसने कहा · भला हो · बच्चा बडी खुसी बन
उठाके यहां आया · गुरू भला करेगा · मुरशद की दुआसे ते
रा काम भी हो जाय · तेरी अमानत मौजूद है · सवारी खडी
है · हम जाने को तैयार हैं · जान आलम हक्का ब
क्का होकर बैठ गया · जोगी उठके हौजमें न्हा
या · गेरूवा कपडे फेंक · सफेद ओढ अतर मल जा
न आलम के पास आया · और कहाके एक दिन
हम बडी मौजमें बैठे थे · गुरूने तेरे हाल से हम को
खबर दी · एक शाहज़ादा यहां आवेगा · उसका ज
हाज़ तबाह हो जावेगा · यहांसे मतलब पावेगा · ये सु
नतेही जानमें जान आगई · कहा जोगी जी तुम्हारे नामे
से मेरी जान बची · नहीं तो कभी का मर गया होता ॥

खूबसूरती भी अजब चीज है · अमीर गरीब सब
इसपर मिटी है · फकीर जान आलम को देख कर खुश हु
आ · समझाने लगा के अब रोना अच्छा नहीं ये दुनिया
है · कभी सवेरा कभी शाम, कभी प्यारे के गलेमें हात है ·
कभी फिलंगा है न खाट है · कभी फूल निकलते हैं कभी
पत्ते तक झड जाते हैं · जो मजे करेगा वोही मुसीबत भी उठा
वेगा · जीसे तकलीफ है · वो आराम भी पावेगा · तुमने उन
दोनो भाईयोकी कहानी नहीं सुनी · जो जुडवां पैदा हुए थे · प
हिले क्या मुसीबत उठाई · फिर गद्दी पाई · जो शाहजादी
हात आई · जान आलमने कहो क्यों कर · जोगी कहने ल
गा · ॥ कहानी ॥
एक शहर में दो भाई जुडवां पैदा हुए थे · बडे लाड प्यारसे
पले आपस में बहुत हेल था · एक को दूसरे बगैर चैन
नहीं पडता था सीकार को नही जाते थे · एक दिन जंग
लमें जाते जाते हिरन सामने आया · छोटे भाईने तीर
लगाया · निशाना चूक गया · हिरन कनौतियां बदल के
भागा · इनोंने घोडे पीछे छोडे · शाम को बडे भाईने तीर
जो मारा तो हिरन उगमगा के गिर पड़ा · इन्होने घोडे प
र से उतर उसे भून भान कर खाना सुरू किया · घोडेभी
घोडेभी थक गये थे · इनमें भी दम न था पानी पीकर बैठे
दम लिया · रात हो गई थी · चांदनी · छिटकी जंगल ब
हार दिखाने लगा · उन्होंने कहा · आजतो रात यहीं ·
काटिये · ईश्वर के चमत्कार देखिये फिर दिल में कहा ·
कि चांदनी की बहार तो किसी प्यारी के साथ है · अकेले तो
चांदनी काटने को दौडती है · खैर · एक पेड के नीचे ॥

पड रहे· चांदनी तो साथ नथी· जी नही बिछा लिया·
घोडे वाग डोर से झटका दिये· बडे भाई ने छोटेभा
ई से कहा, हम तुम से तीन बाते पूछते हैं· और तुम्हा
री अकल देखते हैं· एक तो यहां से अपना शहर कितनी
दूर है· दूसरे किस तर्फ को है· और तीसरे आज कबाब
में जियादा मजा क्यों आया· उस ने कहा इसमे क्या मुशकि
ल है· हमारा घर यहां से सो कोस है· क्यों के मेरा घोड़ा·
इसी चाल से सो कोस चलता है· और उत्तर की तर्फ है·
इन सितारों से मालूम होता है· खाने में मजा आया क्यों
के बहुत देर बाद मिला· मगर मैं एक नई बात कहता हूं·
और वो ये है· के कल बडे मजे होंगे· भाई ने पूछा के इ
सका क्या सबब है· वो बोला· आज हमने बडी मुसीबत उठा
थी· मगर दिल खुश है· ये कहके वो चुपका होरहा· ये
बात तो योंही रही· फिर दोनो ने कहाकि जंगल सुनसा
न है· आदमी का पता नही घोर लगता है· सांप आवे· वि
च्छू काट खाय· नींद और मौत बराबर है· पहर भर रात आ
चुकी तीन पहर बाकी है· डेड पहर में जागूं· और डेड पह
र तुम जागो पहरा दो· ये बाते दोनो को पसंद आई· पहिले
बडा भाई सोया· और छोटा समल बैठा· पेड पर दो जान·
वर बाते करने लगे· एक बोला के जो मेरा गोस्त खावे वो;
दो पहर बाद एक लाल उगले· और फिर हर महीने·
उस्के मूसे लाल निकले· दूसरा बोला जो मेरा गोस्त खा
वे सो उसी रोज़ बाद शाह बन जावे· ये सुन के बहुत खु
श हुवा· तीर खैच के मारा· दोनों छिद कर गिर पडे· उसी
वक्त भूने· जिस्के गोस्त में बाद शाहत का मजा समझा थो·

दोनों आप खाया दूसरा बड़े भाई के वास्ते रखा इत
ना खुश हुआ के कि रात भर आप पहरा दिया बड़े भाई को
नलाया जब लड़का हुआ तो वो उठा उसे वो वा गोश्त खाने
को दिया मगर कुछ हाल न बताया दो पहर के बाद लाल
छोटे भाई के मूंसे निकला दिलमें अफसोस किया के चूक ग
या फिर सोच साच कर वो लाल बड़े भाई को दिया रात का हा
ल कहा और हाथ बांध कर अर्ज की के ये लाल न जर है
थोड़ी देर में आप बाद शाह हुआ चाहते हैं बड़ा भाई बहु
त खुश हुआ दिलमे कहा के मेरा भाई बड़ा लायक वाला
है फिर कहा के सामने बस्ती मालूम होती है इस लाल
को यहां बेचें क्यों के अगर अपने शाहर में बेचेंगे तो पक
ड़े जावेंगे तुम घोड़े के पास रहो मैं अभी बेच कर आता हूं
ये कहके चला शाहर दरवाजे पर बड़ी भीड़ दिखि उस
मुल्क का ये दस्तूर था के जब वहां का बाद शाह मरता
सब छोटे बड़े बजीर के साथ तख्त ले कर दर बाजे के पा
स आते जो मुसा फिर पहिले आता उसे बाद शाह बनाते
इन दिनों में वहां का बाद शाह मर गया लोग तख्त लि
ये खड़े थे ये पहुंचा उन्होंने तख्त पर बिठाया बादशाह बना
या उस दिन तो धूम धड़क के में भायी का ख्याल न आया दूस
रे दिन तो जासूस भेजे कहीं पता न मिला चुप हो रहा राज
करने लगा वो लाल जो बेचने आया तो भाई की निश
नी थी वो राज दर बार वालों को दिखाता सब उस्की
तारीफ़ करते इधर छोटे भाई थे बिचारा बड़े भाई
का रस्ता देखते थक गया अचानक एक जानवर आया
और इसे पंजेमें दबा कर ले गया घोड़े जंगल में

भाग गये· वाहवा एक तो राज करे· दूसरा मुसी बतमें
पड़े· वोजानवर उड़ता उड़ता एक पेड़ पर बैठा· उसके नी
चे कुंवाथा· पंजा जो खुला तो छुट कर कुंए में गिर पड़ा· इत
नेमें वहां एक काफला आया· लोग बाग पानी भरने को आ
ये· ये चुपके से एक डोल में बैठ गया· लोगो ने खेंच लि·
या· जो देखता था वो ताज्जुब करता था· उस्से हाल पूछा
उसने सब बयान किया· वोउसे काफले में ले गये· और·
अपने सरदार को दिया· वहां ये रहने लगा· काफ़ला· चल
ते चलते मंजिल पर पहुंचा· महीना भी पूरा हुआ· इस
ने दूसरा लाल उगला· काफाले का सरदार बहुत·
खुश हुआ· फिर सोंचा और उसे कैद करके कोतवाली
में भेज दिया के मेरा गुलाम है· इसने लाल चुराया जो
सजा चाहो इसे दो· कोतवालने काजी से पूछा के इसको क्या
सजा चाही ये· उसने कहा के इस्के हात काट डालो· मगर
उस शाहर काये· दस्तूर था के जो तकसीर करता वो बाद
शाह की बेटी के सामने जाया करता था· क्यों कि बादशाह
तो बुड्ढा था· तमाम काम वोही करती थी· उस्के रूपका क्या·
पूछना· हजारों आदमी एडीयां रगड कर गये· मर· मगर
उसने किसी को पसंद न किया· अब तक कुंवारी थी· इस
जवान को शाहज़ादी के पास ले गये· उसने कोतवालको
बुला सब हाल पूछा जो कुछ गुजरा था· उसने सब हाल बया
न कर दिया· फिर वो इस्के तरफ़ फिरी· इसने कहा के सब स
च्चे है· आप मुझको सजा दीजिये· शाहज़ादी ने कहा आज
तक किसी चोरने· चोरी का इक रार नहीं किया· इसमें कुछ फी
है· कल सब कचेरी में हाजर हो· और ये हमारी डेहुडी·

पर कैद रहे· किस्मत जो खुली तो शाह ज़ादी का दिल इ
स की तर्फ़ आया· रात को बुलाके सब उससे हाल पूछा· इ
सने सिरसे पांव तक सब कह दिया· शाहजादी सुन कर बहु
त खुश हुई· दूसरे दिन बाद शाह के सामने हात बांध कर
कहा के कोत वाल और काजी सब झूठे और जुल्म करते हैं·
नाहक इस बिचारे के हात काट ते हैं · बाद शाह बुड्ढे थे·
और बुढापे में अकल जाती रहती है· सोंचने लगे· शाह
जादी ने· कहा हात कंगन को आरसी क्या है · हजूर महीने
भर और कैद रक्खे· अगर इसने दूसरा लाल उगला तो
ये सच्चा है· नहीं तो बेशक इसका सिर काटा जावे· बादशा
ह को ने बेटी की बहुत तारीफ़ की· और जवान को अपने सा
मने कैद किया· और काफले के सर दार को शाह जादी ने कै
द में भेजा· दिन २ शाह जादी को उस की मुहब्बत बढती·
दिल बुरा होता है· जिस पे पडे पडे वोही जाने· इतने में महीना
होगया· जवान ने· सब के साम ने लाल उगला· लोगों को
बडा ताज्जुब हुआ· काफले के सर दार को गधे चढा पर के
शहर के बाहर निकाल दिया· सब लोग उस जवान को देख क
र खुश होते और आखिर को शाह जादी के खातिर से स
बने मिल कर बाद शाह से कहा· हजूर इसे अपनी नोकरी
में रक्खे· ये आपकी जूति था उठाये गा· बाद शाह भी राजी हु
घी· मान गया· थोडे दिन में वो मूलगा के बाद शाह की मुल्क
का बाल हुआ· हर महीने लाल उगल ना· और बाद शाह
के पास लाना· आखर को सबने सला कर २ बाद शाह से· क
हाके हजूर इसका ब्याह अपनी बेटी से करदो· दोनों का दि·
ल आया हुआ है· अब रोकना मुना सिब नहीं ॥

बादशाह ने बडी धुम धाम से व्याह कर दिया· और मजे उडने लगे· मगर जवान हर रोज बिला नागा बादशाह की नौकरी में हाजर रहता था· एक दिन उसके भाई का एलची वहां आया· इधर उधर की वाते होने लगी· जवाहर का जिक्र उठा· एक एलचीने कहा के हमारे बादशाह के पास एक असा लाल है· के किसीने देखा न सुना· बादशाह के पास भी उगले हुये· लाल थे· आठ दस दिखाये· एलची देख कर घबराया· और कहा के ये लाल तो हमारे बादशाह के लालसे बिलकुल मिलते हैं· बादशाह ने कहा के ये मेरा लडका हर महीने लाल उगलता है· एलचीने जो देखा तो अपने बादशाह की और उसकी शकल एकसी मिलती हुई पायी· खैर वहां से रुखसत होकर अपने बादशाह के पास आया· वहां तो ये दस्तूर था· जब बादशाह तख्त पर बैठता था· तब वो लाल सामने धरा जाता था· एलचीको वही बात याद आई· और उसने हात बांध कर कहा के हुजूर क्या एक लाल को लिये फिरते हैं। जिस-बादशाह के मैं पास गया था· उसके पास लाल का पुतला मौजूद है· ये बादशाह के बात समझ में न आई· फिर एलचीने कहा के उस बादशाह का दामाद हर महीने एक लाल उगलता है· और विसकी और हुजूरकी शकल बहुत मिलती है· अगर दोनों साथ बैठ जाय तो सगे भाई मालूम हो· ये सुनतेही यकीन हुआ के अब पता मिला· बेशक वो मेरा भाई है· उसी वक्त एक खत बादशाह के नाम लिखा· के आपके दामाद से मुझे मुलाकात करनी है· उसको जल्दी यहां से भेज दीजे· बडी मेहर·

वानी होगी · चुपके से एक खत भाई के नाम लिखा · औ
र सब पता बता दिया · एलची ये दोनों खत लेकर आ
या · भाई ने भाई का खत देखा तो खून ने जोस किया ·
उसी वक्त बादशाह से रुखसत हुआ · और चीके ए
लची से साथ हो लिया · कहि दम भर न ठेरा · एलचीसे भाई
का हाल पूछा तब चला · मगर दुनिया कब चैन देती है जब
शहर दस बारह कोस रहा तब जहाज तबाह होगया · वि
जिसकी आई थी वो रह गया · जिसकी बाकी थी वह नि
कला · ये बात सबमे मशहूर हुई · भाईने भी सुना उसी
वक्त हज़ारों आदमी भेजेके जिस डूबतेउछलतेका पता
पाओ उसे जल्दी लावो · बहुत सा ढूंढा ढांढा · तो शाहजा
दी हातआई · उसे बादशाह के पास हाजिर किया · और भाई
केडूबनेका हाल कह दिया · एकतरफ़ शाहजादी कोनेमे बैठग
ई · दूसरे तरफ़ बादशाह रोने लगा · वो जवान तक्त केसहा
रे बहता २ भूखा प्यासा गिरता पडता किनारे पोहचा · ज
ब ज्वहा जरा दम आयातो पूछता २ उस शहर में घुसा · बा
दशाह को खबर हुई · सामने बुलवाया मगर मुशीबतने
वो मूं बिगाड दिया था · के पहिचाना न गया · ॥

शेर ॥

इतनी मुद्दत में मिला मुझसे वो धोखादेकर
यादभी जब मुझे उस यार की सूरत न रही ॥

वाहनी वाह अभीतो वो मजे करते थे · और अभीये मु
सी बन पडी · शाहज़ादी को बुलाया · वोहिचर मिचर करने
लगी · वोबोला के पहरभर बाकी है · लाल उगलूंगा · तब प
हिचान · लोगी · बादशाह नेजाना के ये बेशक सच्चा है

अगर झूठा होता तो पहर भर का नाम न लेता · शाहजा
दी बोली के तू बडा अकलमंद है · एक बात पूछता हूं अगर
उस का जवाब इसी वक्त देगा तो मेरा शक जाता रहेगा · भला
वो चीज क्या है · जिसे सब हिन्दु मुसलमान और किश्चन खुले
बंदो खाते है · मगर जो उस्का सिर काट डालो तो जहर हो जावे ·
कोई न खावे · और जो खावे चट मर जावे · जवान ने हंस कर
कहा शाहजादी · कसम · है · क्या अच्छी बात पूछी है · सुनतेही
वो फडक गई दौड के गले से लिपट गई · बादशाह ने क
हा हम तो कुछ न समझे · शाहजादी क्या समझ सामने हुई ·
जवान ने हात बांध के कहा हजूर वो चीज कसम है · उसे त
माम आलम खाता है · और सिर उस का (क) है उसे का
टा तो (सम) रहता है · और सम जहर को कहते हैं · उ
से कौन खाता है जो खोता है वो मर जाता है ये सुन के
बादशाह ने भाई को गले लगाया · शादी याने बजने ल
गे · जवान ने लाल उगला और वखेडा मिटा · जिस
तरह ये बिछडे हुए मिले इसी तरह ईश्वर हम को भी बिछ
डे हुए मिले · जोगी ने ये कहानी कह कर जान आलम से
कहा बाबा दलो · घबराने का काम नहीं · हम को सब
मालूम है मगर कह नही सकते · बोलने का हुक्म नहीं
मैं थोडी देर मे मरने वाला हूं मुझको गाड दीजो · ये कह कर
दो चार बाते बनाई · जान आलम ने कहा साई ये किस्से देखा
जायगा · पत्थर का कलेजा कहां से आयेगा · ये क्यों कर होस
केगा · मैं तुम को अपने सामने गाडूं · फिर जान आलम
खूब रोया · जोगी ने कहा बच्चा अब कुछ देर नहीं · प्यादा
आन पहुंचा है · नही तो हम भी तेरे साथ होते ॥

है· नहीं तो हम भी तेरे साथ होते· भला फकीर का एक लट
का सीख ले· साईं चाहे तो कहीं अटका न रहे गा· कबर में
अपने साथ लेजा कर क्या करूंगा· तुझको बतादूं जो काम तो
आवे· फिर एक तरकीब बताई· के जिस सूरत का ध्यान क
रो वोही हो जावे ये बात बना हर हर कर गुरु को नाम लिया·
फिर कलमा जो पढा तो चल बसा· दम निकल गया· रमता
राम था· आया आया· न आया न आया· जान आलम·
रोया· चेले चाटे सब जमा हुये बहुतेरा चिल्लाये· मगर जोगी
न बोला· फिर जान आलम ने· उसके कहने के बमूजिब नह
ला धुला· कफन पहना कबर में रक्खा· फिर जो देखा तो·
लाश भी नहीं है· कफन को फाड डाला· आधा चेलों ने
जला दिया· और आधा मुरीदों ने गाढा· और सबने मि
ल एक को गुरु की गद्दी पर बिठाया· गद्दी पर बैठने की दे
र थी· कि वो चिल्लाया· कि जोगी दिखते नहीं मगर य
ही मोजुद है· पेड और पत्ते बोलते है· आख चाहिये स
ब कुछ देख लो· कोई मसजिद में सिर रगडता है· कोई
मंदिर में हात जोडता है· ढूढने वाला चाहिये, घर बैठे ही मि
लता है·

कबित्त

जिन ढूढा तिन पाईयां गहरे पानी बैठ॥
मैं बेरिन डूबन डरी रही किनारे बैठ॥ १॥

दुनियां का मामला· समझ का झगडा· ये अच्छा वो बु
रा· जहां देखो· वहां दाता मोजूद है· एक निराकार ज्योति
स्वरूप को जानो· उसीसे सबको निकला· और उसीमें मि
ल जायगा· दिल्को खुश रक्खो· जीने मरने के बखेडे में मत
पडो हां को नहीं· और नहीं को हां है· दिल ईश्वर का घर·

है· इसमें कुडा करकट न चाहीये· जितना साफ रक्खोगे· उतनाहिं मजा पाओगे· जान आलम ने ये· सुनके चलने का इरादा किया· उस महंत ने जो रोका तो दोचार दिन ठैर गया· फिर जिस तर्फ जोगी ने बताया था· उसीतरफ़ चलनिकला· जब पहाड से आगे बडा तो एक दर्या मिला· बहुतेरा ढूंढा· कहीं नाव बेडे का थल बेडा न लगा· मगर एक लाल चमकता हुआ पानी में दिखा· उसके पास एक और दिखाई दिया· इसी तरह थोडी२ दूर पर इसने लाल बहते हुए देखे· अब तो घबराया के ये क्या बात है· किनारे २ सैर देखता चला जब दो कोस निकल आया· तो एक बडा मकान दिखा· मगर अंदरजाने का रस्ता नहीं· लटका याद था· बुल बुल होकर दीवार पर जा बैठा· देखा तो बडा मकान है· बाग बहुत अच्छा लगा है· मगर सुन सान न आदमी है न हवान· उसमें एक बंगला था· और उसमें अंदर से एक नहर बहती थी· ऽ आदमी बनके नीचे उतरा· बंगले में गया· देखा तो जमुरद के पायों का पलंग बिछा हुआ है· और उस पर कोई दुशाला ताने सोता है· और बराबर या कूत की तिपाई पर फूलों का दस्ता रक्खा है· आधे सफेद· आधे लाल· जान आलम ने दुशाला सर काया· तो· एक आदमी सूरत का धड नजर आया· अफसोस किया· के किस हरामजादे बेईमान ने ऐसा मोहिनी सूरत का सिर काटा· हक्का बक्का देखने लगा· छतपर आंख पडी· तो छीकाल टका देखा· उसपर सिर भी रक्खा हुआ था· और सिर के नीचे नहर बहती थी और जितनी बूंदे लहू की टपकती थी उतने ही लाल ऽ

वन ने ये · जाना के ये बेशक जादू का कारखाना है · पास जाके जो देखा तो अंजुमन आरा का चेहरा था · पहिचानते ही सिर पीट लिया · कपड़े फ़ाड डाले और अपने मारडालने का इरादा किया · के किसूको मालूम भी नहो फिर सोचा के जल्दी अच्छी नहीं · होजमें कासा धोका न-हो पहिले हाल तोहक़ीक़ करना चाहिये · वह तेरा सोचा कुछ२ समझ में न आया इतने शाम हुई · आंधी चली · गुल मचा जान आलम ने जाना के यहां कोई देव या जादूगर आने वाला है · अब छुपना चाहिये · ये सोचा कर वो भौंरा बन गया · और वहीं बैठ गया · इतने मे एक देव भयानक सूरत बनाकर आया · वो सूंघता हुआ आया · और सफ़ेद फूल तोड कर उसपरीको सुंघाया · सिर उछल कर बदन से जा लगा · अंजुमन आरा उठ बैठी · देव ने मेवा सामने रक्खा · मगर उसका दिल ठिकाने न था · चारो तर्फ़ देखता था · शाहजादी ने कहा खैरतो है · वो बोला खैर कैसा · और बैर किसका · आज तो यहां मानस गंध आती है · वो कहने लगी हमें तो आज तक जानवरकी पर्छाई भी न दिक्खी तूने आदमी की बो पाई ये सब दिवानपन है · रात भर इधर उधर की बातें होती रही · सुबह को लाल फूल उसको सुंघाया सिर छीके पर जाता गया · धड़ पलंग पर रहा · देव दुशाला उडा चल दिया जान आलम ने चारघडी तक बडी मुसकिल से सबर किया फिर अपनी पहिली सूरत बनायी सफेद फूल तोड कर सुंघाया · अंजुमन आरा उठ बैठी शाहज़ादा चीख मार कर लिपट गया · दोनो बिछडे हुऐ ऐसे बिलप २ के रोये · के सारा बाग हिल गया · जान आलम अपना हाल बयान करने लगा · आधमी नहीं कहा था · के अंजुमन

आप बोली में (किस्से कहूं जो कुछ के मुझ पर गुजरी ।) फिर दो
नों चिल्ला २ के रोने लगे । दुनियां के मामले में अकल कु
छ काम नहीं करती । हमेशा किसी की एक सी नहीं रहती ज
हां तदबीर का मन करे वहां तकदीर के हवाले करदे । हमने ।
हजारों दफा देखा है । के लोग अपने मतलब के वास्ते गुल
करते हैं । मगर कुछ नहीं होता है । जब वो थक जाते हैं । और छो
ड देते हैं । तो काम अपना आप हो जाता है । ये दोनों तो रोही र
हे थे । के एक बड़ा देव उडा जाता था । रोने की आवाज जो का
न में आई तो दिल पिघल गया । सोचा के किसी पर मुसीबत
पड़ी है । जो इस तरह बिलख २ कर रोता है । मगर यहां परन्
दा पर नहीं मारता । आदमी कहां से आया । बाग में पहुंचा ।
वो दोनो रोते रोते बे होश हो गये थे । ढूढता ढूढता बंगले में
आया । देखा तो दोनो लिपटे हुए पड़े हैं । मगर चेहरे पर
रंग नहीं । दोनों चांद और सूरज को गहन लगा हुआ था
थोड़ा पानी उन पर छिड़का उन्होंने आंख खोली तो देव दि
खा । देवने उठ कर सलाम किया । और कहा के मैं तुम्हारा
गुलाम हूं । मुझसे बिलकुल न डरना जान आलम ने उठ
गले लगा लिया । वे हाल पूछने लगा । जान आलम तो
बड़ा बतूनिया था । गम कहानी कह सुनायी । ये सुन कर
रो दिया । और बोला । के तुम खातिर जमा रक्खो । अब के
जो हमारा मजारा आवे । तो । कैसी घिस घट्टी बताताहूं
जान आलम तो पांच था । वो लगा बट की और एसा शीशे
मे उतारा के उससे भाई चारा कर लिया । फिर सब मिलके बा
ग की सैर करने गये । इतने में वो देव भी आया तो देखा ।
शाहजादी । आदमी के साथ फिर रही है । और सफेद देव ।

हात में हात दिये · साथ है · जल कर जान आलम पर क
पटा सफेद देवने वही उसका हात पकडा · फिर तो खूब धमा
चौकडी मची · जमीन के टुकडे उड गये · आखिर को सफेद
देवं जमीं से लंगर उखाड़ सिर से ऊंचा कर जमीन पर पटक ·
हात ऊटक छाती पर चढ बैठा जान आलम भी पास आया
बहुत सी तारीफ़ की · फिर कहा, अगर तुम खफा न होते
में भी एक जोर करूं उसने कहा बिस मिल्ला ; शा ह
जादे ने एक हात कंधे पर करे धर · दूसरे से गर्दन पकड़
धडसे खेंच, जमीन पर धड से फेंक दिया · सफेद देवये देख
तेही · सपेद होगया · और वो बेई मान जमीन पर अंटाचि-
त पड़ा रहा इतने में सपेद देवके नौकर भी आन पहुंचे ·

बड़ी धूम धाम की दावत हुई· सात दिनतो ऐसे ही जल
सों में कटे· आठवे दिन अंजुमन आरा बोली के मल्का के
बगैर खाना पीना हराम है· तुम्हारे अहसान हम पर
भोत है· इस सबब से कभी २ ईसी आजा तीथी· नहींतो
शराब किसकी और कबाब कैसा· यहांतो दिल कबाद हो
रहाहै· देवने कहाके आप क्यों घब राते हो· मैं अपने
आदमी भेजता हूं पता लगाता हूं· जान आलमने कहा
अपने ढूंढ ने में जादा मज़ा है· अपना काम आपही खु
ब होता है· लाचार होकर उसने रुख सद किया· मगर आप
समें भुला कातके कौल करार हुऐ· अंजु मन आरा को रात
दिन मल्का का ख्याल था· के खुदा जाने· डूब गई· या· हमा
री तरह तबाह हुई· चार कोस दिन भरमे चलते· दो तीन
दिनमें छाले पड गये· अंजु मन आरा कभी दो कदम पैदल न
चली थी· येबुंदे ल खंडके से काले कोस उसने कहां देखे थे
फ़ल्ला गई· जान आलम से कहाके सब आपकी बदो-
लत है· सबको छोड दिया· रुसवा हुई· मुसी बत उठायी· देखिये
अभी क्या होताहै· शाह जादा हंस कर चुपहो रहा· फिरतो
जोगी का लड़का बनाया· और दोनो तोते बन कर निन न
दाना खाना· नया पानी पीते चले· कभी पेड़ पर ब
रते· कभी खंड रोमें जा बैठते जो किसी को हंसते दे
देते· ॥२३॥ चरित्र २४
अब उस मुसीबत की मारी मल्का का हाल सुनो
·तीया में अच्छ हो · मी बन उ जते हैं· और बुरे
·:गधालो पाको खान की क़ न पहने· और घो
डा भी नही· तब उसात्र टूटा तो वो बिचारी·

आरी डूबती तीरती चली · उधर से कोई बादशाह जहाज प
र सैर देखता चला आता था · दूर्से तरता वहता हुआ देखा ज
ब पास आया तो उसपर आदमी सा नजर आया · खुदाके
डरसे उसके पीछे डोंगा · दौडाया मल्का में जान कहा · थी ·
अंजु मन आरा और जान आलम के ध्यान में जी डूब गया
था · वे होस पडी थी · मगर कही मिट्टी डाले से चांदनी छुपा
हे · हाती मरे पर भी भारी होता हे · चेहरा चमक रहा था ·
बादशाह ने गुलाब केवडा छिडका · इतर सुघाया · वाजू
बांधा · और भोत से टोने टुटके किये · दो तीन · घडी मेंआ
खें खोली · देखातो जहाज पर हूं और एक विगा ना आ
दमी सिराने बेठा हे · सरम से सिर झुका लिया · तमाम ब
दन पसीना पसीना होगया · बादशाहने पूछा के आपका
नाम क्या हे · ये बडी मुसीबत में पडी एक तर्फ़ से सरम
दबोच तीथी · दूसरी तर्फ़ लाचारी मसोस तीथी · वे
जबाब दिये क्यों कर बनती हे · होले से कहाके में तवा
ह जली ल और खुवार हूं दिलको टुकडे हो गये · बुराई
पंजे फाड कर पीछे पडी हे · राह भूली हे · और क्या जाने क्या
[illegible]ती हूं बादशाह के टपसे आंसू टपक पडे · जानाके ·
[illegible] शाहजादी हे · खाना मंगवाया मगर मल्का न्ने खाया
[illegible]तो बादशाहने गिड गिडा के कहाके आप खाना खा
[illegible]र घरका पता बताईये · जब आपस में दम आवे
[illegible] वहां पोंचा दूंगा · मल्का ने कहाके जिसके पल्ले
[illegible]ओ · जंगल में भटक२ कर इसी से पानी गायब
[illegible]र तुम हमारी काम तमाम करो और वही ·
[illegible] वडखेडा मिटे · झगडा चूके तुम्हारा बडा

अहसान होगा उसने कहाके फिर ऐसी बात मुझे न नि
कालना नही तो मेरा खून तुम्हारी ही गर्दन पर होगा
लाचार मल्का ने मूं झूठा किया दो चार दिनमे हिलने
फूलने लगी बे सहारे उठ बैठ नीथी जहाज चलते चल
ते उस बादशाह के शहर में पहुंचा मल्का को एक बड़ा
महल मिला लोडियां बादियां, आया, ददा, सब आनमौ
जूद हुई शाहजादी योंकी तरह रहने लगी एक दिन
बादशाह ने कहा के तुम छुपाती हो मगर हमें मालूम हुआ
के तुम शाहज़ादी हो हमारी तुम्हारी मुलाकात इस बहाने से
बधीथी नदीनाव संजोग अब तुम मुझको अपने नोकरो में
धर लो जो कहोगी सो करूंगा हांजी का नोकर रहूंगा
मल्का ने जबाब दिया के मैं ने तमाम उमर में बादशाहत का
नाम भी न सुना आप को खुदाने बादशाह बनाया है सोउ
सी धुन में रहा करते हो बिल्ली को सुपने में भी छीछड़े ही दिख
ते हैं मै तो एक मुसीबत की मारी आफसी हूं खुदा जाने कोन
हूं और किस तरह यहां तक आई हूं मेरी तर्फ क्या देखते हो क्या
कुनबे में कोई और नहीं है अगर मेरा खून लिया चाहते हो तो इ
ख्तियार है यहां नहीं बोल सक्ती तो क्या हुआ खुदा के
सामने पल्ला ह पकड़ लूंगी इस वक्त तो तुम्हारे बसमें हूं
जो चाहे सो करो और जो मेरी खुशी मंजूर है तो बरस दिन
तक मुझसे नबोलो शायद मेरे वारसों का पता मिले कोई
डूबा तीरा चला आवे मुआ जीता फिरे नहीं तो फिर जो तेरे दि
ल में आवे सो करना बादशाहो के यहां जुल्म नहीं होना है
और यूं तो मुझे इख्तयार है दीवे के नीचे अंधेरा मशहूर
है बादशाह ने सोचा के डूबा हुवा भी कहीं तीरा है

इतने और सबर करो · पलख मारने में बरस होजाय गा · फिर अपने आप मान जायगी · ये सोच कर मल्का से क हा के भोत खूब जीनाच नचावोगी सो न्वा चूंगा · मगर जो खफा न होगी तो · एक बात मैं कहूं और वो यह है के मै कभी २ आप को देख जाया करूंगा · मल्का ने इसे गनी मत जा ना · बाद शाह और कैदी का फरक सब को मालूम है · अब ये ठैरि के पांच वे छटे दिन पहिले जो खोजा आकर खबर कर आता · फिर बाद शाह आता · और दो चार घडी बैठ इधर उधर की बात कर चला जाता · अब ईश्वर की देखिये · मल्का के महल के सामने बाग था · फूल खिले · हौज़ भरे · नहरे जारी · फव्वारे छूट रहे · चबूतरे बने · क्यारियां अजब बहार दिखाती थी · मालनें आठ पहर इधर से उधर और उधर से इधर · फिरती थी · कही उखाड़ा और कही जमाया · कोई · बोती और कोई जोतती · किसीने फूल उठाया · और किसीने फल तोडा · कोई खुरपे से · घास छीलती · कोई टूटा झडा पत्ता · गिरा पडा · कांटा क्यारी से निकाल नी थी · दरखतों पर जान वर बोलते थे · सब अपने हाल में मस्त कोई किस को न पूछ ता · मल्का सवेरे और श्याम यहां आया करती और वे दरख ति यार रोती · बेलों को देख कर जान आलम के बाल या द आते · तो सिर को धुनती और आसमान के तरफ देख कर कहती · ॥

कवित्त

वो दिन खुदा करे के खुदा भी जहान हो ॥ १॥
अपना किस्सा गैर की वहां दास्तान हो ॥ २॥
कभी फूलों से बाते करती · और कभी फूल को खिलने हुए

देख कर फुट के रोती और दिल से कहती (जल तुकिया, दूसरे से के बिल कुल धुवा नही।) वो बेई मान क्यों इतना नपडपता है. अब मेरे पास क्या रहा' क्या दूं और करूं॥

कबित्त॥

॥ अब क्या रहा है जिसपे के दुश्मन का गम करे.
हम तो बुरों की जान को पहिले ही रो चुके॥ १॥

इसी तरह मल्का दिन काटती. अगर सोचो तो दुनियां कुछ नहीं एकसा हाल नहीं रहता. मसल मशहूर है. ईश्वर की माया, कही धूप कहीं छाया. कभी बुल बुल बोलती है. कभी कव्वे कावें कावें करते है. पहिले तो कभी यार मिलता नहीं. और जो मिले तो किसी न किसी सबब से अलग हो जाता है. इस सहारे पर लोग जान देते हैं और जी बेच कर रोग मोल लेवे है. एक दिन मल्का बाग में बैठी थी और अंजुमन आरा और जान आलम का ख्याल आया. एक हीव फेवे राग छाया. एक पेड़ के नीचे जा खूब दिल खोल कर रोयी. शाम का वक्त था. जान वर बसे रा लेते थे. पेड पर एक तोता भी बैठा था. उसने जो इसे रोते देखा तो. बोला के शाहज़ादी खैर तो है. इतना क्यों रोती हो. मल्का और भी रोई और कहा कि वारे किस्मत अब तो जान वर भी मुझ पर अफ़सोस करने लगे. बंधी बात है. के जब कोई किसी की मुसी बत का. हाल पूछता है. तो दिल उमंग आता है. मल्का ने बे इख्तियार रोकर कहा. ऐ जान वर तुझे क्या बताऊं. बेकस हूं कोई कहने सुनने वाला नहीं. ना आगे नाथ न पीछे पगा है. कोई वाली वारस नहीं. अगर जमीं फट जाय तो उसमे समा जाऊं. गैरों में आफ़सी छाती पर मूंग दले.

जाते हैं· तोते ने कहा यह्ना मुहब्बत की बू आती है· तुम्हा
री बातों से कामी फटी जाती है· खुदा वास्ते अपना हालतो
कहो· मल्का ने सब कह दिया· सुन्ते ही· तोता जमीन पर
गिर पडा· मल्का घबराई· कि ये क्या हुआ· समझाने
आया था· आप ही ढेर हुआ· लेने के देने पडे घडी भ
र में· तोते को होश आया· तो वो बोला के ए मल्का
मैं वोही कम बख्त तोता हूं· जिसने अंजुमन आरा का
जिक्र सुना· कर जान आलम को तबाह किया· और बा
की हाल तो तुम्हें मालूम है· मल्का ने उसे गोद में उठा
या· और यहां तक रोयी के बेहोस हो गई· माल ने
दौडी आई· के आज क्या है; जो मल्का को गस पर गश
चले आते हैं· जब होस मे आई तो· तोते ने कहा के ज
मा खातिर रक्वो· जान आलम और अंजुमन आरा
जीते हैं और एक ही जगे है· फकत तुम्हारा ही ख्या
ल है· मैने ये बात नजूमियों से पूछी थी· अब बुरे दि
न गये· और अच्छे आते हैं रात की रात तोता वही·
रहा· सुवह को रुखसत हुआ· मल्का ने एक पर्चा लि
खकर दिया· और कहा के शाहजादा जहां मिले ये ख·
त निशानी देकर जो कुछ देखा है· जबानी कह देना, तो
ता वहां से उडा और खूब जंगल और शाहरों की खाक छा
नी· एक दिन शाम को वक्त वो थक कर एक पेड पर बैठ
कर रोने लगा· उसी वक्त जान आलम और अंजुमन आ
रा तोते की शकल बनाये उसी पेड पर आये तोता उन
का मूं तकने लगा· और फिर खूब रोया· अंजुमन आरा
ने कहा· जान आलम देखना ये तोता रोता है· शायद हमा

रीशकल देख कर इसे रोना भरआया • तोता बाते समझता था • बोला के खुदा तुम्हे वो रंज न दे जो हमपे है • दुश्मन से दुश्मन कामी ये हाल नहो • एक सख्स गेरों में जाके फसा उसकी वानों से छाती फटती हैं • अगर जरासा हाल कहूं तो पत्थर पानी होकर वह जाय • जान आलम ने कहा वो कौन है • तोते ने सब कहानी कही • अंजुमन आरा मल्का का नाम सुन कर खिली • दोनों ने सूरत बदली • तोता पहिचान कर पांव पर गिर पड़ा • शाहज़ादे ने गलेसे लगा लिया और कहा की उस दिन के बिछड़े आज मिले • कुछ मल्का का हाल तो कहो • तोते ने वो खत दिखाया • अंजुमन आराने आखों में लगाया • सरनामा ही देखने से मालूम होता था • के घबराहट में लिखा है • क्यों के अंजुमन आरा की जगे जान आलम और जान आलम की जगे अंजुमन आरा लिखा था • लिखते २ जो रोई थी तो खत भरा हुआ था • और एक राक बात दो २ तीन २ दफे लिखी हुई थी • गेर खत खोला उसमें लिखा था के ऐ मेरे प्यारे खुदा तुम्हे सलामत रक्खे • दिलका हाल क्या लिखूं • उमर थोरी है • और कहानी बड़ी • अगर मेरी जिंदगी चाहते हो तो अपनी सूरत दिखाओ • नहीं तो पछताओगे तुम ने देर की और हमने जान दी • फिर कुछ हात न आयेगा • मिट्टी के ढेर के पर खाक उड़ाओगे • कभी इतना न हंसे थे • जितना अब रोते है थोड़ा सा दम और वाकी है • क्या करूं कहां जाऊं किस्से कहूं • किसको सुनाऊं आठ पहर तेरी शकल आंख के सामने है • अगर ये हाल मालूम होता तो तुझसे बाते करने की आदत न डालती • ॥

कवित्त ॥

जोमें ऐसा जानती कि प्रीत किये दुख होय
नगर ढढोरा फेरती के प्रीत न कीजो कोय ॥

मेरे तडप नेसे पडोसी घबराते हैं महल में बैठी हूं मगर जह
ल खाना मालूम होता है जिन आंखोंमे तुम आंसू की बूंद
न देख सक्ते थे उनसे लहू के दर्या बह गये ॥

कबित्त॥

तुमने हमारी पर खबर ली ०॥
छाती पत्थर की कौंजी करली ॥

जब तुम्हारी बाते याद आती हैं नींद उड जाती है बचैनीकी
रात पहाड मालूम होती है काटे नही कटती चारपाई काट
ने को दौडती है सुपने में भी नींद नही आती खाना
पीना हराम होगया जो सिर आपके घुटनो पर रहता
वो पाटियों पर पटकती हूं सितारे मेरे जागने के गवाह हैं जो इ
स्का भी यकीन नही तो मसजिद के मुल्लाओं से पूछो जिनकी नींद
मेरे सबब से हराम होगई मुर्गी को में चिल्ला के जगाती हूं ज
ब हम तुम साथ थे तो ये हमे जगाते थे अब हम मन मानता
बदला लेते हैं दिलमें है के थोडासा जहर लेकर खालूं क्यों
के तुम वहां और में यहां ऐसे जीने का क्या मजा है अगर जी
ते जी मिले तो सब दुखडे कह सुनाये तो लाचार हैं यही अ
रमान ले जायेगें आठ पहर यही मांगती रहती हूं के तुम्हा
री शकल देखूं के दिलको चैन आये मौत का डर जाय और
खत लिखूं जिसदम जान आलम और अंजुमन आराने ये ख
त पढा दिल टुकड २ होगया आंसू टपक पडे तमाम
खत पानी पानी होगया रात भर तो वही रहे सवेरे तो

चरित्र ९५

दस्तूर है के खुशी के बाद गम और गम के बाद खुशी होती है· एक के पीछे दूसरा लगा हुआ है· इन बिचारों नेबडी मुसीबतें उठायी· बारह बरस बाद कूडी केभी दिन फिरते हैं· इनका भी दरिद्र गया· मल्का का ये दस्तूर था· के रोज शाम को उसी पेड के नीचे आकर रोया करती· इस दिन भी मामूल के मुवाफिक आईथी· और अपने आप से कह रहीथी· के होटो पर दम आगया· मगर अब तक पता नहीं· अब क्या मिलना होता है· ये कह रही थी· के तोतेने आकर सलाम किया· वो खुश होकर बोली· किरो मेरे प्यारे· क्या खबर लाया तोते ने कहा खबर देने वालोंको खिलत और इनाम मिलते हैं· पहले ये बताईये आप मुझे क्या दीजियेगा· मल्का ने कहा जल्दी बता क्या हालहै· नहीं तो अभी दम उलटता है· तोते ने कहा के जो आपक हो वो सच· मगर ऐसी खबर जलद नही कहते हैं· तोता कभी कुछ और कुछ कभी कहता कभी मल्का खुश होती और कभी बेचैन होकर खूब रोती· विधर अंजुमन आराजा न आलम घबरा रहे थे· झट सूरत बदली और सब गले मिल मिल के रोने लगे· इन कि आवाज से लोडियां बांदियां जमा हुई· देखती थी· सदके हो· तीथी· सच है· खूब सूरती भी अज ब चीज है· बेगाना भी एकदफे अपना होजाय है· यहां बुड्ढे और लडके बराबर हैं· बुढिया भी सस की हड्डी लिये फिरती है· हंसते हंसते बाग दरीमें आये· तोतोंने अपने दुखडे रोये तो तेको येबात बुरी लगी· कहा ये झगडा छोडो गडे हुए मुर्दे न अखा

[illegible]

मल्काने तोते से कहाके जो दोस्त नादाना है वो दुश्म
न से कुछ कम भी नही. हम तो शाहज़ादे के हातसे
तंग आगये. दो तीन दफा तो अपनी बेवकूफी की सज़ा
पा चुका है आप मुसीबत में पडा और हमको मुफ़ में तबाह
किया. आगे आगे देखिये क्या होताहे. इस के बाद कमरे में
बैठ दो दो प्याले शराब के उडे तबले पर थाप पडी नाच
होने लगा. वहां के बाद शाहको भी खबर हुई. उसने क
हा वाहवा: एकतो थी दो और आये फिर दो हज़ार सवा
र पहरे पर भेज दिये. बाग को घेरलें कोई बाहर नजावे
पावे. जान आलम को खबर हुई. कहा कुछ डर नहीं सवे
रे समझ लेंगे. अबतो तबले पर थाप पडने दो. रातभर स
वार घेरे खडे रहे. यहां मजा आता रहा. गुल शान उडते
रहे. जब तडका हुआतो. जान आलम न्हाया. और तख्ती
निकाल कुछ पढता हुआ बाहर निकला जो घेरने आयेथे
आप घिर गये. पांव पर गिर पडे गुलाम हो गये. बादशाह
को खबर हुई और फौज भेजी. इनपर भी जान आलम ने
दो अच्छर फूंक दिये. फिरतो ये हाल थाके जो आया उसने
कढाई चाटी. (चल वुदू मोरी का राह) फिर तो मशहू
र हुआ के ये कोई बडा जादूगर है. तमाम फोज उस के
साथ होगई. बादशाहको गुस्सा जो आया तो अकेला
ही लडने को निकला. तलवार चली. दो एक जखमी हु
ए. फौजने बादशाहको जीता ही पकडा. जान आलम के
हवाले कर दिया. उसने छाती से लगाया बराबर बैठाया
और कहा के हमतो आपके यहां महमान आये हैं तुमने
दावत के बदले अदावत की. उस का मजा. चखा.

सैर देखी · मगर तुम्हारा मुल्क हमें न चाहिये · ये तुम ही को मुबारिक रहे · हम तो मुसाफ़िर हैं · आज यहां कल वहां · बादशाह शरम के मारे मर गया · और कहा के आपही सलतनत के लायक हैं · मेरा कहा सुना माफ़ करो · फिर बडी धूम धाम से दावत हुई · हज़ारों आदमी जान आलम को देखने आये · बाग में आठों पहर मेला लगा रहना · सब मिले मगर जान आलम के लश्कर का पता नहीं · चारों तर्फ़ जासूस भेजे · चालीस मंजिल पर पता लगा · मगर किसीमें जान नथी · जान आलम का नाम लेले रोते थे · बडी मुसीबत से सब जान आलम के पास पहुंचे · अपना हाल कहा · इनाम पाया · फिर वहां से कूच हुआ · खूब तबले खडग ते शरावे उडती · ॥

१६ चरित्र ॥

एक दिन एक जंगल में पहुंचे · पूस का महीना था · जाडे के मारे जानवर घोंसलों में जम गये थे · भूखे प्यास से मरते थे · किसीका होट नहीं मिस्ल सकता · ये हाल था के जहां मूंसे बात निकली के होटों पर जम गई · जोरू खसम साथ सोये तो लिपटे ही रहे · पहाड मारे बर्फ़ों के जमे हुए थे ये जंगल कशमीर को मात करता था · विलायत के पहाडों को नाम धरता था · लुजोंने बटेरे पकड ली · कव्वे लूलों के हात आये · लंगडे हिरन बांध लाये · ओस पत्तों पर पडी और जमी गई · आग पर लोग सदके होते थे · हीन्दु और मुसलमान पारसी योंका दम भरते थे · आफ़ताब को ख्वामाशरूक ठंडे सांस लेते थे · दांत से दांत बजता था · हो ड नीलम को शरमाते थे · वो पाला पडा के तमाम लश्कर ·

को जाडा चढ आया • तिरछे ऐंठे जाते थे • तल-वार • खड खडाने की जगे दांत कड कड़ाते थे • चक मक बे कार सांप के पत्थर आग न देते थे • के चुवेकी मिट्टी आ लाव समज लोग फूंकते फूंकते हाय नेथे • पर वीजने को चिराग समज हातमें उठा लिया • सबने जोरू वोको याद किया • जाडेकी मिसल मस हूर है • (जीवेंगेवो जो सोवेगे दो •) जान आलम ने कहा अब तो यहीडेरे होने दो • फिर अंजुमन आराको वुला • बोतल की डाट खोली • खूब ऊडाई • फिर नशे की तरंग में सूजी के मल्का • ओर • अंजुमन आरा मुझसे भौन अ लग रहीहै • औरत का क्या एत वार • वे पाक इनोने • कही धब वा खाया है • ये जो समाई ये तो आपस में जली कटी बाते होने लगी • बात बढ गई • हिन्दी म सल है • (हांसी मे खांसी। •) तो ना उडती चि डिया पेछान ताथा • बोला • हजूर आप का खि - याल कहां है • मजे के वास्ते शराब पीते हैं • आ पर को बहक गये • नझेल सके • शराब पी ना रा से वैसो का काम नहीं • सांप को खिला ना पड़ ता है • भौत से इस्में बह गये • यही तो मर्द और ना मर्द मालूम होता है • योंतो सभी भट्टी पर जा कर दो पैसे का ठर्रा पी आते हैं • फिरकी चड़ में लोट ते फिरते हैं • मैने बहुत सा ज़माना देखा है • मै एक कहानी कहता हूं जरा कान धर कर सुनो तो • सब ॐ तुम्हारे वहिम जाते रहे गे • जान आलम ने कहा के जल्दी कह • तोता बोला • ॥

कहानी॥

एक मुल्क में एक बडा बडा धर्मात्मा राजा था॰ उसके श
हर में दो भाई थे॰ एक तो शहर का काजी और दूसरा मुफ़
ती था॰ जाहर में बडे भले मानस और इमान दार मालूम
होते थे॰ बाद शाह ने मुफ़्ती को किसी काम के वास्ते वाहर
जाने का हुक्म दिया॰ वो अपनी औरत अपने भाई को सों
प गया॰ काजी कभी कभी उस औरत के पास जाता था
कहीं आंख जो पड गई तो औरही समाई॰ वो औरत
बडी खूबसूरत॰ और बडी पतीव्रता थी॰ एक दिन काजी
ने उस्से सवाल किया॰ मगर उसने न माना॰ काजी –
घबराया॰ कि बात की बात गई॰ और हंसीकी हंसी हो
गी॰ यह भाडा जरूर फुटे गा॰ कुलियां में गुड न
हीं फोडा जाता है॰ ये सोचा कर वो बाद शाह के
पास गया॰ और कहा॰ कि मेरा भाई॰ अपनी औरत मु
के सोंप गया था॰ मगर मैंने उसे दूसरे के साथ पकडा
है॰ बाद शाह ने काजी समझ कर कहा कि तुम्हें इख़
तियार है॰ जाओ सो करो॰ काजी उसे अलग ले ग
या॰ और कहा कि अब भी मान जा॰ नहीं तो॰ बुरा हो
गा॰ वो कब॰ इस गीदड़ भपकी से डरती थी॰ एक न मानी
और मरने को तैयार होगई॰ वो हराम जादा उस जंगल
बाहर ले गया॰ और नोंकरों से कहा कि इसे खूब पत्थरों से
मारो ये हाल देख कर हजारों आदमी कांपते थे॰ आखिर
को सब चले गये॰ ईश्वर के बडे कारखाने हैं॰ उस औरत
को चोट तक भी न लगी॰ शाम को उसने पत्थर सकीये॰।

अौर वटिया वरिया जंगल को चली गई॰ वहां एक फ़क़ीर रहता था॰ अौर उसका एक छोटा बच्चा था॰ उसने लौंडे ५ पालने में रइस्को रक्खा॰ उस फ़क़ीर का एक गुलाम बडा हराम ज़ादा अौर सैतान था॰ उसने जो जवान परी अौरत देखी॰ तो फूल गया॰ बहुतेरा॰ उतार चढाव दिये मगर वो: ढब पर न चली॰ उस हराम जादे ने उस फकीर के लवैडे को मार डाला॰ अौर इस विचारी पर तोहमत रक्खी॰ मगर फकीर नें कुछ न कहा॰ चुपका होरहा अौर वास अशुरफ़िया देकर उस अौरत को रुख सत किया॰ वो चलते चलते एक शहर में पहुंची॰ वहां एक आदमी को मुश्के बांधे लिये जाते थे॰ अौरत ने पूछा कि इसकैं ने क्या गुनाह किया है॰ लोगो ने कहाके इसे २० अशुरफ़िया एक की देनी है॰ अौर इसके पास देने को कुछ नहीं: इस लिये हम इसे फांसी देने को लिये जाते हैं॰ उस अौरत को रहम आया॰ अौर उसने वो वीस अशरफीयां दी॰ ये बद माश छूटते ही॰ अौरत पर गिरा॰ अौर कहाकि मैंतो तेरे साथ चलूंगा॰ तूने मेरी जान बचाई॰ मैं ने तेरी गुलामी करूंगा॥ इस वहाने से सात हो लिया॰ चलते चलते एक नदी मिली वहां वो: अौरत नहाई॰ अौर कपडे बदले॰ इतने में दो जहाज आये॰ लोगों ने जो इसे देखा तो हक्के वक्के रह गये॰ उस हराम जादे से पूछा के अौरत कौन है॰ उसने॰ कहाकि मेरी लोडी है मोल तोल होने लगा बहोत से रुपये लिये अौर आरत को किसी वहाने से जहाज पर चढा आप चल दिया॰ उस जहाज पर दो सोदा गर थे॰

औदागीं इस पर भिड़ी हुये तू तू में में होने लगी· आखिर को · यह ठहरी किये औरत अभी माल के : जहाज़ पर रहे· और जब असबाब बिक चुके तो जिसे पसंद करे वो ले· थोडी देर में आंधी चली · सौदागरो वाला जहाज डूब गया · और माल वाला बचा · और इसी पर वोह औरत थी चलते चलते · उसी शहर में पहुंचे वो: जहाज वहां आया · जहां इस बिचारी पर पत्थर पडे थे · अब और सैर देखो जिस ने इसे बेचा था · वो: यहां के बादशाह का · बकसी हुवा · फकीर का गुलाम वज़ीर था · मुफती भी सफर से फिर आया · मगर जोरू की फिक्र में पडा था · इसी · शहर में एक बडा ऋषी रहता था · भगवान ने · उसको हुक्म दिया की · इस जहाज पर हमारा भक्त है बादशाह वजीर बकसी · काजी · और मुफ़ती · उनके पास जाकर · जो कसूर किया है · उससे · कहा है · जो वो माफ़ कर देवे तो हमसे भी माफ़ किया · नहीं · तो अभी सब ।मटिया मेल हो जाय गे ॥ उस ऋषी ने ये हाल बादशाह से कहा के बादशाह सब को · साथ लेकर जहाज पर आया · और वोह औरत परदा छोड कर हो बैठी · बादशाह से कहा कि मैने - तह की कात नहीं की · और योही मुफती की जोरू को काजी के हवाले कर दिया · औरत ने कहा महाराज क्षमा करें · फिर मुफ्ति ने कहा कि मुझको अपनी औरत की तरफ़ शक है · ॥—

वो बोली तू अभी चुप रह • फिर काजी ने • कहा के मेरे कहने से उस औरत पर पत्थर पडे थे • वो बोली के तुझ पर भी महा राज सहाय करे • फिर उस फ़कीर वाला • गुलाम हा आया • और कहा के • मैने लडका मारा और • औरत पर तोहमत लगाई • उस ने कहा के तेरे ऊपर भी महा राज दया करे • अब सब के बाद बकसी आया • और मगर उसकी जान न बकशी • और कहा के जिस थाली में खाना उसी थाली में छेद करना किसने बताया है • फिर पर्दा उठाया • और मुफ़्ती से कहा के तूने मुझे पैछाना • आज तक तो बर्क हुई हूं • अब ये माल मता तू ले • और में कोने में बैठ कर अल्ला २ करूं • सब लोग इसे देख कर दंग हुये • और बाद शाह सला मत भी अपना सा मूं लेकर उलटे फिरे • तोता ये कहानी कह कर बोला के जो पूरे हैं वो पूरे ही हैं • तुम सबको एक लाठी हांकते हो • पाचों उंगलियां बराबर नहीं होती • ये सुनते ही जान आलम का नशा हलका हुआ • और वो मल्का और अंजुमन आरा के पांव पर गिर पड़ा • और बोला के मैने बहुत सा फक मारा • और २ गुखाया • मेरा कसूर माफ़ करना • में घोडे पर सवार हूं • जान बूझ कर नहीं • कहा • चमडे की जबान तो है • फिसल गई • फिर सब मिल कर खूब हंसे और आगेको कूंच हुआ • ॥

१७ चरित्र॥

चलते चलते जान आलम अपने शहर में पहुंचा • दो कोस पर डेरे डाले • वहां वालो ने जोये धूम धाम देखी • तो जाना के कोई गनीम आया है • वजीर ने बाद शाह से जाकर कहा के जिस दिन से जान आलम गया था • उसके मा और बाप रोते २ अंधे हो गऐ थे • पीड और पेट की मुहब्बत ऐसी होती है • बादशाही का किसको गम था • नाम के वास्ते लकीर पीटे जाते थे • बाद शाह ने वजीर से कहा के मैं तो आप मरा हुआ हूं • जो जी चाहे वो ले ले • मुझे कुछ काम नहीं • वज़ीर ये सुन कर जान आलम के लश्कर में आया • अब तो ये और ही जान आलम थे • बात बात पर फुंकारें भरते थे • फ़ौज भी बहुत सी साथ थी • वजीर ने बिलकुल न पहचाना • और कहा के हमारे बाद शाह का आंख अंधी हो गई है • बेटे का पता नहीं मिलता मौत को दोनो हाथों से बुलाते है • मगर वो भी नीतेरा बाईस बताती है • अगर आपको बाद शाहत लेनी है तो लीजिये • कहां कोई कहने सुन्ने वाला नहीं है • जान आलम वजीर को खिलत दे कर रोया • और कहा के गोद के पाले को अभी से भूल गये • आप बाद शाह के पास जाईये • और मेरे तर्फ से सलाम के बाद कहिये के गुलाम हाजर है • वजीर प[illegible]न तेही पांव पर गिर पडा • जान आलम ने गले लगा[illegible]या • फिर वजीर घर झपटा और बाद शाह को मुबारक बाद दिया • और कहा के इस शहर के नसीब जागे • हमारी दुआ कबूल हुई • बाद शाह ने कहा • (मेरे को मारे शामदार •) क्यों मेरे जखमों के ऊपर नमक छिडकता है • ये बातें होई रही थी के जान आलम

महल में आया बडा रोना पीटना मचा और तो ने गुल मचा या माबापने बेटे को गले लगाया दोनों की आंखें खूली॥ बादशाह उसी वक्त सवार हो कर वह वोसे मिलने आये) शहर वाले साथ आये सवारी उलटी फिरी दोनों लश्कर अर्द लीमें थे मल्का और अंजुमन आरा के डोले पर जवाहर अशर्फियां लुटाई हरी कं गाल सेठ साहू कार बन गये जान आलम की माने जो मल्का और अंजुमन आरा को देखातो बलायें लेने लगी दूसरे दिन मल्का और अंजुमन आराने बादशाह से कहा अगर हजूर का हुक्म होतो हम माहनलन से मिल आवे। बादशाह ने कहा वो बडी मुफट है जाकर पछताओगे मियामिठु भी मोजूद थे वे से बोले पछताने की क्या बात है अपना घर में आते जाते हैं दो कहते हैं दो सुन्नते ही है बादशाह चुप हुआ शाहजादी यों ने सवारी मंगवाई तोता पहिले से मोजूद हुआ और झुककर सलाम किया बैठा उसने शरम के मारे सिर झुका य लिया इतने में सवारी भी आन पहुंची अबतो माहनलक कोउठना पडा गले मिल मिला कर फिर बैठ गई अंजुमन आरा तो गो वर गणेश थी चुनसी बैठ गई मल्का आठो गांठ कुमैद थी बोली शाहजादी हमारा तुम्हारा दावन चोलीका साथ है तुम हमारी ते कुछ फिक्र मत करो हम दांत काटी रोटी खाने वाले हैं ने में तोता अंजुमन आरा के सामने आया और माहनलन से कहा के हजूर अब फर्माईये सच्चा कौन है और झूठे के मूं में क्या है और तो क्या कहूं आपकी तकरार की बदौलत ये चांद के टुकडे जान आलम को मिले मेरे सबब आपको शरम हुई झूठे के मूंमे घी शक्कर हो मल्का मुसकुराई मगर

सुकबहत्तरी
मतबअ इलाही मच्छूखां के प्रबंध से छापी गई

श्रीगणेशायनमः

अथ सुकवहत्तरीभाषा

श्लोक

प्रणम्य शारदा देवी दिव्य ज्ञान समन्वितां
मनश्चित्त विनोदार्थं क्रियते शुकवहत्तरीं॥१॥

पृथ्वी के विषें एक चंद्र कला नाम नगर था राजा विक्रम सेन राज करता था वहां हरिदत्त नाम सेठ वसते रहे ताके सुर सुंदरी नाम स्त्री रही ताके पुत्र मदन ताको रतन सेठ की बेटी प्रभाव ती सों व्याह किया सो रूप लावन्य युक्ता सो मदन सेन व्याह आसक्त वऊत ऊश देख कर पिता मन में चिंता करने लगा पुत्र व्यापार नहीं करता स्त्री से आसक्त रहता हे इससे सथरो ग होगा यह समझ कर चिंता करने लगा इस हेत में जो बात प्रगट भई सो कहते हैं चित्त दे सुनो एक विदेशी ब्राह्मण था विक्रम नाम सो वो गंधर्व पर्वत को गया उस पर्वत में एक सिद्ध देखा महा तपेश्वरी तप करता है जाकर दंडवत किया तब सिद्ध ने वऊत आगत स्वागत किया तब विप्र ने कहा एक वस्तु अपूर्व मो कों दीजिये किस वास्ते कि जो पृथ्वी पर अटन कर्त्ता कथा वार्त्ता पर चित्त लगाता नहीं और जो ऐसे ऋषीश्वर के पास से न पाऊं तो कहां से पाऊंगा जो ऋषी की सेवा करे तो उत्तम है निर्फल नहीं और श्लोक पढ स्तुति की। श्लोक। अमोघा वासरे विद्युत् अमोघं निशि गर्जितं॥ अमोघाच्च सतां वाणी अमोघं सिद्ध दर्शनं। १। ऐसा ब्राह्मण ने कहा तब सिद्ध ने विचार के ध्यान किया उस वक्त एक सुआ एक सारो सिद्ध को दृष्टि आई उन दोनों की जन्मांतर की बातें जानिवे में आई कि ये दोऊ गंधर्व हैं कोई ऋषीश्वर के शाप से तोता योनि पाई है

और ऋषीश्वर अनुग्रह किया जो पृथ्वी के विषे मनुष्य भाषा किया
प्रभावती आगे रात्रि को उपदेश करे आत वह सुवा गंधमादन प
र्वत पर जायगा तब शरीर को छोडेगा फिर गंधर्व होजायगा अ
व सुक अपना शरीर वेचे मुहर ५०० को तो या ब्राह्मण को दिव
वे तो पाप से छुटे ऐसे सुवा सुवटी को देव ऋषि ने कहा कि अरे
सुक तू इस ब्राह्मण के संग जा और मुहरन को दान कर तेरा भ
ला होगा इतना सुन सुक हाथ पर आन बैठा तब ऋषि ने उस
ब्राह्मण से कहा अरे ब्राह्मन तू इसे लेजा तुझे कोई ५०० मुहर दे
उसे दीजियो मेरी आज्ञा से तेरा भला होगा ऐसा जब कहा त
व वह ब्राह्मण सुआ को ले आज्ञा मांग के चला बाद इस के
वहुत देशांतर फिरा सुक ने कथा वार्ता वहुत किया ऐसे वार्ता
कहते विक्रम ब्राह्मण चंद्रकला नगर विषे आया हाथ मे पिंजरा
लिये हुए श्रीदत्त की हाट के आगे विश्राम किया तिसके पीछे वहुत
श्लोक सुक सुंदर कहत भया अपूर्व वार्ता हित उपदेश शास्त्र पुराण
वेद कला ज्ञान विज्ञान कहने लगा तब वह श्रीदत्त सुक की कथा सु
नकर वडा प्रसन्न हुआ और यह सोचा कि जो यह ब्राह्मण मुझे
सुवा दे तो मैं मांगूं और जो द्रव्य चाहे सो दूं यह विचार ब्राह्मण
से वोला हे तपस्वी यह सुक सारा मुझे दो तव ब्राह्मण वोला कि
जो ५०० मुहर मुझे दे तो मैं दूं तव सेठ वोला हजार मुहर ले तव
ब्राह्मण वोला ५०० से कम ज्यादा नहीं लूंगा मुझे सिद्ध की
यही आज्ञा है तव साहू वहुत प्रसन्न हो उस ब्राह्मण की
आतिथ्य सेवा की और ५०० मुहर दीं वहुत सा खुश कर सु
क सारिका ले अपनी चित्रसाली में रक्खा वह राति दिन क
हा करे एक सुक ने सेठ को देखा तो वहुत उदास है सुक वोला
हे सेठ तू उदास क्यों कर है तव सेठ वोला कि मेरा वेटा मदनसेन

है अपनी स्त्री प्रभावती सें वहुत आसक्त है क्षरा भर उससे जुदा नहीं होता इस से मुझ को वडा क्लेश है और मैं तो वहुकृपा से र राजा विक्रमसेन की वेटी का व्याह है उस ने यह आज्ञा दी है कि तुम देशांतर को जाके रत्न वस्त्र आभूषरा अनेक भांति के लावो अगर न जाऊं तो राजा दंड दे और जाने की सामर्थ्य नहीं इस से अति चिंता में रहता हूं तासों शुक अव कहो सो करूं तव शुक वोला कि पिता सोच मत करो मैं मदन को वोधन करके तुम्हारे पास लाऊंगा ऐसा कह के मदनसेन के घर गया जाकर आशीर्वाद दिया मदनसेन प्रभावती ने वडा आगवस्तागत किया तव शुक ने अनेक वार्ता किया और कहा कि पुत्र वही उत्तम है जो माता पिता की आज्ञा माने और जो न माने तो नर्क पडे सो ऐसा वेद शास्त्र कहता है ऐसे सुन मदनसेन एकांत में शुक से वोला कि पिता को किस वात की चिंता है सो तुम कहो तव शुक वोला कि एक कथा सुनो एक चंपावती नाम नगरी रही वहां सत्य शर्मा ब्राह्मरा रहता था धर्मशीला भार्या उसकी थी जिस के वेटे विद्यावंत गुरावंत थे परंतु माता पिता की आज्ञा न करते देशांतरों को गये विद्या वहुत पढी महा तपस्वी हुए तीर्थ यात्रा वहुत किया एक दिन तीर्थ को जाते थे राह में धूप लगी तव सिरस के नीचे खडे हुए उस वृक्ष के ऊपर वगुला वगुली वैठे थे सो वगुली तपस्वी के माथे पर वीट की तव तपस्वी को क्रोध हुआ देखते ही दोनों भस्म हुए तव ब्राह्मरा आगे चला मन में सुख भया तपस्या पूरी हुई यह विचार के देश को गया एक ब्राह्मरा के घर जायके कहा भिक्षा देहो यह वात ब्राह्मन की स्त्री ने सुनी भिक्षा देने चली उसी वक्त पति ने जल मांगा वह पतिव्रता थी इस से जल लेके पति को

दिया पाछे भिक्षा ले ब्राह्मण को देने लगी तब ब्राह्मण ने क्रोध
किया कि मैं शाप देऊंगा तब ब्राह्मणी बोली रे तपस्वी मैं बगु
ली नहीं हूं जो अपनी तपस्या दिखावे ऐसा कह बहुत सा निंद्
का तब ब्राह्मण ने जाना कि मैं जो पाप किया इससे प्रसिद्ध हु
आ यह जान लज्जित हुआ भिक्षा लिया तब ब्राह्मणी ने कहा
तू पापी है तुझे तपस्या का फल नहीं तब ब्राह्मणी बोली तू बार
णसी जा तहां एक धर्मव्याधी नाम एक कसाई रहता है उस
के पास जा मूर्ख वह तुझे ज्ञान उपदेश करेगा सब बात को
निर्णय बतावेगा यह सुन ब्राह्मण वहां गया धर्मव्याधी सों
खबर किया वासों मिला देखा तो वह मांस वेंचता है और
हाथ लोहू में भरे हैं साक्षात यमराज का रूप है देख कर
राम राम कहने लगा और यह कहा कि ब्राह्मणी ने तुम्
पास भेजा है मुझे धर्म उपदेश करो तब उस कसाई
ने बहुत सत्कार किया ब्राह्मण को घर में बिठाया फिर मा
ता पिता की सेवा किया आज्ञा मांगी जो मुझे आज्ञा हो
तो ब्राह्मण की सेवा करूं तब आज्ञा दिया कि ब्राह्मण
को जिस में संतोष हो सो करो सेवा बहुत किया भोज
न कराया चित्त स्थिर हुआ तब ब्राह्मण ने ज्ञान पूं
छा कि ब्राह्मणी को ज्ञान किस तरह से हुआ और तु
म को किस तरह हुआ सो कहो तब धर्मव्याधी बोला
हे विप्र प्रथम तो अपने कुल का जो धर्म हो सो करे
पराये धर्म को त्यागे नीके प्रकार धर्म साधे माता पि
ता की सेवा करे सब को समान जाने राग द्वेष त्यागे
माता पिता को ईश्वर जाने यह जान कर भव को ध
र्म को ज्ञान है सो करे और ब्राह्मणी अपने धर्म को

जाने है साधन करती है आज्ञा पालती है पतिव्रत पालनो स्त्री को वडो धर्म है इस से उस को त्रिकाल ज्ञान है अरु तू ब्राह्मण माता पिता को त्याग गृहस्थाश्रम को त्याग किया है पितर देवतान को त्यागा है इतने पर तप कियो सो क्या भयो तेरा पाप मिटा नहीं तेरे वोलने से भी पाप लगता है तू हमारे अतिथ आया इस से बोलना पडा अन्यथा तेरा मुख देखना योग्य नहीं तू माता पिता को त्याग कर आया है फिर ब्राह्मण वोला हम को उपदेश करो तब व्याधी एक श्लोक वोला। नपूजयंतिये पूज्यान् अमान्यान्मानयंतिये। जायंते नियमा नास्ते मृता स्वर्गं नयांतिते।१। इतना व्याधी वोला वोधन हीं भयो तब ब्राह्मण नमस्कार कर अपने घर आया व्याह किया गृहस्थ धर्म में रहने लगा माता पिता की सेवा ईश्वर समान करने लगा यह कथा सुन मदनसेन कहने लगा कि जो माता पिता कहेंगे सो करूंगा वचन न टालूंगा इस तरह शुक के कहने से पिता पास गया नमस्कार किया पिता ने आदर बहुत किया पुत्र को देख निहायत खुश हुआ हरिदत्त वोला हे शुक जिस के सत्पुत्र हो उस को चिंता किस वात की है इतना सुन पुत्र वोला हे पिता तुम को चिंता किस वात की है सो मेरे आगे कहो तब हरिदत्त ने कहा कि राजा विक्रमसेन की बेटी का विवाह है तिस से राजा ने आज्ञा दी है कि बाहर देशांतर जाके भूषन वस्त्र रत्न ले आओ आज से नवमें दिन विवाह है इससे चिंता है कि पांच सात दिन पहिले आना चाहिये द्वीपांतर से लावना अपने समान राजा कोई नहीं कैसे करें जिसे मैं वृद्ध हुवा यह वात सुनकर विनती किया कि जो मुझे आज्ञा हो तो मैं सच केरूंगा तब सेठ निहायत खुश हुआ इस के वाद पिता पुत्र

राजा के पास गये राजा से विनती किया कि जो हम को आज्ञा
हो सो करें तब राजा ने फरमाया अरे सेठ तुम रत्न माणिक मे
तो देशांतर से ले आओ आज से उन्नीस दिन ब्याह के हैं ति
स से पांच सात दिन पहिले आन पहुंचो तब मदनसेन ने कहा
जो आज्ञा हुई है सो करेंगे और मेरी इच्छा से रत्न उत्तम ला
ऊंगा दो राजा का सेवक तब राजा ने उनको दो सिरोपाव दिये उ-
न्हों ने बहुत दिलासा दिया बहुत सा द्रव्य दिया जितना मांगा घो
डा रथ प्यादा बहुत दिये आज्ञा दी कि सुबह होते ही सिद्ध करो
विलंब मति करो आज्ञा हुआ तब सेठ मुजरा कर घर आया
लेकिन सनेह से पुत्र के चिंतावान हुवा तिस के पीछे मदन
सेन अपने घर आया प्रभावती से कहा कि मैं परदेश चलूं
गा तू शील से रहना कोई बुरा न कहे सो करना मैं बहुत दि
न में आऊंगा यह वार्त्ता प्रभावती सुन मूर्छा गई मदनसेन ने यत्न
किया और उसको चैतन्य किया तब प्रभावती ने कहा कि मैं भी
चलूंगी जो यहां तुम बिन रहूंगी तो प्राण न रहेंगे और दंड दे ति
स से स्त्री को आज्ञा नहीं तब प्रभावती ने कहा कि मैं अकेली
किस तरह रहूंगी तब मदन सेन ने कहा सुवा सारी तुम्हारे
पास रहेंगे कथा वार्ता रात दिन कहेंगे चिंता मत करो तब
प्रभावती बोली जो आप की आज्ञा हो सो करूंगी मदन सेन पि
ता माता के पास आया और कहा कि सारी सुवा मुझे दीजे तब
पिता ने दिये अपने घर ले आया प्रभावती ने परम संतुष्ट हो
कर राजी भई तब मदनसेन शुक से कहने लगा मैं परदेश जाता
हूं इस से बातें अच्छी २ करते रहियो और सब तरह रक्षा कीजो
कथा वार्ता सों बहुतर दिन बितावोगे पीछे एक वार्ता कान में क
ही कि नवयोवना है इसका भरोसा नहीं स्त्री जात है स्त्री के

चरित्र कोई जानता नहीं कोई वुरे का संग मत करने दीजो तिस से रक्षा कीजो तुम सर्वज्ञ हो शुक ने कहा चिंता मत करो तव मदन सेन रात्री को विनोद वऊत तरह से किया प्रभा वती को मन प्रसन्न किया पाछे मदन सेन सुवह होतेही माता पिता को दंडवत कर परदेश को गमन किया उस समय एक श्लोक पढा॥ दैन्यं पृथु हयहृ यमर्जुने भासा कुंतलयं भरतेनल रामं ध्रुवो वैस्मरति प्रयाणे तस्यार्थ सिद्धिं कुशलं भवंति॥१॥ इस तरह मन में कहते देशांतर को जाते भये जाकर रत्नादिक वस्त्रादिक लिये और जो राजा ने आज्ञा किया था सव कुछ लिया और इधर जो कौतुक घर में भये सो सुनो राजा विक्रमसेन का वंधु विजयसेन वह वत्तीसलक्षण और सुभग था और वऊत गुणवान शीलवान कामदेव की मूर्त्ति विद्यावान था एक दिन घोडे पर चढ महादेव के दरशन को चला उसे जो देखे मोहित हो जावे मध्यान्ह के समय निकला हर दत्त सेठ के महल के नीचे खडा ऊवा उस वक्त प्रभावती की नज़र पडी देखतेही वेहाल ऊई काम के वस ऊई सिर के वाल न्हाय सुकाती थी सर का पानी उस के ऊपर पडा तो विजय सेन भी ऊपर को देखने लगे और प्रभावती पर नज़र पडी तो देखतेही वह भी कामकर पीडित ऊवा प्रभावती काम का तीर मार चली गई और विजसेन भी इश्क की चोट खाय चला गया और दोनों के चित्त में अति यादगारी की लगन लग गई तव विरह के दुख से विजय सेन ने एक श्लोक पढा॥ किं करोमि क्व गच्छामि रामो नास्ति महीतले॥ कांता विरहजं दुःखं एको जानाति राघवः॥१॥ इसी तरह वार वार पढता और जो चीज़ देखता उस में प्रभावती की सूरत देखता ऐसे वस किया कि कहीं चित्त नहीं लगता और

किसी से कुछ नहीं कहता और दिल में विचारता कि रुपये
खर्च जो चाहे सो ले प्रभावती की कोई मुलाकात करा दे ऐ
सा रातदिन दिल में सोचता और फिकर करता और प्रभावती
भी इसतरह जी में चाहती और रातदिन सोच में रहती और विरह
के वियोग में रहती। श्लो॰। सुवेषं पुरुषं दृष्ट्वा पितरं भ्रातरं सुतं॥
योनिः खलति नारीणां सत्यं सत्यं वदाम्यहं॥१॥ ऐसा प्रभावती का
मन काम के वस भया और जहां पर बिजसेन महल में चिंता से बैठा
था वहां पर एक मालन फूलों की डाली हारों से भरी हुई ले आई औ
र वह फूल विजयसेन के आगे रक्खे और उस मालन का नाम मोहनी
था विजयसेन ने उन फूलों को लिया परंतु भीतर की उदासी से कु
छ खुशी न मालूम हुई तब मालन बोली कि मैं तुम को उदास देख
ती हूं और नहीं जानती तुम्हारी तबीयत उदास क्यों है सो हम से क
हो अगर किसी स्त्री के हेत में हो तो हम से कहो और आज्ञा दो जिसे
ले आऊं क्योंकि मुझे मोहिनी मंत्र आता है जिस पर नेह लगा है उसे
मोह कर ले आऊं तब विजयसेन ने बड़ी खातिर की और यह पूछा
कि मेरे मन की बात तूने किसतरह से जानी तब मोहनी बोली हे वि
जयसेन मैं ने तुझे देखा कि मन तेरा उदास है विरह करके दुखी
इस से मैंने जाना कि किसी स्त्री पर आसक्त हुवा है और यह बात
मन में जानती थी और एक दिन उसके यहां गई भी थी सो वह
भी चाह में अति दुखी थी तब मैं ने उसे पूछा तब उसने कहा
कि विजयसेन के इश्क में दुखी हूं तब मैंने कहा विजयसेन के पास
गई थी वह स्त्री के मोह से बहुत दुखी है तब मैंने कहा कि मैं मालन
हूं जिसको तू चाहे अभी लाऊं यह सुन विजयसेन अपने हाथ का
गहना दिया और कहा कि प्रभावती मेरे मन में निहायत बसी है उ
से तू मिलावे तो जो मांगे सो दूं तब मैंने करार किया तुझे जरूर मिला

दूंगी सो मैं ने जाना कि तुझे भी उसकी चाह है तो परमेश्वर अच्छा करेंगे और तेरी भी मुराद पूरी होगी जब ऐसा कहा तब प्रभावती निहायत खुश हुई और यह कहा कि मुझसे यह काम पूरा होगा तब ऐसा सुना तो सारिका बोली इस मालन को घर से जल्दी निकालो बड़ी हरामजादी है तब सुवा बोला आदमी के पास आदमी आते हैं तू कौन है तू काहे को बकती है सारों ने मालन का तिरस्कार बहुत किया मदन सेन के वचन को प्रतिपाला परंतु जानवर हैं इसकी कौन माने तब सुक विचार के बोला कि सरदार के पास मालन और नायन ये बहुत आते हैं इससे चिंता नहीं सारों ने कहा चल तू समझता नहीं तू खुशामद की बातें करता है खुशामदी मन राखने की बात करता है मैं तुझसे सच कहती हूं ऐसी आपुस में बात करते हैं तब मैना बोली चुप कर रहो तब मालन बोली प्रभावती मन में खुशी रहो जो आज्ञा करोगी तत्काल बजा लाऊंगी स्नान करो फूल पहिरो मनोर्थ सिद्धि करो और मदन सेन की चिंता छोड़ो हम राजा की दासी हैं कभी घर कभी बाहर हमारा यही काम है तेरी आज्ञा में हूं जो तू कहेगी सो करूंगी यह जब कहा तब दलगीरी संवदूर हुई और स्नान कर गहना पहर फूल पहन खाना खाया और सोलह सिंहार किये गद्दी पर बैठी मोहनी आगे बैठी और यह कहने लगी कि आज मुझे बड़ी खुशी हुई तब प्रभावती बोली कि तुझे किस बात का दुख है तब मालन बोली कि तुम अपना दुख कहो तो मैं भी अपना दुख कहूं तब प्रभावती की सखी बोली कि स्वामी तो परदेश है यह जोबन रस रंग जाको चाहलगी हिये सो दुर्लभ सखी संग॥ श्लोक॥ स्त्रकजनागंरागलज्जाकररुह परवसोजया प्रिय सह विषय मपिमां मरणां शरणं वरं॥१॥ इससे मरण भला है ऐसा सखी बोली कि इस मन वसंतु

अपना दुख बयान कर दूती बोली कि इस समें बसंत ऋतु हैं और तू नवयोवना है तुझे देखे मुझे बडा दुख लगता है इस से अगर मेरा कहना माने तो एक बात कहूं तब प्रभावती बोली जो तेरे मन में बसता है उसे मैं जानती हूं राजा के प्रधान का बेटा विजयसेन तेरे मन में बसता है मालन ने कहा जो कहे तो तुझे मैं उस से मिला दूं प्रभावती ने कहा मुझे अगर उससे मिला दे तो तुझे बहुत सा द्रव्य दूं मालन बोली जहां पर तू कहे वहां उसे ले आऊं तब प्रभावती बोली अरी मालन तू विजयसेन के पास जा कर यह कह आज पहर रात गये सिंगार कर शहर बाहर एक शिवालय है तू वहां आइयो और मैं भी वहां चलोंगी ऐसा संकेत बाको तुम कहना तब दूती प्रसन्न हुई और प्रभावती ने उसे पांच मुहरें दीं वह लेकर विजयसेन के पास आई और कहने लगी कि आज प्रभावती को प्रबोधा है और उसने कहा है कि पश्चिम तर्फ एक देवल है और वहां सुनसान है वहां उसे लाऊंगी अब तू अपना मनोरथ पूरा कर यह बात सुनते ही बहुत खुश हुआ अपने गले की मोतियों की माला उतार के मोहनी को दी तब उसने कहा मैं तो काम कर आई परंतु इसमें बहुत से विघ्न हैं देर मत करो क्योंकि उस के यहां दासी शुक मैना बहुत हैं लेकिन मैं जहां तक बनेगा तेरी मुलाकात कराउंगी ऐसा कह दूती फिर प्रभावती के पास आई देखे तो नख सिख से सिंगार किये बैठी है पान खाये शोभा की रासि बन गई है और कह रही है कब मोहनी आवे और कब मैं मिलने जाऊं मोहनी को देखते ही आनंद हुई कि जो चाहती थी सो बात हुई इतने में देख कर प्रभावती बोली हे मालन आई मैं तेरी बाट देखती थी मालन बोली मैं तो तेरी दासी हूं तेरा हुकम बजाया ले चल अब देर

मत कर इतना सुन पर पुरुष से विलास करने चली और दूती का हाथ पकड़ लिया और चौक में आई और चाहे कि जावे तव सारिका बोली कि प्रभावती तू कहां जाती है यह तो दूती है इसका नाक कान काटना चाहिये और पर पुरुष के पास जाना न चाहिये मदनसेन तुझे क्या कहेगा और हम से क्या कह गया था तू भूल गई और मैं मदनसेन के आने पर समझूंगी तुझे उस से छुड़वा दूंगी वह आंदी अपनी ओर कर लेगा उस वक्त तुझे बहुत रंज होवेगा इससे तू मेरी नसीहत मान तू बड़े घर की बहू बेटी है इतनी सुन प्रभावती बोली अरे ये रांड कम अकल तू मुझे क्या सिखावती है देख सुक तो नहीं बोला तू मरा चाहती है तव मैना बोली मैं तेरी विहतरी की कहती हूं और सच कहती हूं मैं तुझे जाने न दूंगी तव तो प्रभावती को गुस्सा आया पिंजरे में हाथ डाल मैना को पकड़ मार डाला तब चली तो कुत्ता ने कान फड़फड़ाया उसे भी लात मारी इतने में बिलाई आ पड़ी उसे भी लात मारी तव प्रभावती क्रोध किया शकुन अच्छा नहीं हुआ उस वक्त सुक को चिंता भई कि अगर मैं बोलता हूं तो सारो की गति होगी और जो नहीं बोलता तो प्रभावती निहायत काम के आसक्त हुई मद करके अंधी हो रही है इसे आगा पीछा दिखाई नहीं देता। श्लो०। नैव पश्यति जन्मांधो कामांधो नैव पश्यति। नैव पश्यन्मदोन्मत्तो ह्यर्थी दोषो न पश्यति।१। इससे प्रभावती कामांध हुई है किस तरह समझे ऐसे मन में चिंता करने लगा और जो न कहूं तो वचन मेरा जाता है तिस से ऐसा करो जिस में न जाय और मेरी बात भी रहे और मुझे मार भी न डाले और दूती को भी खुश करतो गंधर्व। श्लो०। उपपन्नेषु कार्येषु बुद्धिरेव गरीयसी बुद्धि हीन विनश्यंति यथा ते सिंह कारकः।१। उपपन्नेषु कार्येषु बुद्धि ही

